खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :20°C
न्यूनतम : 08°C

हल्द्वानी, शनिवार 31 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 156 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में नगर निगम कर्मी बनेंगे 'आपदा मित्र', मिलेगा 12 दिवसीय प्रशिक्षण पेज 2



ईशारानी बरुआ थाईलैंड मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में खेल टाइम्स



क्या उप्र के मुसलमान एआईएमआईएम के राजनीतिक नारों का समर्थन करेंगे सम्पादकीय



ट्रम्प को ईरान का अल्टीमेटम, हमारे 1000 ड्रोन तैयार पेज 12

# यूपी के मंत्री अब 50 करोड़ तक कर सकेंगे खर्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक तेज, सरल और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब विभागीय मंत्री स्तर पर 50 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति दी जा सकेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को वित्त विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में राज्य की राजकोषीय स्थिति, बजट प्रबंधन, पूंजीगत व्यय, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, डिजिटल वित्तीय सुधार, कोषागार और पेंशन प्रणाली सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि 50 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को वित्त मंत्री की मंजूरी मिलेगी, जबकि 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य होगी। इससे विकास परियोजनाओं को समय पर मंजूरी मिल सकेगी और कार्यों की गति तेज होगी। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना हर हाल में 15 अप्रैल तक स्वीकृत करा लें। समय सीमा का पालन न करने वाले विभागों की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी परियोजना की लागत में 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होती है, तो संबंधित विभाग को कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को -**शेष पृष्ठ दो पर**

**150 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य होगी**

**आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय का हर माह तय तिथि पर भुगतान सुनिश्चित हो: सीएम**



## पूर्व विधायक इरफान सोलंकी पर चलेगा गैंगस्टर का मुकदमा

**प्रयागराज।** कानपुर के पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। गैंगस्टर के तहत दर्ज मुकदमे की कार्रवाई रद्द करने की मांग को लेकर दायर अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जनवरी को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकल पीठ ने दिया है। जाजमऊ थाने में दिसम्बर 2022 को इरफान पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी समन आदेश सहित पूरी कार्रवाई को रद्द करने की मांग में इरफान ने हाईकोर्ट में अर्जी दायर की थी।

# सोना और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट दिखी है। खासकर चांदी तो एक ही दिन में करीब 66 हजार रुपये सस्ती हो गई, जो अब तक का इतिहास है। सोना भी 1100 रुपये टूटा, इतिहास की बड़ी गिरावट दिख रही है।

सोने-चांदी की आसमान छूती कीमतें शुक्रवार को अचानक जमीन पर लैंड कर गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शुक्रवार को चांदी का वायदा भाव करीब 66 हजार रुपये सस्ता हो गया। एक समय 4 लाख के पार जाती दिख रही चांदी की कीमत अचानक 3.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास पहुंच गई। एमसीएक्स पर शुक्रवार को सोने की कीमत भी करीब 7 फीसदी टूटकर 1.58 लाख रुपये के आसपास पहुंच गई है। एमसीएक्स पर एक दिन पहले ही चांदी 4 लाख के बेहद करीब पहुंच गई थी, लेकिन शुक्रवार सुबह से ही सोने और चांदी की कीमत पर दबाव दिख रहा था।

■ **चांदी 66000 व सोना भी 11000 रुपये टूटा**

# स्कूलों में मुफ्त मिले सैनेटरी पैड

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: स्कूलों में लड़के-लड़कियों के अलग-अलग टॉयलेट हों

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **आदेश न मानने पर स्कूल की मान्यता रद्द होगी**

■ **दिव्यांगों के अनुकूल डिसेबल फ्रेंडली टॉयलेट बनाएं सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश: शीर्ष अदालत**

■ **सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से चल रही थी सुनवाई**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सैनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाने होंगे, जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनकी मान्यता रद्द की जाएगी।

इसके साथ ही कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएं। केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने शुक्रवार को सिर्फ फैसला सुनाया है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में एक जनहित याचिका लगाई थी। उनकी मांग थी कि मेन्स्ट्रुयल हाइजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए। कोर्ट ने कहा कि अगर स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 (बराबरी का अधिकार) का उल्लंघन है। अगर लड़कियों को सैनेटरी पैड नहीं मिलते तो वे लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई और गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं। मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) का हिस्सा है। अगर लड़कियों को उचित सुविधा नहीं मिलती, तो उनकी गरिमा और निजता प्रभावित होती है। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े लोगों के लिए नहीं है। यह उन क्लासरूम के लिए भी है, जहां लड़कियां मदद मांगने में झिझकती हैं। यह उन टीचर्स के लिए है, जो मदद करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बंधे हुए हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो शायद यह नहीं समझ पाते कि उनकी चुप्पी का क्या असर पड़ता है। यह समाज के लिए भी है, ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम अपने सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। हम हर उस बच्ची तक यह संदेश पहुंचाना चाहते हैं, जो स्कूल में अनुपस्थिति की शिकार बनी, क्योंकि उसके शरीर को बोझ की तरह देखा गया, जबकि इसमें उसकी कोई गलती नहीं है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करके लड़कियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई थी। याचिका में बताया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों के कारण कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं होते। उन दिनों (मासिक धर्म के दिनों में) कपड़ा यूज करके स्कूल जाना परेशानी का कारण बनता है। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए फ्री पैड की सुविधा नहीं है। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इतना ही नहीं, स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोजल करने की सुविधा भी नहीं है, इस वजह से भी लड़कियां पीरियड्स में स्कूल नहीं जा पातीं।

# लखनऊ में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, सवार थे 275 यात्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब जा रहे एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के कुछ समय बाद विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। सूत्रों के मुताबिक, जब विमान मुंबई के पास पहुंचा, तब केबिन प्रेशर में समस्या आ गई।

इसके चलते कुछ यात्रियों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। हालात देखते हुए पायलट ने पहले मुंबई एयरपोर्ट से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी, लेकिन वहां से परमिशन नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। लखनऊ से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मिलते ही विमान वापस लौट आया। करीब 82 मिनट में विमान सुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। खराबी दूर होने पर विमान जेद्दा के लिए रवाना हो गया। यह विमान सऊदिया अरबिया एयरलाइंस का था। फ्लाइट नंबर एसवी-891 जेद्दा जा रही थी। विमान में 275 यात्री, 4 पायलट और 6 क्रू मेंबर सवार हैं। जानकारी के मुताबिक, विमान का तय समय दोपहर 12:05 बजे था, लेकिन यह 12:23 बजे उड़ान भर सका। दोपहर -**शेष पृष्ठ दो पर**

■ **सऊदी जाते वक्त तकनीकी खराबी आई**





## भारत व बांग्लादेश ने 151 मछुआरों को भेजा वापस

**नई दिल्ली/ढाका।** भारत और बांग्लादेश ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को अनजाने में पार कर चुके मछुआरों की पारस्परिक रिहाई और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया पूरी की। अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्ष इसे समुद्री सीमा संबंधी लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों के मानवीय समाधान के रूप में देखते हैं।

# कश्मीर के सोनमर्ग में पारा -11.2 डिग्री

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के कारण भीषण सर्दी पड़ रही है। अधिकांश जगहों पर गुरुवार रात में न्यूनतम तापमान जीरो डिग्री से नीचे चला गया।

सोनमर्ग सबसे ठंडी जगह रही। यहां पारा माइनस 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गुलमर्ग में -9 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में -3.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इधर, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। एमपी के ग्वालियर में भिंड रोड हाईवे पर कोहरे के कारण एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार सवार सभी 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 महिलाएं और 2 पुरुष थे। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में नेशनल हाईवे- 58 पर 5 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 6 से ज्यादा लोग घायल हैं।

### दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में ठंड जारी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को ठंडा मौसम रहा तथा सुबह आसमान में बादल छाए रहे एवं हल्की से मध्यम धुंध छाई रही। मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार का अधिकतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद थी और सुबह का न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। गुरुग्राम में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है।

# अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा होंगी महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम

**मुंबई/पुणे, वार्ता**



■ **सीएम फडनवीस ने जताई सहमति, एनसीपी नेता फडनवीस से मिले**

**अजित पवार** की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बन सकती हैं। पार्टी के नेता छगन भुजबल ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी के विधायक दल की बैठक शनिवार को (आज) होगी।

सुनेत्रा के नाम पर चर्चा हो रही है। सूत्रों के अनुसार सीएम फडनवीस ने इस पर सहमति जताई है। अगर शनिवार को कोई फैसला होता है, तो शपथ ग्रहण समारोह कल ही होगा। अजित की प्लेन क्रैश में मौत के बाद उप मुख्यमंत्री पद खाली हो गया है। यह पद पत्नी को दिए जाने, एनसीपी के दोनों गुट के विलय और विभागों के बंटवारे को लेकर अटकलें जारी हैं। इन्हीं मांगों को लेकर शुक्रवार को एनसीपी के नेता सीएम देवेंद्र फडनवीस से मिलने उनके घर वर्षा बंगले पहुंचे। इसमें प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, सुनील तटकरे शामिल हुए। मीटिंग आधे घंटे तक चली। महाराष्ट्र सरकार में अजित के पास वित्त, आबकारी और खेल विभाग के साथ-साथ डिप्टी चीफ मिनिस्टर का पद भी था। एनसीपी नेताओं में इस बात पर चर्चा चल रही है कि ये विभाग और पार्टी की नेशनल लीडरशिप किसे दी जाए। यह दावा भी किया जा रहा है कि अजित पवार एनसीपी के दोनों गुट के जिस मर्जर पर बातचीत कर रहे थे, उस पर आखिरी फैसला शरद पवार लेंगे। अजित की 28 जनवरी को बारामती में एक प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि श्रद्धेय 'बापू' का सत्यनिष्ठ आचरण, अहिसा की उनकी अडिग साधना और मानवता के प्रति उनकी अनन्य करुणा न केवल भारत, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए सदैव प्रेरणाोत बनी रहेगी। महात्मा गांधी के विचारों ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और आज भी उनके सिद्धांत समाज को सही मार्ग दिखाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और एक समृद्ध, न्यायपूर्ण व विक. सित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### पुलिस को जिंदा जलाने की थी साजिश

**बरेली( ब्यूरो )।** कानपुर के आई लव मोहम्मद पोस्टर की आड़ में मौलाना तौकीर रजा ने बरेली में उपद्रव कराया था। उसके कहने पर आई भीड़ ने पुलिस पर हमला किया। पुलिस का वायरलेस, एंटी राइट गन आदि को भी लूटकर दंगाई फरार हो गए थे। इसके अलावा पुलिस पर पेट्रोल बम के साथ-साथ एसिड की बोतलें भी फेंकी गई। इस बात का खुलासा पुलिस ने करते हुए बताया कि पुलिस को जिंदा जलाने की साजिश रची गई थी। फारेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) में भी इसकी पुष्टि हो चुकी है। श्यामगंज में हुए बवाल के दौरान फेंकी गई बोतलों को जब लैब भेजा गया, तो उसमें एसिड पाया गया। पुलिस इस रिपोर्ट को अपनी विवेचना में शामिल करेगी।

## नगर निगम कर्मी बनेंगे 'आपदा मित्र' मिलेगा 12 दिवसीय प्रशिक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नोयडा में एक इंजीनियर की गड्ढे में डूबने से हुई मौत के बाद राज्य आपदा प्रबन्धन पर बड़े सवाल खड़े हुए थे। इस बीच अब सरकार ने इसको लेकर बड़ा कदम उठाया है।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राज्य के नगर निगम क्षेत्रों में आपदा से होने वाले नुकसान को कम करने और त्वरित राहत सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम कर्मियों को 'आपदा मित्र' के रूप में प्रशिक्षित करेगा। अधिकारियों के अनुसार यह प्रशिक्षण जिला स्तर पर दिया जाएगा, जिससे शहरी क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की क्षमता मजबूत हो सके। प्रदेश के राहत आयुक्त ऋषिकेश भास्कर ने बताया कि नगर निगम कर्मियों को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित कर आपदा प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियों के कुशल संच. ालन में लगाया जाएगा। प्रशिक्षित कर्मी किसी भी आपातकाल या आपदा की स्थिति में फर्स्ट रिस्पॉन्डर के तौर पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराएंगे और शहरी समुदाय को आपदा प्रबंधन के प्रति सशक्त बनाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन द्वारा 17 नगर निगमों के कुल 1,700 कर्मियों को 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक नगर निगम से 100-100 कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया है।

## उत्तर प्रदेश में बारिश व ओलावृष्टि ने बढ़ाई ठिठुरन, तापमान गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सरसों-आलू की फसल पर आफत
■ किसी बड़े नुकसान की संभावना नहीं: कृषि विभाग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में छिटपुट वर्षा और ओलावृष्टि ने ठंड में इजाफा किया है, जबकि बेमौसम वर्षा से सरसों और आलू किसानों की चिता बढ़ा दी ह। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहने और बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

किसानों ने आशंका जताई है कि यदि असमय बारिश का सिल. सिला जारी रहा, तो नुकसान और बढ़ सकता है तथा लागत निक. ालना कठिन हो जाएगा। वहीं कृषि विभाग ने किसी बड़े नुकसान की संभावना से इनकार किया है। मौसम विभाग के अनुसार संभल जिले में सर्वाधिक 32.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। राजधानी लखनऊ में इस दौरान 6.9 मिमी बारिश हुई। अधिकतम तापमान गिरकर 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि की भी सूचना है, जिनमें बरेली शामिल है। दोनों मौसमीय उपखंडों में तेज़ हवाएं चलीं। आगरा में अधिकतम 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में घना कोहरा भी देखा गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार लखनऊ में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाया रह सकता है, जबकि दिन में आसमान मुख्यत: साफ रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 23 और 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है, हालांकि कुछ स्थानों पर घना को. हरा पड़ने की प्रबल संभावना है। प्रदेश में हरदोई का दिन सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि प्रयागराज में रात का तापमान सबसे अधिक 15.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर असमय हुई बारिश से प्रदेश के कई जिलों में किसानों की चिंता बढ़ गई है। सरसों, आलू और मटर की फसलों को नुकसान पहुंचा है।

### गेहूं की फसल के लिए लाभकारी साबित हुई बारिश

रिपोर्टों के अनुसार मंगलवार रात से रुक-रुक कर हुई बारिश ने फूल अवस्था में खड़ी सरसों की फसल को प्रभावित किया है, जिससे दानों के सही विकास पर असर पड़ने और उत्पादन घटने की आशंका है। अधिक नमी के कारण आलू और मटर की फसल भी प्रभावित हुई है। गेहूं की फसल के लिए यह बारिश लाभकारी साबित हुई है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय मिली नमी से गेहूं की बढ़वार और उत्पादकता में सुधार होगा। कृषि निदेशक पंकज त्रिपाठी ने कहा कि प्रारंभिक आकलन में फसलों को किसी बड़े नुकसान के संकेत नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि ये बारिश व्यापक जरूर रही, लेकिन इतनी तेज नहीं थी कि फसलों को गंभीर नुकसान पहुंचा सके। बल्कि यह गेहूं की फसल के लिए अमृत समान है, जिसे इस समय नमी की आवश्यकता होती है। जिसके कारण गेहूं के फसल के लिए फायदेमंद है।

### शहीद दिवस पर कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम

## सरकार की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे

नई दिल्ली, वार्ता




■ पुलिस ने कई नेताओं को हिरासत में लिया 28 फरवरी तक चलेगा संग्राम

कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय से बापू के शहीद स्थल 30 जनवरी मार्ग तक मार्च करते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम (मनरेगा) बचाओ संग्राम के तहत मार्च निकाला जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस ने कहा है कि मनरेगा ग्रामीण भारत की आत्मा में बसा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लाख को. शिशों के बाद भी उसे मिटा नहीं सकती। पार्टी का कहना है कि उसके कार्यकर्ता इसके खिलाफ अपनी पूरी ताकत लगा देंगे और सरकार की इस साजिश को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने मनरेगा के समर्थन में हाथों तख्तियां और मनरेगा बचाओ संग्राम लिखे बैनर लेकर प्रदर्शन करते हुए 'मनरेगा चोर-गद्दी छोड़, मनरेगा गर जाएगा बाजार सुस्त हो जाएगा, हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता अजय माकन, जयराम रमेश, राजीव गौड़ा, पवन खेड़ा, उदित राज, देवेंद्र यादव, कर्नल रोहित चौधरी सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। बाद में पुलिस ने कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। गौरतलब है कि कांग्रेस हाल ही में बनाए गए नए वीबी जीराम जी अधिनियम को समाप्त कर मनरेगा की बहाली की मांग कर रही है और इसके लिए देशव्यापी विरोध के तहत उसने मनरेगा बचाओ संग्राम शुरु किया है। कांग्रेस का देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम 10 जनवरी से शुरु हुआ और 28 फरवरी तक चलेगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा ष्यह दिल्ली में मनरेगा बचाओ संग्राम की झलक है। मोदी सरकार ने बुलडोजर चलाकर मनरेगा अधिनियम को रद्द कर दिया। मनरेगा ऐतिहासिक और क्रांतिकारी अधिनियम था, जो सितम्बर 2005 को सर्वसम्मति से पारित हुआ था। इस अधिनियम को बनाने में पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी, राहुल गांधी का महत्वपूर्ण योगदान था। मनरेगा कानून संवैधानिक हक था, लोगों के पास रोजगार की कानूनी गारंटी थी। इस कानून से पंचायतें मजबूत हुईं। हर परिवार को पहली बार प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पैसा पहुंचाया गया। लेकिन ये कानून रद्द कर दिया गया, क्योंकि नरेंद्र मोदी नहीं चाहते हैं कि महात्मा गांधी जी से जुड़ा हुआ ये कानून ज्यादा समय तक चले। वो नहीं चाहते हैं कि लोगों को उनका हक मिले। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मनरेगा की लड़ाई देश के आम गरीब नागरिकों के रोजगार और हक की लड़ाई है, जिसे कांग्रेस पूरे देश में लड़ रही है।

### नाइंसाफ़ी भाजपा सरकार की पहचान बन चुकी है: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा है कि बुलडोज़र अब विकास नहीं, बल्कि नकारात्मक और विध्वंसकारी सोच का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने सवाल किया कि क्या 'भेदकारी भाजपा' के पास कोई ऐसा बुलडोज़र भी है, जो लोगों के टूटे घर बना दे और उनके मान-सम्मान की छत दोबारा खड़ी कर दे। यादव न शुक्रवार को एक्स पर लिखा सत्ताधीश अपने ऊपर लगे मुकदमे तो हटवा सकते हैं, लेकिन जो अन्याय और पाप किए गए हैं, उनका हिसाब ऊपर वाले की अदालत में लिखा जा रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इतना अन्याय करके कोई चैन की नींद कैसे सो सकता है।

## गोमाता को 40 दिनों में राज्यमाता का दर्जा दें योगी

वाराणसी, वार्ता

■ शंकराचार्य ने सीएम से मांगा हिंदू होने का प्रमाण पत्र

ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शुक्रवार को कहा कि योगी सरकार को गोमाता की रक्षा के लिए अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए 40 दिनों का समय दिया जा रहा है। यदि इस अवधि में गोमाता को 'राज्यमाता' का दर्जा नहीं दिया गया और गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो परिणाम गंभीर होंगे।

शंकराचार्य ने कहा कि जो सरकार गोवंश की रक्षा नहीं कर सकती, उसे हिदू कहलाने का कोई अधिकार नहीं है। विशेष रूप से उस योगी को तो बिल्कुल नहीं, जो गुरु गोरक्षनाथ की पवित्र गद्दी का महंत होने का दावा करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी से कहा कि हमसे आपने हमारा प्रमाण-पत्र मांग लिया था, हमने सहज भाव से दे दिया, क्योंकि सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता। अब समय आपके 'हिंदू' होने का प्रमाण देने का है। सनातनी समाज अब आपसे आपके हिंदू होने का साक्ष्य मांगता है। हिदू होना केवल भाषणों या भगवा वस्त्र तक सीमित नहीं है,इसकी कसौटी गो-सेवा और धर्म-रक्षा है। शंक. राचार्य ने दो स्पष्ट शर्तें रखीं: गोमाता को 'राज्यमाता' का आधिकारिक दर्जा दिया जाए, जैसा महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में देशी गायों के लिए किया है और नेपाल में गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा प्राप्त है। इसके अलावा गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का शासनादेश जारी किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी, यदि 40 दिनों में ये मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 10-11 मार्च को लखनऊ की पावन धरा पर संपूर्ण संत समाज का समागम होगा। उसमें सरकार को 'नकली हिंदू' और 'छद्म हिंदू' घोषित किया जाएगा।



सेंसेक्स 82269.78
निफ्टी 25365.65



सोना रु. 158000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 334000
प्रति किलो



## तेजी के बाद गिरावट में बंद हुए बाजार

मुंबई, वार्ता



एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार तीन दिन की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 296.59 अंक (0.36' गिरकर 82,269.78 अंक पर रहा। सुबह 619 अंक नीचे खुलने के बाद सूचकांक पूरे दिन लाल निशान में रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 98.25 अंक टूटकर 25,320.65 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों में भी बिकवाली का जोर रहा, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.26 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.32 प्रतिशत मजबूत हुआ। निफ्टी धातु सूचकांक में 5.21 प्रतिशत की जबरदस्त गिरावट रही। आईटी, वित्तीय सेवाओं और निजी बैंकिंग समूहों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। एफएमसीजी, रियलटी, ऑटो, मीडिया, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांकों में भी मजबूती रही। सेंसेक्स में टाटा स्टील का शेयर साढ़े चार प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर दो प्रतिशत नीचे बंद हुआ। पावरग्रिड, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर एक से दो प्रतिशत की गिरावट में रहे। कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, एनटीपीसी, इटरनल, इंडिगो और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सवा फीसदी से अधिक चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी और बीईएल के शेयर एक फीसदी से अधिक मजबूत हुए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 709 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 8.053 अरब डॉलर की बड़ी वृद्धि के साथ 709.413 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। पिछले सप्ताह यह 14.167 अरब डॉलर बढ़ा था। इस तरह दो सप्ताह में ही इसमें 22.22 अरब डॉलर का उछाल आ चुका है। विदेशी मुद्रा भंडार का पिछला उच्चतम स्तर 27 सितम्बर 2024 को 704.885 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार में 5.635 अरब डॉलर का उछाल आया और यह 123.088 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सोने की कीमतों में लगातार तेजी से स्वर्ण भंडार बढ़ रहा है।

## कानपुर में बसाए जाएंगे बांग्लादेशी हिंदू, मिली मंजूरी

**लखनऊ।** उप्र कैबिनेट ने मेरठ के 99 बांग्लादेशी हिंदू परिवारों को कानपुर में पुनर्वासित करने की मंजूरी दे दी है। ये परिवार 40-50 सालों से मेरठ में रह रहे हैं और अब कानपुर में बसने के लिए एक एकड़ जमीन व रोजगार की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिली है, जिससे उनके भविष्य की नई राह खुलेगी। इस संबंध में विधायक और यूपी सरकार में मंत्री दिनेश खटीक ने सरकार को प्रस्ताव भेजा था। इसमें इन बंगाली परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करने की बात कही गई थी। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई। मेरठ में मवाना के नगला गोसाई में 40-50 सालों से रह रहे इन बंगाली हिंदू परिवार के लोगों ने अपने पुनर्वास के लिए सरकार से कानपुर में एकड़ जमीन की मांग की थी। इसके साथ ही अपने गुजारे के लिए रोजगार की भी मांग की थी। सरकार ने उनकी मांगों पर सहमति जताते हुए इस संबंध में उचित प्रबंधन करने का आश्वासन दिया है। इन बंगाली परिवार के लोगों ने बताया कि उनका बचपन मेरठ के पास हस्तिनापुर में बीता है। वहीं पर वह 40 से 50 सालों से रहते आ रहे हैं। इन बांग्लादेशी हिंदू परिवारों ने सीएम योगी से हस्तिनापुर में ही रहने देने की गुहार की थी। अपनी बसावट के लिए इन परिवारों ने एक एकड़ जमीन की मांग की थी, चूंकि सरकार ने इनका पुर्नवास कानपुर में करने का फरमान सुनाया था।

## केंद्र का राजकोषीय घाटा दिसम्बर तक बजट अनुमान के 55 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्र सरकार का रोजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में दिसम्बर 2025 तक बजट अनुमान के 55 प्रतिशत पर रहा। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि अप्रैल-दिसम्बर 2025 की अवधि में केंद्र सरकार की कुल राजस्व प्राप्ति 25,25,156 करोड़ रुपये रही, जो बजट अनुमान का 72-2 प्रतिशत है।

इस दौरान कुल व्यय 33,80,998 करोड़ रुपये रहा, जो बजट अनुमान का 66.7 प्रतिशत है। इस प्रकार, राजकोषीय घाटा 8,5,842 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। यह बजट अनुमान का 54.55 प्रतिशत है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में 15,68,936 करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे का अनुमान व्यक्त किया था। कुल प्राप्तियों में 19,39,254 करोड़ रुपये का कर राजस्व, 5,39,855 करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 46,047 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

इस अवधि के दौरान केंद्र द्वारा राज्य सरकारों को करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में 10,38,164 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इस अवधि की तुलना में 1,37,014 करोड़ रुपये अधिक है। कुल व्यय में 25,93,063 करोड़ रुपये राजस्व मद पर और 7,87,935 करोड़ रुपये पूंजी मद पर खर्च किए गए हैं। कुल राजस्व व्यय में 9,11,059 करोड़ रुपये ब्याज भुगतान के मद में और 3,17,490 करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडियों के मद में खर्च हुए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी के मंत्री....** सुदृढ़, पारदर्शी और परिणामोन्मुख वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए सभी विभागों को समयबद्धता, गुणवत्ता और डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य गारंटी नीति लागू करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे अल्प-वेतनभोगी कर्मियों के मानदेय को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उन्हें हर माह तय तिथि पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

केंद्रांश की प्रतीक्षा किए बिना राज्य सरकार अपने स्तर से मानदेय जारी करे, ताकि किसी भी कर्मी को आर्थिक कठिनाई न हो। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश ने 1.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय किया, जो देश में सर्वाधिक है। कुल व्यय का 9.39 प्रतिशत निवेश पर खर्च कर उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राज्य के राजकोषीय घाटा, राजस्व घाटा और ऋण- जीएसडीपी अनुपात एफआरबीएम मानकों के अनुरूप रहे हैं। वर्ष 2024-25 में राज्य की कुल देयताएं घटकर जीएसडीपी के 27 प्रतिशत पर आ गई हैं। शासकीय भवनों के अनुरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण की तर्ज पर सभी नए भवनों में पांच वर्ष की भुगतान-आधारित अनुरक्षण व्यवस्था अनिवार्य की जाए। पुराने भवनों के अनुरक्षण के लिए कॉर्पस फंड बनाने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क, भवन, सेतु, सीवर लाइन और जलापूर्ति जैसी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट आईआईटी, एनआईटी और अन्य सरकारी तकनीकी संस्थानों से कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने वित्तीय अनुशासन, पूंजीगत व्यय और राजस्व वृद्धि में देश में नया मानक स्थापित किया है। अब सरकार का लक्ष्य खर्च की गुणवत्ता और डिजिटल पारदर्शिता को और मजबूत करते हुए प्रदेश को देश का सबसे सक्षम और विश्वसनीय वित्तीय प्रशासन वाला राज्य बनाना है।

**लखनऊ में...** करीब 1:45 बजे विमान को बीच रास्ते से वापस लाना पड़ा। यात्रियों को विमान से उतारा नहीं गया। इंजीनियरों ने तकनीकी खराबी दूर कर दी। विमान शाम 4:20 बजे जेद्दा के लिए रवाना हुआ। विमान में केबिन प्रेशर आर्टिफिशियल एयर प्रेशर है, जिसे हवाई जहाज के अंदर बनाए रखा जाता है। इससे जब विमान 30,000 से 40,000 फीट की ऊंचाई पर होता है, तब भी लोगों को सांस लेने में दिक्कत नहीं होती। केबिन प्रेशर उस ऊंचाई में भी 6,000-8,000 फीट की ऊंचाई के बराबर वाला एयर प्रेशर बनाकर रखता है। इससे यात्री आसानी से सांस लेते रहते हैं। 15 जुलाई, 2025 को सऊदिया अरबिया एयरलाइंस के ही विमान में लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान खराबी आ गई थी। पहियों के पास से चिंगारी निकलने लगी थी। फ्लाइट एसवी-3112 की लैंडिंग के दौरान पहिए से चिंगारी और धुआं निकलने लगा। पायलट ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए विमान को रोक दिया। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचना दी। इस दौरान विमान में 242 हजयात्री बैठे हुए थे।

## विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ जनता में पनपे असंतोष का आकलन करने के लिए विधायकों की परफॉर्मेंस पर होगा दूसरा चरण का सर्वे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी विधायकों और संभावित प्रत्याशियों की जमीनी परफॉर्मेंस और मणिकर्णिका घाट, प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और यूजीसी बिल के बाद जनता में पनपे असंतोष का आकलन करने के लिए दूसरे चरण का सर्वे जल्द शुरू करने जा रही है।

सूत्रों के अनुसार यह नया सर्वे फरवरी के दूसरे-तीसरे सप्ताह से शुरू होगा। खास बात यह है कि दूसरे चरण का सर्वे पहले से अलग एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा, जबकि पहले चरण की सर्वे रिपोर्ट पहले ही पार्टी नेतृत्व के पास मौजूद है। दोनों एजेंसियों की रिपोर्ट का आपस में मिलान कर निष्कर्ष निकाले जाएंगे, ताकि किसी भी तरह के पक्षपात की गुंजाइश न रहे। इसी उद्देश्य से भाजपा ने 'दोहरा सर्वे मॉडल' अपनाया है। भाजपा इस सर्वे के तहत प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों का आकलन कराएगी। इसके साथ ही सहयोगी दलों की सीटें भी सर्वे में शामिल होंगी। रालोद, सुभासपा, अपना दल (एस) और निषाद पार्टी के प्रभाव वाली विधानसभा सीटों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। सर्वे के दौरान केवल विधायकों तक सीमित न रहकर जिलों में छोटे स्तर के पदाधिकारियों से भी फीडबैक लिया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं से बातचीत, सार्वजनिक स्थानों पर आम जनता से संवाद और विभिन्न वर्गों से रायशुमारी की जाएगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सर्वे में विधायकों और संभावित उम्मीदवारों की छवि, जनसंपर्क, कार्यशैली और लोकप्रियता का विस्तृत आकलन किया जाएगा। युवा, महिलाएं, व्यापारी, डॉक्टर और शिक्षक जैसे प्रमुख वर्गों से फीडबैक लेकर संगठन और चुनावी रणनीति को और धार देने की तैयारी है। भाजपा नेतृत्व इस सर्वे के जरिये जमीनी हकीकत समझकर समय रहते जरूरी बदलाव करने के मूड में है, ताकि 2027 के चुनाव में पार्टी को मजबूत स्थिति में रखा जा सके। सूत्रों की मानें तो 400 से ज्यादा सर्वे एजेंट विधानसभा चुनावों के लिए काम करेंगे। सर्वे एजेंट में दिल्ली यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस के छात्र, आईआईएम लखनऊ और आईआईटी कानपुर के छात्र शामिल हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी ने बताया कि प्रोफेशनल्स के ज़रिए सर्वे कराने से उम्मीदवार, इलाके, सामाजिक समीकरण, अंदरूनी विरोध और दूसरे मामलों से जुड़े मुद्दों की गहराई को समझने में मदद मिलती है। पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण के सर्वे के विभिन्न मुद्दों को भी शामिल किया जाएगा। मणिकर्णिका घाट पर हुई कथित तोड़फोड़ को लेकर उठे विवाद, प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरा नंद का सरकार का विरोध और हालिया यूजीसी विवाद को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के खिलाफ़ समान्य वर्ग में पैदा हुए असंतोष की वजह से होने वाले संभावित नुक़सान का आकलन भी किया जाएगा।

### मंत्री के काफिले को विधायक ने रास्ते में रोका, बवाल

**महोबा।** जिले के कई गांवों में पानी नहीं पहुंचा रहा है, बीजेपी विधायक इस मुद्दों को लेकर लंबे समय से नाराज चल रहे हैं। इस बीच जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एक कार्यक्रम में यहां पहुंचे, तो बवाल मचा गया। नाराज विधायक और मंत्री में तीखी नोकझोंक हुई और दोनों के समर्थक आमने-सामने आ गए। महोबा जिले में पानी और सड़क की समस्याओं को लेकर बीजेपी विधायक गुड्डू राजपूत लंबे समय से नाराज थे। शुक्रवार को यूपी के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह यहां एक कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान विधायक के समर्थकों और मंत्री के समर्थकों के बीच तीखी झड़प हुई और जमकर नारेबाजी की गई, मंत्री और विधायक में भी नोकझोंक हुई। चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत (गुड्डू राजपूत) ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर मंत्री के सामने मुखर हुए। दोनों में काफी देर तक बहस हुई।

# प्रगति पोर्टल करता है केंद्र के प्रमुख कार्यक्रमों की निगरानी: सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रगति पोर्टल भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों की निगरानी करता है और पोर्टल में आई समस्याओं का समाधान भी करता है। जिसकी वजह से विकास की योजनाएं तेजी से धरातल पर उतरती हैं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को भारत सरकार के प्रगति पोर्टल विषय पर पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार (पीआईबी) देहरादून द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान राज्य में चल रही विभिन्न केंद्रीय परियोजनाओं के बारे में पत्रकारों को विस्तृत जानकारी दी। वार्ता के दौरान सीएम धामी ने जानकारी दी कि परियोजनाओं, योजनाओं एवं जन शिकायतों की त्वरित समीक्षा एवं समाधान के लिए पोर्टल- प्रो एक्टिव एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन




■ भारत सरकार के प्रगति पोर्टल विषय पर पीआईबी देहरादून की आयोजित पत्रकार वार्ता को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

बनाया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विभिन्न योजनाएं जो देश के अंदर संचालित होती हैं, उनकी समीक्षा के लिए प्रगति पोर्टल डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत लॉन्च किया गया था।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि 2014 के बाद से देश में इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन, रेलवे, आईटी, स्वास्थ्य सेवा, हवाई सेवा की योजनाएं तेजी से आगे बढ़ी हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मौजूदा समय में उत्तराखंड में 3.50 लाख करोड़ रुपये के कुल निवेश वाली 42 परियोजनाओं की निगरानी की जा रही है, इनमें से 1.22 लाख करोड़ रुपये के 15 हाई-वैल्यू प्रोजेक्ट्स का रिव्यू प्रगति मैकेनिज्म के तहत किया जा रहा है। इस अवसर पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी भी मौजूद रहे।

### दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया

सीएम धामी ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से ऋषिकेश, हरिद्वार, मसूरी, धनोल्टी, देहरादून आने वाले सभी देश-दुनिया के पर्यटक लाभान्वित होंगे। जल विद्युत परियोजनाएं जो राज्य की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है उन सभी पर तेजी से काम चल रहा है। जिनकी समीक्षा प्रतिदिन भारत सरकार के प्रगति पोर्टल के माध्यम से हो रही हैं। आज आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत, डिजिटल इंडिया का सपना साकार हो रहा है जिसमें प्रगति पोर्टल का अहम रोल है।

### राज्यों को विशेष सहायता योजना 2025-26 के तहत उत्तराखंड के लिए 734 करोड़ की अतिरिक्त ऋण राशि

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने 'पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना 2025-26' के तहत उत्तराखंड के लिए 734 करोड़ की अतिरिक्त ऋण राशि और शहरी क्षेत्रों में भूमि सुधार के लिए 25 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस दोहरी सौगात के साथ चालू वित्तीय वर्ष में केंद्र द्वारा उत्तराखंड को राज्यों को विशेष सहायता योजना के अंतर्गत दी गई कुल सहायता अब 1,806.49 करोड़ के प्रभावशाली आंकड़े तक पहुँच गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार जताया।

# चुनाव नहीं, विकास व जनकल्याण है भाजपा की प्राथमिकता: चौहान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस के तमाम आरोप और दुष्प्रचार राजनैतिक एजेंडे के तहत हैं। जबकि भाजपा की प्राथमिकता विकास और जन कल्याण पर आधारित है।

चौहान ने कहा कि अंकिता और सुखवंत दोनों ही प्रकरण में सरकार परिजनों के साथ खड़ी रही है और संवेदनशीलता से परिवार को विश्वास में लेकर उचित कार्रवाई की है। इसी तरह भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई और रोजगार के सृजन में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। विकास के सभी मापदंडों में राज्य शीर्ष स्थान की तरफ अग्रसर है। लेकिन कांग्रेस को सिर्फ चुनाव ही नजर आ रहा है जो कि सीधे तौर पर अवसरवाद है।



■ अंकिता, सुखवंत प्रकरण में सरकार खड़ी रही है पीड़ित परिवारों के साथ

उन्होंने कांग्रेस के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसे विकास, रोजगार, भ्रष्टाचारविहीन शासन जैसे गंभीर और अन्य संवेदनशील मुद्दों पर विपक्ष की नकारत्मक राजनीति बताया। क्योंकि जिन मुद्दों पर कार्रवाई को लेकर कांग्रेस आरोप लगा रही है, वह पूरी तरह बेबुनियाद और सफेद झूठ हैं। कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस की राजनीति झूठ एवं भ्रम फैलाने की रही है। जिसमें प्रमुख रूप से अंकिता प्रकरण में उसके परिजन विपक्ष द्वारा फैलाए भ्रम के माहौल में सीबीआई जांच चाहते थे। उसके मद्देनजर ही परिवार से बात. चीत के आधार कर मुख्यमंत्री धामी ने सीबीआई जांच की संस्तुति की थी। वहीं सभी जानते हैं कि एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही जांच किसी केंद्रीय एजेंसी द्वारा अपने हाथ में ली जाती है। कांग्रेस सरासर झूठ बोल रही है कि पीड़ित परिवार की तहरीर को हटाया गया है। जबकि जांच पुरानी रिपोर्ट के आधार पर ही होगी, जिसने नई एफआईआर कुछ कानूनी पहलुओं के दायरे में जांच को और अधिक प्रभावी बनाएगी। चौहान ने कहा कि सुखवंत सिंह सुसाइड हादसे मे कमिश्नर की अध्यक्षता ने एसआईटी जांच कर रही है। ऐसे में घटना से जुड़ा कोई भी अधिकारी उनसे बड़ा नहीं है।

# रूद्रपुर व पिथौरागढ़ में मेडिकल कॉलेजों को चिकित्सा शिक्षा विभाग को सौंपने के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार शासन के द्वारा राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर और पिथौरागढ के सुचारू संचालन के लिए जिला चिकित्सालय रूद्रपुर तथा पिथौरागढ के जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय को चिकित्सा शिक्षा विभाग को सौंपने के आदेश जारी कर दिए हैं।

सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिन कुर्वे द्वारा इस संबंध में कार्यालय ज्ञाप जारी करते हुए पं. रामसुमेर शुक्ल, राजकीय मेडिकल कालेज, रूद्रपुर के संचालन के लिए जवाहरलाल नेहरू जिला चिकित्सालय रूद्रपुर और राजकीय मेडिकल कालेज, पिथौरागढ के संचालन के लिए बी.डी.पाण्डेय जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय पिथौरागढ

■ जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय के बेहतर संचालन की कवायद

को चिकित्सा शिक्षा विभाग, को हस्तान्तरित किये जाने के आदेश जारी किए हैं। यह चिकित्सालय अभी तक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड के नियंत्रणाधीन थे। शासन के द्वारा जारी आदेशानुसार हस्तांतरण के बाद इन चिकित्सालयों का प्रशासनिक एवं वित्तीय नियंत्रण संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य/निदेशक के अधीन होगा। उक्त चिकित्सालय में एम.सी.आई. के मानकानुसार अवशेष वांछित उपकरणों एवं औषधियों की व्यवस्था चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा की जायेगी। इन चिकित्सालयों में कार्यरत स्टाफ के वेतन का भुगतान एक वर्ष की अवधि के लिए वर्तमान व्यवस्था के अन्तर्गत चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जायेगा।

### सीएम ने बागेश्वर के तीन मोटर मार्गों का नाम परिवर्तन का किया अनुमोदन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद बागेश्वर के तीन मोटर मार्गों के नाम परिवर्तन किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस संबंध में प्रस्तुत प्रस्तावों के अनुसार बागेश्वर जिले के काण्डे थपलिया मोटर मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. राम सिंह गडिया मोटर मार्ग, करूली बैण्ड से गाजली बिजौरिया मोटर मार्ग का नाम शहीद स्व. रामदत्त पाण्डेय मोटर मार्ग और बिलखेत गैराड़ मोटर मार्ग (कलनाबैण्ड पंतक्वैराली मोटर मार्ग) का नाम स्व. श्री हीरा सिंह धपोला मोटर मार्ग किए जाने का अनुमोदन दिया गया है।

बीएलओ आउटरीच अभियान का पहले चरण

# प्रदेश के 75 फीसदी मतदाताओं की मैपिंग पूरी

■ 1 फरवरी से बीएलओ आउटरीच अभियान के दूसरे चरण की होगी शुरुआत

■ 2003 की मतदाता सूची से की जाएगी वर्तमान मतदाता सूची की मैपिंग

■ युवा एवं महिला मतदाताओं की मैपिंग पर होगा विशेष फोकस



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य में प्री एसआईआर गतिविधियां सम्पादित की जा रही हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देशन मे बीएलओ आउटरीच अभियान के तहत प्रदेश में प्रत्येक मतदाता तक पंहुच, समन्वय और संवाद स्थापित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत पहले चरण में प्रदेश के 75 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि प्रदेश में सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में बीलएओ, ईआरओ सहित पूरी इलेक्शन मशीनरी ने बेहद उत्साहपूर्वक तरीके से 75 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीएलओ आउटरीच अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत 1 फरवरी से की जा रही है।

इस अभियान में प्रदेश के युवा एवं महिला मतदाताओं पर विशेष फोकस रहेगा। आउटरीच अभियान के दूसरे चरण को 15 फरवरी 2026 तक सम्पादित किया जाएगा।

### आसानी से सर्च कर सकते हैं 2003 की मतदाता सूची में नाम

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि प्री एसआईआर फेज में प्रदेश की वर्तमान मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं की 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की जा रही है। उन्होंने प्रदेश के मतदाताओं से अपील की है कि वे इस अभियान में अपने बीएलओ का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड की आधिकारिक वेबसाइट बमव.ना.हवअ.पद पर उपलब्ध है, जहां मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र, अपने तथा अपने पिता/पति के नाम के आधार पर मतदाता क्रमांक एवं बूथ संख्या की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही गली, मोहल्लों और एरिया के नाम से भी मतदाता सूची खोजने की सुविधा प्रदान की गई है।

**राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से बीएलए नियुक्त करने की अपील:**

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) नियुक्त करने की अपील की गई थी। वर्तमान में प्रदेश के 12070 बीएलए की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने राजनैतिक दलों से शतप्रतिशत बीएलए नियुक्त करने की अपील की है।

# रूद्रपुर-पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज का शीघ्र शुरू होगा संचालन

■ एमबीबीएस की 100-100 सीटों के लिए एनएमसी में किया आवेदन

■ शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कॉलेज संचालन को विभागीय तैयारियां पूरी



शैक्षणिक सत्र 2026-27 से राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर व पिथौरागढ़ में एमबीबीएस कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया जायेगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा दोनों मेउकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100-100 सीटें की स्वीकृति के लिये एनएमसी को प्रस्ताव भेज दिया गया है।

**- डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** चिकित्सा शिक्षा विभाग शैक्षणिक सत्र 2026-27 में राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर व पिथौरागढ़ के संचालन को पूरी तरह से तैयार है। विभाग ने दोनों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100-100 सीटों की स्वीकृति के लिये नेशनल मेडिकल काउंसिल को प्रस्ताव भेज दिया है।

एनएमसी से स्वीकृति मिलने के उपरांत रूद्रपुर व पिथौरागढ़ में प्रदेश के युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई का अवसर मिल सकेगा साथ ही तराई-भाबर व सीमांत ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सकेगी।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक सूबे के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विस्तार किया जा रहा है साथ ही युवाओं को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा व आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा ऊधमसिंह नगर व पिथौरागढ़ जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। जिनके संचालन के लिये विभाग द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर व पिथौरागढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में एमबीबीएस पाठ्यक्रम संचालन के लिये विभाग द्वारा नेशनल मेडिकल काउंसिल को प्रस्ताव भेज दिया गया है। जिसमें दोनों मेडिकल कॉलेज के लिये एमबीबीएस की 100-100 सीटों के संचालन को आवेदन किया गया है। एनएमसी से स्वीकृत मिलने के उपरांत दोनों मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कक्षाएं विधिवत शुरू कर दी जायेगी। मेडिकल कॉलेजों के शुरू होने से न केवल प्रदेश में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि तराई-भाबर सहित सीमांत क्षेत्रों के लोगों को अपने ही जनपद में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी, साथ ही प्रदेश के युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई का अवसर भी मिल सकेगा।

### चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित हुआ रूद्रपुर जिला चिकित्सालय

**देहरादून।** ऊधमसिंह नगर के जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय रूद्रपुर को चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। यह फैसला पंडित रामसुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर के सुचारू संचालन के लिये लिया गया है। जिसका शासनदेश जारी कर दिया गया है। जिसके तहत जिला अस्पताल का प्रशासनिक व वित्तीय नियंत्रण अब मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के अधीन होगा। इसके साथ ही अस्पताल में एनएमसी के मानकों के अनुसार मेडिकल उपकरण व औषधियों की व्यवस्था चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा की जायेगी।

### रूद्रप्रयाग नर्सिंग कॉलेज का संचालन शीघ्र

**देहरादून।** चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रूद्रप्रयाग में राजकीय नर्सिंग कॉलेज का संचालन इसी शैक्षणिक सत्र से शुरू कर दिया जायेगा। इसके लिये विभाग द्वारा सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। अधिकारियों ने बताया कि रूद्रप्रयाग नर्सिंग कॉलेज के निर्माण को राज्य सरकार द्वारा 20.4416 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिसके तहत कॉलेज में सभी निर्माण कार्य सम्पन्न कर दिये गये हैं। शासन द्वारा नर्सिंग कॉलेज के लिए बीएससी पाठ्यक्रम के लिए अनिवार्य प्रामण पत्र व पदों का सृजन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 से 30 सीटों पर नर्सिंग कक्षाओं का संचालन किया जायेगा। इसके लिये हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की काउंसिलिंग के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा।

# अवैध खनन पर लगी रोक, तो चार गुना बढ़ा राजस्व

■ धामी सरकार की पारदर्शी नीतियों से खनन को लेकर बदली अवधारणा

■ खनन से प्राप्त राजस्व से जन कल्याणकारी योजनाओं को मिली रफ्तार



आम लोगों को आवासीय या अन्य निर्माण के लिए खनन सामग्री की आवश्यकता होती है, साथ ही विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए भी खनन की आवश्यकता है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि खनन पर्यावरण के मानकों के अनुसार हो, साथ ही इसके लिए पारदर्शी तंत्र विकसित किया गया। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। इससे राजस्व में भी शानदार वृद्धि हुई है, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन हो रहा है।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** खनन गतिविधियों को लेकर सामान्य तौर लोगों में नकारात्मक अवधारणा रहती है। लेकिन उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खनन आवंटन और खनन परिवहन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के साथ ही अवैध खनन पर सख्ती दिखाई, इसी का नतीजा है कि डेढ़ साल से कम समय में सालाना खनन राजस्व 300 करोड़ से 1200 करोड़ के पार पहुंच गया है।

प्रदेश सरकार ने सितंबर 2024 को नई खनन नीति लागू की थी। नई खनन नीति में ई निलामी के जरिए खनन लॉट आवंटन, खनन गति. विधियों की सेटेलाइट निगरानी जैसे कई नए प्रयोग किए गए।

साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस- प्रशासन को भी अवैध खनन पर सख्ती दिखाने के निर्देश दिए।

जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। सितंबर 2024 से पहले राज्य को खनन से सिर्फ 300 करोड़ रुपए तक ही सालाना राजस्व प्राप्त हो पाता था, लेकिन अब यह राजस्व 1200 करोड़ के पार चला गया है। यही नहीं उत्तराखंड को खनन सुधार लागू करने के लिए देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त हो चुका है, जिसके फलस्वरूप केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के अंतर्गत उत्तराखंड के लिए 200 करोड़ रुपए की विशेष सहायता स्वीकृत की है।

### इन सुधारों से बदली तस्वीर

- ई नीलामी के जरिए खनन लॉट आवंटन
- अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाई गई
- खनन परिवहन के लिए माइनिंग सर्विलांस सिस्टम
- खनन गतिविधियों की डिजिटल ट्रैकिंग और निरीक्षण

## जब एक आईएएस अधिकारी बना अभिभावक, कहा-जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य तय करना बेहद जरूरी

# तिवारी ने बालिकाओं संग सादगी से मनाया जन्मदिन, बांटी खुशियां

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** जब प्रशासनिक पद, प्रोटोकॉल और औपचारिकता की दीवारें टूटती हैं, तब शासन का एक मानवीय चेहरा सामने आता है। ऐसा ही दृश्य एक बार फिर देहरादून के बनियावाला क्षेत्र में देखने को मिला, जहां अपर सचिव मुख्यमंत्री, उपाध्यक्ष मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) एवं महा. निदेशक सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग आईएएस बंशीधर तिवारी ने अपना जन्मदिन किसी शान-शौकत या भव्य आयोजन के बजाय नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास की

बालिकाओं के साथ सादगी एवं संवेदना के साथ मनाया। यह कोई एक दिन की औपचारिकता नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही एक परंपरा है, जिसे वे हर साल चुपचाप सादगी के साथ निभाते हैं।

इसी क्रम में सहसपुर

■ जब जन्मदिन बना उम्मीद का उत्सव

■ नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास के बच्चों के बीच पहुंचे डीजी सूचना

विधानसभा के विकासखंड बनियावाला क्षेत्र में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास में आईएएस बंशीधर तिवारी ने अपने परिजनों के साथ इन बच्चों के बीच समय बिताया। बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत किए, जिनमें जीवन, उम्मीद और संघर्ष की सच्ची झलक दिखाई दी। गीतों के बीच तालियों और मुस्कान से भरा यह माहौल किसी सरकारी कार्यक्रम जैसा नहीं, बल्कि एक परिवारिक उत्सव जैसा प्रतीत हो रहा था। यह छात्रावास उन बालिकाओं का आश्रय है, जिन्होंने



जीवन की शुरुआत ही कठिन परिस्थितियों से की है। इनमें कई बालिकाएं निराश्रित हैं, कुछ के पास एकल अभिभावक हैं और कई ऐसी हैं जो भीख मांगने या कूड़ा बीनने जैसे हालातों से निकलकर यहां तक पहुंची हैं। ऐसे बच्चों के बीच किसी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी का बार-बार पहुंचना उनके लिए सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह विश्वास दिलाने वाला संदेश है कि समाज और व्यवस्था उन्हें भूली नहीं है। वह हर कदम उनके साथ खड़ी है। आईएएस बंशीधर तिवारी ने छात्रावास पहुंचकर न तो कोई औपचारिक भाषण दिया और न ही पद की दूरी बनाए रखी। वे बच्चों के साथ जमीन पर बैठे, उनके साथ केक काटा, उपहार वितरित किए और सहज संवाद किया। उन्होंने बच्चियों से उनकी पढ़ाई, रुचियों और भविष्य के सपनों के बारे में बातचीत की। यह संवाद औपचारिक सवाल- जवाब नहीं, बल्कि अपनत्व से भरी बातचीत थी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष एमडीडीए तिवारी ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

### हर साल अनाथ बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर बांटते हैं खुशियां

वहां मौजूद लोगों ने कहा कि आज के दौर में, जब जन्मदिन अक्सर दिखावे और खर्चीले आयोजनों तक सीमित हो गए हैं, ऐसे में एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी का हर साल अपना जन्मदिन अनाथ बच्चों के साथ मनाना समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है। यह पहल न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाती है, बल्कि प्रशासन की संवेदनशील सोच को भी दर्शाती है। यह आयोजन किसी मंच, बैनर या प्रचार का हिस्सा नहीं था, बल्कि उन बच्चों के साथ बिताए गए कुछ घंटे थे, जो उनके जीवन में लंबे समय तक यादगार रहेंगे। बालिकाओं से अभिभावक के रूप में बात करते हुए बंशीधर तिवारी ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य तय करना बेहद जरूरी है। परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि आत्मविश्वास और ईमानदारी बनी रहे, तो रास्ते खुद बनते चले जाते हैं। उन्होंने बच्चियों को केवल सफल होने तक सीमित न रहने, बल्कि नेतृत्व करने और दूसरों के लिए उदाहरण बनने की प्रेरणा दी। उनका कहना था कि सच्चा नेतृत्व वही होता है, जो अपने साथ दूसरों को भी आगे बढ़ाए।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम हरीश रावत से की शिष्टाचार भेंट, हाल जाना



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता हरीश रावत से उनके डिफेंस कॉलोनी देहरादून स्थित आवास पर भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रावत का कुशलक्षेम जाना।

भेंट के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरीश रावत के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने अपनी ओर से एक आत्मीय प्रतीक के रूप में अपने खेत में उत्पादित चावल हरीश रावत को भेंट किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भेंट उत्तराखंड की कृषि परंपरा, किसानों की मेहनत और स्थानीय उत्पादों के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

हरीश रावत ने मुख्यमंत्री धामी के इस स्नेहिल व्यवहार एवं आत्मीय भेंट के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की यह भेंट राजनीतिक परंपराओं में आपसी सम्मान, सद्भाव और शिष्टाचार का एक सुन्दर उदाहरण है।

# वीबी-जी रामजी: कांग्रेसियों का धरना, मौन उपवास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा में मनरेगा अभियान बचाओ के तहत शुक्रवार को जिले के पांच ब्लॉकों में सरकार के खिलाफ धरना दिया। इस दौरान जमकर नारेबाजी कर सरकार पर मनरेगा हटाकर गरीबों के शोषण का आरोप लगाया। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हवालबाग, ताकुला, लमगड़ा, भैंसियाछाना और धौलादेवी में सरकार के खिलाफ धरना दिया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि मनरेगा देश की गरीब, ग्रामीण जनता की जीवनरेखा है, लेकिन भाजपा सरकार जानबूझकर बजट में कटौती कर रही है। वहीं, भुगतान में देरी कर और काम बंद कर इस योजना को समाप्त करने की साजिश कर रही है। इसका सीधा असर गरीब मजदूरों, महिलाओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। कांग्रेस ने सभी मनरेगा मजदूरों को 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित किए जाने, लंबित मजदूरी का तत्काल भुगतान करने, मजदूरी दर बढ़ाने, और मनरेगा को कमजोर करने वाली सभी नीतियों को वापस लेने की सरकार से मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेता. वनी दी। यहां ब्लॉक अध्यक्ष हवाल. बाग आनंद सिंह बिष्ट, शिवराज नयाल, जिला पंचायत सदस्य कुंदन राम, नारायण सिंह, रविंद्र मुस्यूनी, प्रेम सिंह, केशव पांडे, देव सिंह भोजक, चंदन भोज, किशन सिंह, इंदर सिंह, शोभन दत्त, आनंद सिंह बिष्ट, मोहन सिंह, गोपाल जोशी, राजेंद्र सिंह, सुरेश राम, सुंदर लाल, राजेंद्र नेगी, पंकज पाठक, परितोष जोशी, सुरेंद्र मेहता, प्रवीण मेहता, रविंद्र सिंह, हेम पाठक, राजन सिंह, अनिल पाठक, गणेश मेहता, नरेन्द्र मेहता, आनंद सिंह बिष्ट, विनोद जोशी, गणेश पाठक, हरेंद्र रावत, पान सिंह मेहरा, शेर सिंह, सुरेन्द्र आर्या, आंनद राम, रमेश लटवाल, भीम सिंह, दान सिंह, राम दत्त भट्ट, खड़क सिंह बिष्ट, कुंदन बिष्ट, देव सिंह कनवाल, विशाल कनवाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**बागेश्वर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट के नेतृत्व में शुक्रवार को नुमाइश मैदान स्थित गांधी मूर्ति के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत मौन वृत रखा। वक्ताओं ने मनरेगा के बदले नए जी राम जी को रोजगार की गारंटी नहीं बेरोजगार करने वाला कानून बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मनरेगा में 100 दिनों के काम की कानूनी गारंटी मिलती थी। जबकि नए कानून में काम की कोई गारंटी नहीं है। पहले पूरे साल मजदूर को काम मिलता था, जबकि अब साल में 60 दिन कोई काम नहीं मिलेगा। पहले पंचायतों के माध्यम से काम करने को मिलता था जबकि नए कानून में कहा और क्या काम होंगा यह मोदी तय करेगी। पहले के केंद्र सरकार कार्य में अधिक भुगतान करती थी, नए कानून में राज्यों को 40 प्रतिशत भुगतान करना होगा, जबकि सभी जानते हैं राज्य सरकारों के पास आय के संसाधन सीमित होते है, ऐसे में राज्य सरकार भुगतान करने में असमर्थ रहेगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोगों से नए कानून का विरोध करने व पुराने कानून को वापस लेने के लिए एकजुट होने की अपील की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, राजेंद्र टंगड़िया, नवीन जोशी, ललित गिरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आशाओं के काम की सराहना

## विधायक पार्वती दास और पालिकाध्यक्ष ने सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशन में शुक्रवार को जनपद मुख्यालय के एक होटल में आशा सम्मेलन व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बागेश्वर की विद्यालय पार्वती दास एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालि. का चेयरमैन सुरेश खेतवाल रहे। अतिथियों ने समारोह का शुभारम्भ करते हुए सभी आशा बहनों के कार्यों की सराहना की।



विधायक पार्वती दास ने कहा कि आशा व आशा फैसिलिटेटर व ब्लाक समन्वयकों के सामूहिक प्रयासों से स्वास्थ्य विभाग के कार्यों को डोर टू डोर पहुंचाने कार्य सराहनीय तरीके से किया जा रहा है। जिले के गर्भवती महिलाओं को समय समय पर सरकार की योजनाओं का लाभ पहु. चना व सरकार द्वारा दिए जा रहे कार्यों को सरलतापूर्व करना आशा बहनों ने बखूबी निभाया है। उन्होंने आशाओं के मानदेय को बढ़ाए जाने पर अपनी सहमति जताते हुए सरकार को स्थिति से अवगत कराने का भरोसा दिलाया। इसी क्रम में नगर पालिका चेयरमैन सुरेश खेतवाल ने कहा कि आशा बहनों के सामूहिक प्रयासों से स्वास्थ्य विभाग के हर मिशन को पूर्ण करने व जनता को लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने सभी बहनों को उनके कर्त्तव्य निष्ठा के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में जिले में गत वर्ष बेहतरीन कार्य करने वाले सात आशा बहनों को सम्मानित किया गया। जिसमें सविता जनौटी बागेश्वर प्रथम 5000, हेमा भौर्याल कपकोट द्वितीय 3000, रश्मि रावत गरुड़ तृतीय 1000 रुपए एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वही गीता तिवाड़ी आशा सुगमकर्ता गरुड़ प्रथम 5000, चंद्रावती पाठक कपकोट द्वितीय 3000, चंद्रकला जोशी बागेश्वर तृतीय 1000, रुपए एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जबकि ब्लाक समन्वयक कपकोट प्रथम स्थान पर आने के लिए 5000 रुपए एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आशाओं ने अपनी समस्याओं से मुख्य अतिथि एवं विभाग को अवगत कराया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष भावना धपोला, आशा भट, रूपा देवी, पुष्पा देवी, भावना कोरंगा, मंजू देवी, उमा देवी, पार्वती देवी, हेमा देवी, खष्टी बिष्ट सहित दर्जनों आशा कार्यकृतियाँ मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन अनुप कांडपाल द्वारा किया गया।

# दो छात्राओं का राष्ट्रीय वॉलीबाल चैंपियनशिप के लिए चयन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** कुंडेश्वरी रोड स्थित श्री गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं परी और मानसी रावत का चयन 46वीं सब जूनियर राष्ट्रीय वालीबॉल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 24 फरवरी से 1 मार्च तक हुगली पश्चिम बंगाल में आयोजित होगी। दोनों ही प्रतिभाशाली बालिकाओं की उपलब्धि के लिए स्कूल प्रशासन और प्रधानाचार्य द्वारा बधाई दी गई है और स्कूल का मान बढ़ाने के लिए दोनों ही खिलाड़ी व उनके परिवारों को हार्दिक धन्यवाद देते हुए बालि. काओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कुलपति ने विस्तार कर्मियों की पीठ थपथपाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निद. ेशालय में 27-31 जनवरी 2026 तक आयोजित प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में प्रेरणा और संचार की भूमिका प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर कुल. पति प्रो. मनमोहन सिंह चौहान ने विस्तार कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। कुलपति ने कहा विश्वविद्यालय द्वारा विकसित कई कृषि तकनीकें हैं, जिनका किसानों तक पहुंचाना और उनकी आय बढ़ाने में योगदान देना आपके कर्तव्य है। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि तकनीक में तेजी से बदलाव हो रहा है, जिससे विस्तार कार्य की रणनीतियों में भी बदलाव आवश्यक है। कुलपति ने उत्तराखंड में पुरानी तकनीकों के प्रयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विस्तार कर्मियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका कार्य किसानों के कल्याण में सहायक हो। उन्होंने किसानों और वैज्ञानिकों के बीच की दूरी को कम करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस दौरान डा. पीके सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि, कुमायूँ मंडल ने अधिकारियों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से किसानों तक पहुंचाएं। डा. जितेंद्र क्वात्रा, निदेशक प्रसार शिक्षा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियां साझा की और विस्तार कर्मियों से जमीनी स्तर पर कार्य को सशक्त बनाने की अपील की। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समेटी-उत्तराखंड और नीलोखेड़ी (हरियाणा) के सहयोग से आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के विभिन्न जनपदों से 35 मध्य स्तरीय विस्तार कर्मी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का समापन ज्योति कनवाल, यंग प्रोफेशनल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



# ऋण वितरण प्रक्रिया को सरल बनाया जाए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** विकास भवन सभागार में सीडीओ रामजी शरण शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान बैंकों एवं विभागों के मध्य समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समयबद्ध निस्तारण की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।



मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वरोजगार योजना 2.0 के अंतर्गत लंबित कार्यों के शीघ्र निस्तारण, पर्यटन क्षेत्र से संबंधित पहलों की प्रगति, आवश्यक दस्तावेजों की समय पर पूर्ति तथा दीन दयाल उपाध्याय ग्राम विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में ऋण वितरण प्रक्रिया को अधिक सरल एवं सुचारु बनाने, मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) एवं कार्यविधियों के पुनर्परिभाषण, शिकायत निवारण तंत्र को सशक्त करने, मैपिंग से संबंधित समस्याओं के समाधान तथा खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी पहलों को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने तथा शहरी विकास के अंतर्गत स्वनिधि योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सीडीओ ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण के एन तिवारी, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित बैंकिंग संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ-साथ वित्त विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), रीप, आरबीआईसी हवालबाग सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



इस दौरान पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया गया। शुक्रवार को शहीद दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कार्यालयों में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर देश के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन किया गया। वहीं, कार्यक्रम के माध्यम से सभी ने शहीदों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। इधर पुलिस कार्यालय में भी देश की स्वतंत्रता में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद किया गया। इस दौरान एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कहा कि अमर सेनानियों की शहादत से ही आज हम आजाद हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ी गई। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

# कोतवाली में आयोजित की पुलिस पेंशनर्स की बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** स्थानीय कोतवाली में पुलिस पेंशनर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी काशीपुर द्वारा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस पेंशनर्स उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनर्स ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को अधिका. रियों के समक्ष रखा। पेंशन, चिकित्सा सुविधा, पहचान पत्र, लंबित प्रकरणों सहित अन्य प्रशास. निक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने सभी पेंशनर्स की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और यथासंभव शीघ्र समाधान का आश्वा. सन दिया। अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी काशीपुर ने कहा कि पुलिस पेंशनर विभाग की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने संबंधित शाखाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें पुलिस पेंशनर्स ने इस पहल के लिए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

**NAME CHANGE**

I **SANGITA MARWAL** have changed my name from **SANGITA** to **SANGITA MARWAL** hence forth I shall be known as **SANGITA MARWAL** W/o HIMANSHU MARWAL R/o. Vipul Vihar, Kuddayowala, Kashipur, Udham Singh Nagar, UK.

# एसआईएमटी में किया मीडियाकर्मियों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में भारतीय समाचार पत्र दिवस के अवसर पर विशेष शैक्षणिक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह दिवस भारत के पहले समाचार पत्र हिक्कीज बंगाल गजट के प्रकाशन की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई, विशिष्ट अतिथि एवं पैनल चर्चा विशेषज्ञ के रूप में आदर्श सिंह, दिलप्रीत सेठी, रूपेश कुमार शर्मा, विनोद भगत, गणेश रावत एवं अन्य मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतंत्र में समाचार पत्रों की भूमिका, जिम्मेदार पत्रकारिता तथा समाज निर्माण में मीडिया के योगदान को रेखांकित करना था। इस अवसर पर प्रिंट मीडिया की प्रासंगिकता, मीडिया नैतिकता तथा डिजिटल युग की चुनौतियों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय एवं क्षेत्रीय मीडिया प्रति. निधियों को सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. योगराज सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के डिजिटल युग में भी प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता और गहराई अपनी एक अलग पहचान रखती है। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा ने भी अपने विचार रखे।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर महानगर कांग्रेस की श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका पाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मुंशी राम चौराहा स्थित प्रांगण में बापू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शांतिपूर्ण तरीके से भाजपा सरकार के खिलाफ विशाल धरना दिया। इस दौरान अलका पाल ने कहा कि जिस ग्रामीण समाज के उत्थान की कल्पना महात्मा गांधी ने की थी, आज भाजपा सरकार मनरेगा से गांधी का नाम मिटाने की साजिश रच रही है। अनुपम शर्मा ने कहा कि संवैधानिक मूल्य और काम के अधिकारों को छीनने की कोशिश भाजपा सरकारों के द्वारा की जा रही है, जो कि निंदा का विषय है। कांग्रेस अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश की जनता के हकों की लड़ाई लड़ती रहेगी। कार्यक्रम में मुशर्रफ हुसैन, विमल गुड़िया, हरीश कुमार सिंह, मनोज जोशी, इंदर सिंह एड, सरित चतुर्वेदी आदि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर हरीश चतुर्वेदी, महेंद्र लोहिया, सुशील भटनागर, ब्रह्मपाल, संदीप चतुर्वेदी एड., अनिल शर्मा एड. जितेंद्र सरस्वती, अजीता शर्मा, रंजना गुप्ता, पार्षद अब्दुल कादिर, राकेश यादव, प्रदीप जोशी, महेंद्र बेदी, रवि पपने आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# महापौर दीपक बाली ने किसानों के हित में सीएम को सौंपा मांग पत्र

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उन्हें वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महापौर ने मुख्यमंत्री को काशीपुर क्षेत्र के किसानों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मांग पत्र भी सौंपा। यह मांग पत्र पिछले दिनों किसानों के समर्थन में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत समिति के सदस्यों द्वारा श्री बाली को मुख्यमंत्री के नाम से दिया गया था।



मांग पत्र के माध्यम से महापौर दीपक बाली ने काशीपुर क्षेत्र के किसानों को जल संरक्षण आधारित ग्रीष्मकालीन धान की खेती की अनुमति दिए जाने की मांग रखी। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि काशीपुर क्षेत्र के किसानों के हित में 31 मार्च 2026 तक जल संरक्षण आधारित ग्रीष्मकालीन धान की खेती हेतु सशर्त स्वीकृति प्रदान करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि ग्रीष्मकालीन धान पारंपरिक धान की तुलना में कम अवधि में तैयार होता है। इसके अलावा काशीपुर नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में भी मुख्यमंत्री से विस्तृत वार्ता हुई। इस अवसर पर प्रधान संघ के अध्यक्ष जसपाल सिंह जस्सी और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष जगजीत सिंह हैप्पी भी मौजूद रहे।

# अनिल ने मुए थाई प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय सीनियर मुए थाई चैंपियनशिप में अनिल बोरा ने कांस्य पदक जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। दौलाघट के चौना गांव निवासी अनिल बोरा ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल प्रतिभा से यह सफलता हासिल की। अनिल से इससे पूर्व भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाते हुए पदक हासिल किए है। उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख गोपाल सिंह खोलिया, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल खोलिया, कोच कुंदन बिष्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्योति खोलिया, ग्राम प्रधान रमा खोलिया, घनश्याम बोरा, जगजीवन खोलिया, शंकर बोरा, सरपंच जीवन खोलिया, राजा बोरा, रोहित खोलिया, कैलाश बोरा समेत कई खेल प्रेमियों ने खुशी जताई।

# लोनिवि मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन जनपद शाखा अल्मोड़ा का द्वादश द्विवार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को प्रेरणा सदन अल्मोड़ा में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में संगठनात्मक मजबूती, कर्मचारियों की समस्याओं तथा भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिवेशन के मुख्य अतिथि प्रांतीय महामंत्री आनंद पुजारी रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष चन्द्रमणि भट्ट, क्षेत्रीय अध्यक्ष (कुमाऊं) अमित सांगुणी, क्षेत्रीय महामंत्री (कुमाऊं) कंचन आर्य, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शंकर नायक तथा पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री (कुमाऊं) अमरनाथ सिंह रजवार मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता टीका सिंह खोलिया ने की तथा संच. ालन डीसी पांडे द्वारा किया गया। वक्ताओं ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा, संगठन की एकजुटता और विभागीय समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष का आह्वान किया। अधिवेशन के दौरान जनपद की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें नवल पंत को जिलाध्यक्ष, महेन्द्र सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुस्लिम अंसारी को जनपद महामंत्री, नन्दन सिंह बिष्ट को उपाध्यक्ष (अल्मोड़ा), मीनाक्षी तिवारी को महिला उपाध्यक्षा, भाष्कर पांडे को कोषाध्यक्ष, नवीन चन्द्र जोशी को संगठन मंत्री तथा गोपाल दत्त भट्ट को संयुक्त मंत्री चुना गया। नई कार्यकारिणी का गठन प्रांतीय महामंत्री आनन्द पुजारी एवं क्षेत्रीय महामंत्री (कुमाऊं) कंचन आर्य की देखरेख में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन के समापन पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।



## एक नजर

### साइबर अपराध से बचाव के बताए तरीके

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन पर शुक्रवार को जिलेभर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस में सीएलजी सदस्य, वार्ड सदस्य, वरिष्ठ नागरिक, पुलिस पेंशनर एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा जनसमस्याएं सुनी गईं, जिनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध व डिजिटल अरेस्ट से बचाव, किरायेदार सत्यापन तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानक. ारी देकर लोगों को जागरूक किया गया।

### गुमशुदा महिला मोहान चेक पोस्ट से बरामद

**अल्मोड़ा।** कोतवाली द्वाराहाट एवं एसओजी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को 07 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। बीते गुरुवार को क्षेत्र निवासी अर्जुन सिंह ने डायल 112 पर सूचना दी कि उनकी पुत्री बिना बताए घर से चली गई है। मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक विनोद जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संभावित स्थानों पर तलाश व सुरागरसी शुरू की। एसओजी प्रभारी सुनील धानिक के नेतृत्व में टीम ने भी सहयोग किया। मो. हान चेक पोस्ट से महिला को सुरक्षित बरामद किया गया। परिजनों ने अल्मोड़ा पुलिस की सराहनीय कार्रवाई पर आभार जताया।

### गुम मोबाइल को बरामद कर स्वामी को सौंपा

**अल्मोड़ा।** एक माह पूर्व थाना सल्ट क्षेत्र में गुम हुए मोबाइल फोन को पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक बरामद कर लिया। इस संबंध में थाना सल्ट में मोबाइल गुम होने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष सल्ट कश्मीर सिंह एवं कांस्टेबल संजय कुमार द्वारा तकनीकी सहायता लेते हुए उक्त मोबाइल फोन को सल्ट क्षेत्र से बरामद किया गया। बरामद मोबाइल फोन उसके वास्तविक स्वामी गोपाल सिंह पुत्र गंगा सिंह, निवासी ग्राम कटरिया सल्ट को सुपुर्द किया गया। खोया हुआ मोबाइल फोन वापस पाकर मोबाइल स्वामी ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा त्वरित और सराहनीय कार्रवाई के लिए अल्मोड़ा पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### शहीद दिवस पर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

**अल्मोड़ा।** शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार को माय भारत अल्मोड़ा के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी आशीष पॉल के नेतृत्व में अल्मोड़ा स्टेडियम में बालक एवं बालिका वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना के साथ-साथ राष्ट्रप्रेम और नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रतियोगिता के अंतर्गत 1500 मीटर बालिका दौड़ में मीनाक्षी बिष्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लता द्वितीय एवं चंद्रा कला जोशी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 1600 मीटर बालक दौड़ में नितेश सिंह जीना ने प्रथम, सूरज अधिकारी ने द्वितीय तथा आलोक ने तृतीय स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि के रूप में हरीश कनवाल एवं विनोद राठौर मौजूद रहे। मौके पर मौजूद लोगों को मतदान जागरूकता के लिए शपथ भी दिलाई गई।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**अल्मोड़ा।** सशस्त्र सीमा बल के सीमांत मुख्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में गरिमा और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मुख्यालय परिसर में दो मिनट का मौन रखकर बापू और देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान उप महानिरीक्षक दुर्गा बहादुर सोनार ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के विचार आज भी अनुशासित बलों के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने जवानों से सीमा सुरक्षा के साथ सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों सहित समस्त बल कार्मिक मौजूद रहे।

### साप्ताहिक परेड का एसएसपी ने किया निरीक्षण

**बागेश्वर।** पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का कप्तान ने निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने पुलिस बल में अनुशासन, एकरूपता तथा शारीरिक फिटनेस बनाए रखने के निर्देश दिए। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके ने परेड का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने स्वयं पुलिस बल के साथ दौड़ लगाकर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को नियमित फिटनेस के लिए प्रेरित किया। जवानों को परेड के दौरान दौड़, ड्रिल, शस्त्राभ्यास एवं स्क्वाड ड्रिल का अभ्यास कराया गया, जिसमें जनपद के सभी थानों, शाखाओं, पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर स्थित क्वार्टर गार्ड, परिवहन शाखा तथा निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक अजय साह, मनीष शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक प्रताप सिंह नेगी आदि उपस्थित थे।

### यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया

**बागेश्वर।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को गरुड़ में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान में स्कूली छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूकता संदेश दिए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है और इसे जीवन रक्षा के लिए करना चाहिए। कार्यक्रम में निबंध, ड्राइंग, स्लोगन प्रतियोगिताओं और खेलों का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में निकिता बिष्ट, ड्राइंग में खुशबू डसीला और स्लोगन में सौरव ने पहले स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में विद्यालयों के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### बलिदानियों का भावपूर्ण स्मरण

**बागेश्वर।** शहीद दिवस के अवसर पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि शहीद दिवस हमें देश की आज़ादी के लिए किए गए ऐतिहासिक संघर्ष और शहीदों के अतुलनीय त्याग की याद दिलाता है।

### श्री शिव महापुराण का विधिवत समापन

**बागेश्वर।** सैम मंदिर वार्ड नदीगांव में आयोजित श्री शिव महापुराण हवनात्मक महायज्ञ का विधिवत समापन हुआ। 19 जनवरी से चल रहे इस आयोजन में प्रतिदिन कथा वाचन और पूजा अर्चना की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समापन पर पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद व भोजन ग्रहण किया। कई साधु-संतों ने आयोजन की सराहना की। समिति के सचिव कमल परिहार विधायक पार्वती दास अध्यक्ष सुरेश खेतवाल शुभम कांडपाल, अमन कांडपाल, विवेक सिंह, शेर सिंह मटियानी, पान सिंह, हेम परिहार, किशोर पांडे, महीप पाण्डेय पांडे, दीपक नेगी, रोहित पंत, नवीन बलसूनी आदि मौजूद रहे।

# त्याग, सहनशीलता और आत्मबल का महत्व समझाता है शिव का स्वरूप

❑ पिया था हलाहल विष इसीलिए कहलाए नीलकंठ

❑ शिव कथा में समुद्र मंथन प्रसंग का वर्णन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा एमबी इंटर कॉलेज ग्राउंड में आयोजित भगवान शिव कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को व्यास डा. सर्वेश्वर ने समुद्र मंथन के प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया। एसबी इंटर कालेज के कथास्थल पर आयोजित शिव कथा में व्यास डा. सर्वेश्वर ने बताया कि जब समुद्र मंथन से हलाहल कालकूट विष उत्पन्न हुआ, तो भगवान शिव ने उसे अपने कण्ठ में धारण कर लिया। इस अद्वितीय कार्य के कारण उनका एक नाम (नीलकण्ठ) पड़ा। व्यास ने बताया कि शिव का यह स्वरूप हमें जीवन में त्याग, सहनशीलता और आत्मबल का महत्व समझाता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव का नीलकण्ठ रूप हमें यह सिखाता है कि हमें अपने जीवन में दया, प्रेम, त्याग और करुणा जैसे गुणों को विकसित करना चाहिए। यह तभी संभव है जब हम ब्रह्मज्ञान के माध्यम से नीलकण्ठ का दर्शन अपने भीतर करेंगे। कथा के दौरान महाशिवरात्रि महोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भक्तों ने नृत्य किया और आनंद का अनुभव लिया। इस मौके पर जसनीत सिंह, कविता कौर, अंकित शर्मा, गीता बल्यूटिया, विपिन गुप्ता, दीक्षा गुप्ता, शिव कुमार, राजेन्द्र धामी, दिवान सिंह डोगरा, देवकरण, रेनू अधिकारी, ओम प्रभाकर, संगीता, महेंद्र सहित कई शिवभक्त मौजूद रहे।

## काया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में निशुल्क चिकित्सा शिविर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** काया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में शुक्रवार को एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 290 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस शिविर में रोगियों की शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, सीबीसी, ईसीजी जैसी विभिन्न जांचें निशुल्क की गई। शिविर में 25प्रतिशत रोगी शुगर और ब्लड प्रेशर, 30प्रतिशत जोड़ों के दर्द, गठिया और कमर दर्द के रोगी आए थे, जिनका पंचकर्म विधि से उपचार भी किया गया। जबकि रक्त जांच डा. नीतू द्वारा की गई। पंचकर्म विशेषज्ञ और असिस्टेंट प्रो. डा. स्वाति भट्ट ने 20 रोगियों का पंचकर्म उपचार किया। डा. स्वप्निल ने बताया कि अगले माह तक चिकित्सालय में कुछ और निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में कालेज के प्राचार्य एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट प्रो. डा. विनय खुल्लर, डा. नेहा उपाध्याय, डा. श्वेता पौल, डा. महेंद्र बोरा, डा. कल्पना, डा. निवेदिता मौजूद रहे।

# मनरेगा: कांग्रेस का ब्लॉक में प्रदर्शन

❑ बहुउद्देशीय योजना को कमजोर कर रही सरकार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल की अगुवाई में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना में किए जा रहे बदलावों के विरोध में ब्लाक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरनास्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि राजनीतिक विद्वेष के कारण केंद्र सरकार ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने वाली मनरेगा जैसी बहुउद्देशीय योजना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। यह योजना ग्रामीणों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी देती है, लेकिन इसके नियमों में लगातार बदलाव कर क्रियान्वयन को जटिल बनाया जा रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला दत्त भट्ट और संजय किरौला ने कहा कि पहले मनरेगा में 90 प्रतिशत केंद्रांश और 10 प्रतिशत राज्यांश की व्यवस्था थी, जिसे अब बदलकर 40 प्रतिशत राज्यांश कर दिया गया है। इससे राज्यों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।

पहले से ही कर्ज में डूबे राज्य इतनी बड़ी धनराशि की व्यवस्था कैसे करेंगे, यह सरकार को स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी के विचार पर भी प्रहार करने का काम किया है। इस दौरान मनोज बिष्ट, महेश कांडपाल, इंद्रपाल आर्य, किरण मेहरा, अशोक जोशी, दान सिंह तड़ागी, सतनाम सिंह, गोपाल बिष्ट, गोविंद बिष्ट, हरेंद्र सिंह चौरसिया, पवन जोशी, मोनिका सती, रेनू तोमर, अलका आर्य, हेमू रंगवान, दीप जोशी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सुबह से दोपहर तक बिजली गुल

## बाज़ार में व्यापारियों का पारा सात आसमान पर, चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शुक्रवार की सुबह से दोपहर तक बाजार क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप होने से व्यापारियों ने विभाग के खिलाफ कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अगर इसी तरह रोज बाजार क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी तो व्यापारी विद्युत विभाग कार्यालय में प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

व्यापारियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि घंटो तक विद्युत आपूर्ति ठप होने से व्यापार कारोबार में भारी नुकसान होता है। व्यापारियों चेताया अगर कभी भविष्य में ऐसी लंबी विद्युत कटौती करनी हो तो विभाग एक दिन पहले से समाचार पत्रों व रिक्शा व टैम्पो के माध्यम से माइक से अनाउंसमेंट करके सूचित करें। देवभूमि व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बगड़वाल व प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली ने संयुक्त रूप से कहा कि कहा कि शुक्रवार की सुबह 9 बजे से सवा तीन बजे तक मुख्य बाजार पटेल चौक, मटरगली, भैरव चौक, ओके होटल वाली गली, रामलीला मैदान और आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति ठप रही। उन्होंने कहा विद्युत आपूर्ति न होने के कारण दुकानदारों और घरों में अंधेरा रहा, हालांकि, कुछ व्यापारी अपने-अपने इन्वर्टर्स के जरिए आपूर्ति जारी रखने में सफल रहे, लेकिन लंबे समय तक बिजली की कटौती के कारण इन्वर्टर भी बंद हो गए। इस वजह से कारोबार पर गहरा असर पड़ा। विद्युत आपूर्ति ठप होने से जहां व्यापार कारोबार में असर पड़ा वहीं ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। व्यापारियों कहा कि यदि कभी भविष्य में ऐसी लंबी विद्युत कटौती करे तो विभाग एक दिन पूर्व समाचार पत्रों व रिक्शा व टैम्पो के माध्यम से माइक से अनाउंसमेंट करके जानकारी दे। इस दौरान मनीष वर्मा, लक्ष्मी नारायण, प्रेम चौधरी, जगमीत सिंह मीती, जसपाल मालदार, रवीन्द्र बाली, अशोक बेलवाल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## व्यक्ति ने गटका जहर, मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते एक व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पचौरिया, खटीमा निवासी 46 मदन मोहन पुत्र फकीर राम ने बीते 25 जनवरी को अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ती देख आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर बीते गुरूवार की रात्रि उपचार के दौरान मदन ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

# नशे के खिलाफ पार्षदों ने खोला मोर्चा

## तस्करों पर सख्त कार्रवाई के लिए कोतवाल को सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के करोबार पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर शुक्रवार को पार्षदों ने एकजुट होकर कोतवाल विजय मेहता को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल को दिए गए ज्ञापन में कहा कि शहर में नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है और इस नशे से आज की युवा पीढ़ी बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

इसी के कारण से शहर में अपराध भी अपने पैर पसारने लग गया है। अधिकतर अपराधिक घटनाएं नशे में या फिर नशे की लत को पूरा करने के लिए की जा रही है। पार्षदों ने कहा कि अब तो आलम यह है कि अगर किसी को शराब चाहिए, तो सिर्फ एक फोन लगाकर स्कूटी से होम डिलीवरी हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी नशे को लेकर शिकायती पत्र दिया लेकिन उसमें आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा अवैध शराब का कारोबार के साथ स्मैक का भी कारोबार बढ़ता जा रहा है जो एक गंभीर विषय है। जो युवाओं के लिए यह नशा एक बड़ा खतरा बन चुका है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि नशे पर शीघ्र ही अंकुश लगाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने चेताया अगर शीघ्र ही कार्रवाई नहीं हुई तो पार्षद उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस मौके पर पार्षद मनोज जोशी, पार्षद मुकुल बल्यूटिया, पार्षद हेमंत शर्मा मोना, पार्षद रईस अहमद गुड्डू, फिरोज खान मिंटू, देवेंद्र समेत अन्य पार्षद मौजूद रहे।

# नीलामी: खीमानन्द सनवाल ने खरीदी ठेकेदार धनंजय की संपत्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** ब्रिडकुल परियोजना की बकाया धनराशि की वसूली को लेकर तहसील प्रशासन ने खुली नीलामी के माध्यम से भूमि का विक्रय किया। तहसीलदार कुलदीप पाण्डे ने बताया कि तहसील कार्यालय में 27 जनवरी को आयोजित नीलामी में 1 करोड़ 16 लाख 50 हजार रुपये की सर्वोच्च बोली लगी। तहसीलदार ने बताया कि बकायेदार धनंजय गिरी पुत्र जटाशंकर गिरी निवासी सुभाषनगर हल्द्वानी द्वारा ब्रिडकुल परियोजना की 3 करोड़ 1 लाख 3 हजार रुपये की बकाया धनराशि जमा न किए जाने पर उनकी अचल संपत्ति नीलाम की गई। उक्त भूमि ग्राम मल्ली बमोरी तहसील हल्द्वानी में स्थित है, जो खाता संख्या 11, खसरा संख्या 217, रकबा 0.030 हेक्टेयर में दर्ज है। परगना अधिकारी/असिस्टेंट कलेक्टर प्रथम श्रेणी हल्द्वानी ने 26 दिसंबर 2025 को आदेश जारी कर 30 दिन पश्चात नीलामी की तिथि 27 जनवरी 2026 निर्धारित की थी। नीलामी अधिकारी के रूप में तहसीलदार हल्द्वानी को नामित किया गया। नीलामी प्रक्रिया में कुल नौ बोल. ीदाताओं ने भाग लिया, हालांकि दो बोलीदाता मौके पर उपस्थित नहीं हुए। नीलामी के तीसरे चक्र में खीमानंद सनवाल पुत्र हीरा बल्लभ सनवाल निवासी पंत पार्क सुभाषनगर हल्द्वानी ने 1.16 करोड़ रुपये की सर्वोच्च बोली लगाई। अन्य किसी बोलीदाता इससे अधिक बोली न लगाए जाने पर नीलामी को उनके पक्ष में संस्तुत किया गया। नीलामी के दौरान सर्वोच्च बोलीदाता द्वारा कुल बोली राशि का 25 प्रतिशत चेक के माध्यम से जमा किया गया।

## काला पीलिया से युवक की मौत

**हल्द्वानी।** काला पीलिया होने से एक युवक की मौत हो गई। मतृक युवक की शादी सिर्फ एक महीने दूर थी। युवक की हुई अचानक मौत से परि. जनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार, 27 वर्षीय संजीव कुमार पुत्र मोहन लाल कश्यप पुरानी कत्था फैक्ट्री बरेली रोड निवासी एक डीजे ऑपरेटर के तौर पर काम करता था। परिजनों ने बताया कि संजीव पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था और बीते गुरुवार को उसकी तबियत अचानक बिगड़ गई। आनन फानन में उसे उपचार के लिए बेस अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि संजीव को काला पीलिया था। जिसकारण उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# दायित्व: पहाड़ी आर्मी के प्रचार मंत्री बने हेम चंद्र भट्ट



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को पहाड़ी आर्मी संगठन कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें पहाड़ी अस्मिता संस्कृति और संसाधनों को बचाने के लिए वक्ताओं ने अपने विचार रखें पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने संगठन से लंबे समय से जुड़े हेमचंद्र भट्ट बर्फानी बाबा को प्रदेश प्रचार मंत्री और प्रदीप रौतेला को नगर उपाध्यक्ष हल्द्वानी को मना. ेनीत किया गया। उन्होंने कहा लगातार प्रदेश की डेमोग्राफी बदल रही है जिसके लिए पहाड़ के लोगों को एकजुट होने की आवश्यकता है इस दौरान हेमचन्द्र भट्ट बर्फानी बाबा ने संपूर्ण उत्तराखंड को एकजुट करने का संकल्प लिया उन्होंने कहा हम देवभूमि के स्वरूप को बदलने नहीं देंगे। जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल और प्रेमा मेर् ने कहा अपनी संस्कृति को बचाने के लिए लगातार पहाड़ी आर्मी से बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा की पहाड़ को एकजुट करने के लिए अपनी संस्कृति अपनी बोली भाषा का संरक्षण करना बहुत जरूरी है। इस मौके पर कविता जीना, गीता बिष्ट हरेंद्र राणा, गीता चंदोला, दीपा बोरा, मोहन बोरा, बसंत बिष्ट, संजय आर्य, विनोद नेगी मौजूद रहे।

## साइकिलिंग स्टेट लेवल ट्रायल संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में साइक्लिंग स्टेट लेवल टैलेंट ट्रायल फिटनेस व स्किल का



आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय ट्रायल 30 और 31 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। पहले दिन के ट्रायल में अंडर-16, अंडर-15 और अंडर-14 वर्ग की कुल 30 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों के 1600 मीटर दौड़, ब्रॉड जंप और फ्लाइंग जंप के ट्रायल लिए गए। यह ट्रायल रोड साइकिलिंग, ट्रैक साइकिलिंग और एमटीबी साइक्लिंग स्पर्धाओं के लिए आयोजित किया गया। ट्रायल जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत तथा उत्तराखंड साइक्लिंग एसोसिएशन के सदस्य मनीष वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। निर्णायक की भूमिका कोच किशोर पाल, महेश बिष्ट, त्रिलोक जीना, श्याम भट्ट, विनय जोशी, गोपाल नेगी, दिनेश रावत, महेश फर्त्याल, तनुजा आर्य, निशांत मेहता, किरण ठाकुर और प्रशांत कुमार ने निभाई। ट्रायल के माध्यम से चयनित बालक एवं बालिकाएं आगामी राष्ट्रीय स्तर की साइकि. लिंग ट्रायल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देशन में नैनीताल पुलिस ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले महान सेनानियों एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पुलिस कर्मियों ने उनके बलिदान का स्मरण करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सीओ हल्द्वानी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों के अमूल्य योगदान को नमन किया। इस दौरान सभी पुलिस कर्मियों ने राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने, समाज में सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करने तथा अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प भी लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रभारी साइबर सेल गणेश मनोला, निरीक्षक अमर चंद्र शर्मा, प्रभारी डीसीआरबी राजेंद्र सिंह रावत, प्रभारी महिला हेल्पलाइन सुनीता कुंवर, उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह कठायत सहित सभी शाखा प्रभारी एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में जिले के समस्त थानों, कार्यालयों एवं इकाइयों में भी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## व्यापारियों ने कराया खिचड़ी भोज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल द्वारा माघ मास के अवसर पर शुक्रवार को अपने प्रतिष्ठान जन औषधि केंद्र तिकोनिया में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर, प्रदेश महामंत्री राज. कुमार केसरवानी, महानगर महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी, राकेश वर्मा, विजय कुमार गुप्ता, महेंद्र कश्यप, महेश आहूजा, बृजमोहन सीजवाली, आलोक सक्सेना, रजत गोयल, पंकज अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, कुसुम गोयल, निधि गोयल, अवनी गोयल, रेनू केसरवानी समेत कई व्यापारी ने बढ़-चढ़कर खिचड़ी भोज कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# डा. दीपा जोशी को डी.लिट की उपाधि



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शहर की प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना डा. दीपा जोशी को डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट.) की उपाधि से सम्मानित किया गया है। वह उत्तराखंड की प्रथम तथा भारत की दूसरी महिला कथक नृत्यांगना है जिन्हें यह प्रतिष्ठित उपाधि प्राप्त करने का गौरव मिला है। डा. दीपा जोशी को यह सम्मान एशिया के प्रथम संगीत एवं ललित कला विश्वविद्यालय इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. लवली शर्मा ने प्रदान किया। डा. दीपा जोशी ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, विशेष रूप से गुरु प्रो. डा. पूर्णिमा पांडे तथा अपने माता-पिता को दिया है, जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से यह उपलब्धि संभव हो सकी।

डा. दीपा जोशी दूरदर्शन की ए-ग्रेड कथक नृत्यांगना भी हैं। कथक नृत्य की प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने अल्मोड़ा से प्राप्त की। इसके उपरांत भातखंडे हिंदुस्तानी संगीत महाविद्यालय लखनऊ, कथक केंद्र लखनऊ तथा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से कथक की उच्च शिक्षा ग्रहण की। कथक में उच्च अध्ययन के लिए उन्हें संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की ओर से छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई थी। डा. दीपा जोशी देश के अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी एकल कथक प्रस्तुतियां दे चुकी हैं। उन्होंने संगीत विषय पर कई महत्वपूर्ण आलेखों और पुस्तकों का लेखन किया है। वर्तमान में वह केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के नैनीताल कार्यालय में कार्यरत है।

# तन्मय और एचसीसी ने जीता मुकाबला

## एचसीसी के मनमोहन को मिला मैन ऑफ द पुरस्कार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग मैच शुक्रवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में एचसीसी और गोल्डन क्रिकेट अकादमी के बीच हुआ। गोल्डन क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

एचसीसी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 334 रन बनाये। टीम के लिए मनमो. हन ने शानदार नाबाद 161, संस्कार गुप्ता ने 63 और हितेश जोशी ने 42 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोल्डन क्रिकेट अकादमी की टीम 20वें ओवर में 87 रन बनाकर आलआउट हो गई, और एचसीसी ने 247 रनों से मैच जीत लिया।

टीम को जीत दिलाने के लिए एचसीसी के गेंदबाज तुषार, विशाल और निशांत ने 3-3 विकेट लिए। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार एचसीसी के बल्लेबाज मनमोहन के नाम रहा। जबकि दूसरा मैच कॉर्बेट क्रिकेट ग्राउंड चकलुआ में तन्मय क्रिकेट अकादमी और बिंदुखत्ता के मध्य हुआ। बिंदुखत्ता क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। तन्मय क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 290 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिंदुखत्ता क्रिकेट अकादमी की टीम 31वें ओवर में 111 रनों पर ही आलआउट हो गई और 179 रनों से मैच हार गई। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार आलराउंडर ईशान को दिया गया। अंपायर की भूमिका में विनोद पंतोला, शिवम् पांडे, भूपेश शाही और हरप्रीत सिंह रहे जबकि स्कोरर की भूमिका कुशाग्र और निकित जोशी ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया, दिग्विजय कनवाल, विजय कुकसाल, विजय आर्या, विक्रम बोरा, मनोज पंत मौजूद रहे।

## दो शराब तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी कोतवाली एवं मुक्तेश्वर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को 58 पाउच देशी शराब और 92 टेट्रा पैक देशी मसालेदार शराब के साथ गिरफ्तार किया। बीते गुरूवार की रात्रि कोतवाल विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग कर रही थी तभी गौला गेट चौकी क्षेत्र राजपुरा से सुशील कुमार पुत्र स्व. भागीरथ निवासी वार्ड-12 राजपुरा को 58 पाउच माल्टा देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी ओर मुक्तेश्वर थानाध्यक्ष जगदीप नेगी के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र में चे. कंग कर रही थी तभी बिट्टू मौर्य पुत्र रामचंद्र निवासी किशनपुर सुकूनिया मोटाहल्दू को 92 टेट्रा पैक देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनों तस्करों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत न्यायालय में पेश किया।

# रज्जी जिला समन्वयक बने

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल के आह्वान पर मनरेगा कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से सफल बनाए जाने के उद्देश्य से कांग्रेस संगठन ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जनपद समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट 'रज्जी' को नैनीताल जनपद का समन्वयक नियुक्त किया गया है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए अपेक्षा जताई है कि नव नियुक्त समन्वयक जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर मनरेगा बचाओ अभियान के तहत जनपद एवं महानगर क्षेत्रों में संचालित कार्यक्रमों को सुनियोजित और सफलतापूर्वक आयोजित कराएंगे। साथ ही अभियान की प्रगति से समय-समय पर प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराना भी उनकी प्रमुख जिम्मेदारी होगी। जिम्मेदारी मिलने पर राजेंद्र सिंह बिष्ट रज्जी ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों के लिए जीवनरेखा है। इसे कमजोर करने के किसी भी प्रयास का कांग्रेस पूरी ताकत से विरोध करेगी। रज्जी ने कहा कि वे जिले के सभी ब्लॉकों, नगर और महानगर इकाइयों के पदाधिका. रियों व कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर जमीनी स्तर पर अभियान को गति देंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से मनरेगा बचाओ अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा और जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ जनता के बीच रखा जाएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस ने नशा तस्कर दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा द्वारा जनपद में नशा तस्करों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में एसआई ललित सिंह द्वारा पुलिस टीम के साथ गश्त करते समय ग्राम कासमपुर-रहमापुर रोड पर नगर पंचायत महुआ डाबरा निवासी इबरान पुत्र जाकिर हुसैन को 04.48 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने बताया कि इबरान पूर्व में भी बाइक चोरी तथा आर्म्स एक्ट के मुकदमों में जेल जा चुका है। इबरान ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह ठाकुरद्वारा, उत्तर प्रदेश से स्मैक खरीदकर नशेड़ी लड़को को बेचता है। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी ने कहा कि नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान जारी है। नशा तस्करों को किसी भी दशा में नहीं बख्शा जाएगा। नशा तस्करों के विरुद्ध गेंगस्टर अधिनियम में कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई ललित सिंह, हेड कांस्टेबल शैलेंद्र सिंह, कांस्टेबल अरुण कुमार, प्रविंदर सिंह आदि शामिल रहे।

# लंबित वादों का शीघ्र करें निस्तारण: डीएम

## वित्त एवं राजस्व कार्यालय/न्यायालय व संयुक्त कार्यालय का किया निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कार्यालय/न्यायालय व संयुक्त कार्यालय कलक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी कार्यालय/ न्यायालय निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालय वादों को त्वरितगति से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि सभी वादों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करें व पुराने वादों को प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने फौजदारी, राजस्व वाद, स्टांप, खनन वादों को भी त्वरित गति से निस्तरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बोर्ड ऑफ रेवन्यू से प्राप्त वादों की जानकारी लेते हुए उन्हे त्वरित गति से निस्तारित करने तथा सही वैल्यूसन करते हुए जुर्वाना राजस्व वसूली कराने के निर्देश दिए। उन्होंने रजिस्ट्रार व सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में की जा रही रजिस्ट्रीयों का भी समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान खनिज न्यास पटल व न्याय सहायक पटल के पत्रावलियों को गहनता से निरीक्षण किया। खनिज न्यास पटल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने खनन राजस्व वसूली हेतु सीआरए व खनन विभाग से आरसी का मिलान कराने के निर्देश अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व व प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय को दिए।

न्याय सहायक पटल का निरीक्षण के दौरान उन्होंने गाड फाईल को अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पत्रावलियों व पंजिक.ाओं के ठीक से रख-रखाव करने व पुराने पत्रावलियों को रिकार्ड रूम में भेजने तथा यदि कोई पत्रावलियां विडिंग योग्य है तो उनकी सूची बनाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, ओसी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, ऋचा सिंह, मुख्य व्यक्तिक सहायक आनंद विश्वकर्मा, मुख्य प्रशास.निक अधिकारी गणेश आर्या, पटल सहायक देव पालनी, राहुल आर्या आदि मौजूद थे।

# एक नजर

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर हुई कला प्रतियोगिता


शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल किच्छा में सचल दल 2 पुलभट्टा द्वारा सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर आयोजित कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा सड़क का प्रयोग किस प्रकार किया जाए जिससे कि वे स्वयं एवं दूसरों को दुर्घटनाओं से बचा सके, के बारे में जागरुक किया गया।



विद्यालय के प्रधानाचार्य को सड़क सुरक्षा कैलंडर भेट किया गया और प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में सभी उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापक तथा परिवहन विभाग से परिवहन कर अधिकारी आशुतोष डिमरी, परिवहन आरक्षी देवेन्द्र गिरी, राजीव तिवारी, भुवनेश कुमार तथा चालक नंदराम एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाजपा शक्तिफार्म मंडल के विभिन्न मोर्चाओं के अध्यक्षों की घोषणा



शाह टाइम्स संवाददाता

**शक्तिफार्म।** भारतीय जनता पार्टी, जिला ऊधम सिंह नगर के जिलाध्यक्ष कमल कुमार जिंदल की सहमति एवं समस्त जिला मोर्चा अध्यक्षों से विचार-विमर्श के उपरांत भाजपा शक्तिफार्म मंडल के विभिन्न मोर्चाओं के अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है।

घोषणा के अनुसार युवा मोर्चा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी राजा हल्दार को सौंपी गई है। महिला मोर्चा की कमान मीनाक्षी विश्वास को दी गई है। किसान मोर्चा अध्यक्ष के रूप में शंकर गोलदार को नियुक्त किया गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष पद पर सेवा सिंह को दायित्व सौंपा गया है। वहीं अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष पद पर मुकेश कुमार तथा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में मंजीत सिंह की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिन कार्यकर्ताओं पर विश्वास जताया है, वे सभी संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेंगे। सभी मोर्चा अध्यक्ष पार्टी की विचारधारा को मजबूती देने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

# ओवरलोड व बिना टैक्स वाले वाहनों के खिलाफ चला अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** परिवहन विभाग ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए नियम तोड़ने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है।

चलाए गए इस अभियान के तहत विभाग ने दर्जनों ओवरलोड और ओवर हाइट वाहनों को पकड़कर उनके खिलाफ सीज और चालान की कार्रवाई की। इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के वाहन चालकों और ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप मच गया।परिवहन विभाग के कर अधिकारी तारकेंद्र वार्ष्णेय ने टीम के साथ क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने ओवरलोडिंग और ओवर हाइट पाए गए ट्रकों व कैंटरों समेत चार बड़े वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया। इसके अलावा सड़क पर बिना टैक्स चुकाए (टैक्स पैड) दौड़ रहे वाहनों, बिना हेलमेट दुपहिया चालकों और नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शाओं के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई।

विभाग की इस सख्ती को देखकर कई वाहन चालक डर के मारे अपने वाहन सड़कों के किनारे खड़े कर वहां से हट गए, जिससे कुछ समय के लिए सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। परिवहन अधिकारी ने बताया कि बढ़ते कोहरे को देखते हुए रोड सेफ्टी अभियान को और अधिक व्यापक बनाया जा रहा है।

सुरक्षित यातायात के लिए साइन बोर्ड और क्रॉसिंग पर सुरक्षा इंतजामों का जायजा भी लिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के मानकों से समझौता करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। बृहस्पतिवार की कार्रवाई में कुल दर्जन भर चालान किए गए और कई वाहनों को कब्जे में लेकर सीज किया गया।

# फीस वृद्धि के खिलाफ छात्रों ने काटा हंगामा

- **फीस कम किए जाने के समझौते पर खत्म हुआ विवाद**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी स्थित कृष्णा इण्टर कॉलेज के छात्रों ने विद्यालय में अधिक फीस वसूले जाने के खिलाफ कॉलेज गेट पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए धरना शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर कई छात्र नेता व आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी भी मौके पर पहुंचे गए। बाद में छात्र नेताओं की विद्यालय प्रबन्धन से हुई वार्ता के पश्चात फीस कम किए जाने का समझौता होने पर धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।

रोषित छात्रों का आरोप था कि विद्यालय में छात्रों से एक हजार पांच सौ रुपये प्रति माह फीस वसूली जा रही है, जो गरीब व मध्यम वर्ग के परिवारों के बच्चों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि अध्यापकों द्वारा निर्धारित फीस जमा न करने पर छात्रों का विद्यालय में प्रवेश भी रोक दिया गया। इतना ही नहीं छात्रों ने फीस जमा न होने पर पिटाई करने का भी आरोप लगाया। मामले की जानकारी मिलने पर कई छात्र नेता विद्यालय आ पहुंचे व उन्होंने विद्यालय प्रबन्धन से बात की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। जिसके बाद रोषित छात्रों ने विद्यालय गेट पर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने रोषित छात्रों व छात्र नेताओं से बातचीत की। जिसके बाद एक शिष्ट मण्डल ने विद्यालय प्रबन्धन से वार्ता की, जिसमें प्रति विषय एक सौ रुपये फीस लिए जाने पर सहमती बनी। साथ ही सभी छात्रों को अपना गृह कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिसके पश्चात छात्रों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त किया।


## पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को अर्पित की श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर ग्राम लंबाखेड़ा में कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम का आयोजन रुद्रपुर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में किया गया। महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश की आजादी के महान संवाहक थे, जिन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को एक सूत्र में बांधा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और कांग्रेस पार्टी उन्हीं सिद्धांतों को आत्मसात कर देश के विकास में निरंतर योगदान दे रही है। कार्यक्रम में पूर्व पालिक.ाध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा, नरेश सागर, मुनव्वर अली, अरविंद सक्सेना, अनीता, नथिया देवी, मकसूद अली, बलबीर, जफर अली, शरीफ अहमद, इकबाल हुसैन, फुर्सत अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# राजस्व विभाग के चिन्हित किए गए अतिक्रमण को नहीं हटा पाया नगर पंचायत

- **सरकारी मार्ग को पूरी तरह से धीरे-धीरे निगल रहे हैं अतिक्रमणकारी**



शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** वार्ड सात के टावर मार्ग पर पक्के निमार्ण अतिक्रमण को उप तह नानकमत्ता की राजस्व टीम द्वारा बीते वर्ष पूर्व चिन्हित कर लाल निशान लगाये गये ,इस मार्ग पर हुए अतिक्रमण को हटाने में नगर पंचायत विभाग नानकमत्ता पूरी तरह से विफल साबित हो रहा है,जिससे अतिक्रमण करने वालो के हौसले बुलन्द है। यहा अतिक्रमण करने वालो के द्वारा सरकारी मार्ग पर पक्के निमार्ण कराकर अतिक्रमण किया गया है। इस अतिक्रमण को कुछ समय पूर्व एक शिकायत पर चिन्हित किया गया था तथा अतिक्रमण करने वालो को अतिक्रमण हटाने को कहा गया था, परन्तु अतिक्रमण करने वाले लोगों द्वारा अतिक्रमण को नहीं हटाया गया।

बता दें की नगर पंचायत नानकमत्ता में तैनात अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर के वार्ड सात के टावर मार्ग पर पसरे इस पक्के निमार्ण अतिक्रमणकारिओ को ना तो अतिक्रमण हटाने का अब तक कोई नोटिस दिया गया हैं तथा ना ही इस ओर कोई कारवाई की जा रही है। जबकि उच्च न्यायालय एवं प्रदेश की सरकार सरकारी सम्पत्तिओ पर अतिक्रमण को लेकर खासी सखघ्त रुख अपना रही हैं लेकिन यहा नगर पंचायत नानकमत्ता में साहब सीट पर बैठे अधिशासी अधिकारी को नगर पंचायत में सरकारी सम्पत्तिओ व मार्ग की भूमि पर किये गये अतिक्रमण से मानो कोई केना देना नहीं है, इसी घोर लापरवाही के अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद हैं, अतिक्रमणकारी, अतिक्रमण कर सरकारी मार्ग को पूरी तरह से धीरे-धीरे निगल रहे हैं।

# लोगों को दिलाई गई सड़क सुरक्षा की शपथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** परिवहन विभाग ने सिडकुल स्थित फायर स्टेशन के पास सड़क सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम किया। इसमें लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अग्निशमन, हिन्दुस्तान जिंक, टाटा मोटर्स के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

एआरटीओ प्रशासन मोहित कोठारी ने लोगों को सीट बेल्ट पहन कर चौपहिया वाहन चलाने, दोपहिया वाहन को हमेशा हेलमेट पहनकर चलाने, बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, रात को डिपर का प्रयोग करने और विप.रीत दिशा में वाहन न चलाने को लेकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने नेक राहवीर योजना के बारे में बताया कि दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति की गोल्डन ऑवर में सहायता करने पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। प्राथमिकता देते हुए उसे तत्काल चिकित्सालय ले जाने की जानकारी दी गई। लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गयी। यहां एआरटीओ प्रवर्तन नवीन कुमार सिंह, परिवहन कर अधिकारी मुकुल अग्रवाल, सीएफओ ईशान कटारिया, सिडकुल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा, काडिनेटर राजेश मिश्रा, परिवहन उप निरीक्षक गोकुल सिंह, मनोज भंडारी आदि मौजूद रहे।

## बाजपुर लाइन पार की बदहाल सड़क बनी लोगों की परेशानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** नगर के लाइन पार क्षेत्र में गोरिया पेट्रोल पंप के समीप स्थित सड़क पिछले कई महीनों से क्षतिग्रस्त अवस्था में है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन चुके हैं, लेकिन लोक निर्माण विभाग, काशीपुर मंडल की "दिव्य दृष्टि" अब तक इस ओर नहीं पहुंच सकी है। विभागीय उदासीनता और लापरवाही के चलते आम जनता को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



**लोक निर्माण विभाग की उदासीनता उजागर**

सड़क की बदहाली के कारण यहां आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को वाहन निकालने में काफी दिक्कत होती है, वहीं पैदल राहगीरों के लिए भी यह मार्ग जोखिम भरा हो गया है। बरसात के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सड़क खराब होने के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, जिससे उनके कारोबार पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लोगों ने कई बार संबंधित विभाग को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। क्षेत्रवासियों ने लोक निर्माण विभाग से शीघ्र सड़क मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारू हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

# पेयजल पाइप लाइन कार्य का शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** जिला योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत स्वीकृत बाजपुर नगरीय पेयजल योजना के तहत वार्ड नंबर एक मझरा प्रभु में गिल चौक से लेवड़ा नदी तक पेयजल पाइप लाइन बिछाने एवं उससे संबंधित कार्यों का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया।

उक्त योजना के लिए 6.89 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिसका शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य द्वारा 11 नवंबर 2025 को किया गया था। योजना के तहत वार्ड में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पाइप लाइन बिछाई जा रही है। जिससे स्थानीय निवासियों को शुद्ध पेयजल की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि आदित्य चनाना ने कहा कि वार्ड में विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे और जनता की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, पेयजल पाइप लाइन कार्य शुरू होने से वार्डवासियों में उत्साह और संतोष का माहौल देखने को मिला।कार्य शुभारंभ के अवसर पर सभासद प्रतिनिधि आदित्य चनाना सहित पंकज कुमार तिवारी, ज्योति, शीतल सक्सेना, भूरा भाई, राहुल वर्मा, हरिओम राठौर, संदीप यादव, निखिल कश्यप, पैट्रिक अमर सिंह, किशन ठाकुर, पंकज गोस्वामी, उदय रोहित आदि मौजूद रहे।

# वन ग्रामों की वर्षों पुरानी समस्याओं को लेकर की चर्चा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्राम पटरानी गांव के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा नेता इंदर सिंह रावत से उनके रिसोर्ट में आकर मुलाकात की। इस अवसर पर क्षेत्र के समग्र विकास, विशेषकर वन ग्रामों की वर्षों पुरानी समस्याओं को लेकर गहन एवं सकारात्मक चर्चा हुई।

भाजपा नेता इंदर सिंह रावत ने प्रतिनिधिमंडल को स्पष्ट रूप से आश्वस्त किया कि पटरानी सहित सभी वन ग्रामों को शीघ्र राजस्व ग्राम का दर्जा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। गांव में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर भी गंभीर बातचीत हुई।ग्राम मालधन से पटरानी होते हुए ढेला तक सड़क को लिंक रोड के रूप में विकसित करने का विषय प्रमुखता से रखा गया, जिस पर इंदर रावत ने पूर्ण सहयोग और ठोस पहल का आश्वासन दिया।साथ ही यह भी तय हुआ कि शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल विभिन्न मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलवाकर उनकी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी क्षेत्र के विकास और जनविश्वास पर सकारात्मक चर्चा हुई।क्षेत्र का सर्वांगीण विकास, वन ग्रामों को मुख्यधारा से जोड़ना और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना यही हमारा संकल्प है।

# निर्माण श्रमिक बिचौलियों के बजाए सीधे श्रम कार्यालय से लें लाभ

- **650 से अधिक श्रमिकों ने प्राप्त की सुरक्षा किट**

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** जन-जन की सरकार जन-जन के द्वारा कार्यक्रम के तहत निर्माण श्रमिकों को महत्वाकांक्षी योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजना के तहत भारत सरकार द्वारा श्रम कल्याण विभाग के माध्यम से निर्माण श्रमिकों को सुरक्षा किट प्रदान की जा रही है। किट में कंबल, छाता, बूट, हेलमेट आदि सुरक्षा सामग्री है।

श्रम पर्वतन अधिकारी मीनाक्षी भट्ट की देखरेख में केंद्र सरकार की योजना के तहत श्रम कार्ड के माध्यम से 90 दिन तक मजदूरी करने वाले को लाभान्वित किया जाता है। श्रम कार्ड के माध्यम से प्रत्येक श्रमिक को सुरक्षा किट का लाभ दिया जा रहा है। श्रम पर्वतन अधिकारी मीनाक्षी भट्ट ने बताया कि अभी तक 650 से अधिक श्रमिकों को सरकार की इस योजना का निशुल्क लाभ दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त लगभग 1000 श्रमिकों को इस योजना का लाभ दिया जाता है। इसके अतिरिक्त श्रम विभाग सरकार द्वारा लगाए जा रहे विभिन्न शिविरों के माध्यम से भी लाभार्थियों को केंद्र सरकार की जनपयोगी योजना का लाभ दिया जा चुका है।



कंजाबाग रोड़ स्थित श्रमिक सुविधा केंद्र में श्रम पर्वतन अधिकारी मीनाक्षी भट्ट ने श्रमिक महिलाओं से अपील की कि वह सरकार की योजना का निशुल्क लाभ लें। उन्होंने किसी बिचौलिए को लाभ के एवज में सुविधा शुल्क न देने की अपील की। श्रमिक सीधे कार्यालय में आकर अपने काग.जात तैयार कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

# शहीद दिवस के उपलक्ष्य में विधिक कैंप का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के तत्वाधान में सचिव के आदेशानुसार लाइंस पब्लिक स्कूल में शहीद दिवस के उपलक्ष में एक कैंप का आयोजन किया। जिसमें एडवोकेट सहाना बेगम, पैनल अधिवक्ता पैरा लीगल वालियनटर गीता शर्मा, लाल सिंह, प्रीती राना, आशा रानी ने उपस्थित होकर कैंप में सहयोग किया। विधिक कैंप का संचालन पीएलबी गीता शर्मा द्वारा किया गया। कैंप में अतिथि के रूप में कैप्टन शंकर सिंह सामंत, कैप्टन सुरेंद्र सिंह भंडारी, कैप्टन पुष्कर सिंह ने अपने विचार रखें। अधिवक्ता सहाना बेगम ने मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, भरण पोषण, घरेलू हिंसा, शिक्षा का अधिकार, सड़क सुरक्षा अभियान सड़क सुरक्षा के नियम, बालिकाओं की सुरक्षा के नियम साइबर क्राइम, नशा, राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, के बारे में बच्चों को जागरूक कर कैंप का समापन किया।

## भाकियू ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व कृषकों की मंडी समिति प्रेक्षा गृह में मीटिंग हुई, जिसमें तीन सूत्री मांग को लेकर एक ज्ञापन तहसील पहुंचकर तहसीलदार दिलीप सिंह नेगी को सौंपा।

मीडिया से बातचीत करते हुए भाकियू के युवा ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह ने धान के पेमेंट ना होने को लेकर रोष जताते हुए बताया कि किसानों द्वारा अपना धान सरकार/राइस मिलर्स को दिए हुए लगभग चार माह बीत गए हैं लेकिन कुछ राइस मिलर्स द्वारा प्रशासन की मौजूदगी में 2280/- रुपये प्रति कुंतल सहमति बनने के बाद भी अभी तक शिक्षकों के खाते में पेमेंट नहीं पहुंचा है जो गलत है। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग द्वारा नलकूपों पर एएसडी चार्ज लगाया जा रहा है जो बिल्कुल गलत है जिसको हटाने की मांग भाकियू पदाधिकारी और किसानों द्वारा काफी पहले से की जा रही है। उन्होंने आवारा पशु को भी लेकर प्रशासन से उनके लिए जो महुआ डाबरा में स्थान चिन्हित हुआ है वहां पर आवारा पशुओं को बांधने का इंतजाम प्रशासन से करवाने की मांग की। उक्त अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के अनेक पदाधिकारी और क्षेत्रीय कृषक मौजूद रहे।

# सर्राफ स्कूल फीस मामले में जांच कमेटी ने किए बयान दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सराफ पब्लिक स्कूल के प्रबंधन द्वारा छात्र को प्रयोगात्मक परीक्षा से रोके जाने तथा फीस मामले संबंधी अभिभावकों की शिकायत पर

खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रसाद कुशवाहा द्वारा एक तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है। जांच टीम में शामिल जिसमें प्रधानाचार्य राणा प्रताप इंटर कालेज, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन गहतोड़ी एवं राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय दिंया के सहायक अध्यापक करूणेश सिंह सर्राफ पब्लिक स्कूल पहुंचकर प्राचार्य अशोक बंसल, शिकायत करने वाले अभिभावकों तथा उनके बच्चों के बयान दर्ज किए।

अभिभावकों का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों से विद्यालय द्वारा विलंब शुल्क जमा कराया जाता है एवं हर वर्ष फीस वृद्धि कर उनका आर्थिक एवं मानसिक शोषण किया जा रहा है। जिसको लेकर खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा को शिकायती पत्र सौंपा गया था। वहीं आरोप है कि कि शिकायतों के बावजूद भी संबंधित स्कूलों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि लगातार की जा रही फीस वृद्धि नियम विरुद्ध है। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी पर मामले में उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है। वहीं अभिभावकों ने दोषी पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की।



गौरतलब है कि इस संबंध में जांच कमेटी एक सप्ताह के भीतर जांच के उपरांत आगे की कार्यवाही करेगी। इस मौके पर भाजपा के पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री गणेश ठकुराठी, पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा, बार एसोसिएशन के सचिव भारत पांडे, जगदीश दिगारी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष किशोर जोशी, भुवन जोशी, सनी बाजोरिया, हेमराज रावत, बीके सिंह, प्राचार्य अशोक बंसल, पवन कुमार, दर्पण कपूर तथा कला कापड़ी आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

## ग्रामीण क्षेत्रों के बाद अब नगरी इलाकों में 'सरकार जनता के द्वार' शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता



फरवरी में चंपावत जिले के सभी नगर क्षेत्रों में एक ही स्थान पर मिलेंगी सभी सरकारी सुविधाएं

**चंपावत।** ग्रामीण क्षेत्रों में 17 दिसंबर से 30 जनवरी तक सफलतापूर्वक संचालित किए गए सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के बाद अब जिला प्रशासन ने नगरी क्षेत्रों में भी जनसुविधा शिविर लगाने का निर्णय लिया है। इन शिविरों के माध्यम से नगरी क्षेत्र के पात्र नागरिकों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरी क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 4 फरवरी को नवसृजित पार्टी नगर पंचायत से होगी। इसके बाद 6 फरवरी को लोहाघाट, 11 फरवरी को चंपावत के गौरव चरण मैदान, 13 फरवरी को बनबसा के पूर्णागिरि इंटर कॉलेज तथा 17 फरवरी को टनकपुर के गांधी मैदान में जनसुविधा शिविर लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इन शिविरों में विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगी, जिससे आम लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने सभी नगरी क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाएं।

## सांसद चैंपियंस ट्रॉफी का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** खेल महाकुंभ के अंतर्गत आयोजित सांसद चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दसवें दिन नेहरू युवा केंद्र (एन.यू.रा.इ.) पिथौरागढ़ के मैदान में अंडर-19 बालक वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र बल्दिया उपस्थित रहे तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट दिवस प्रभारी के रूप में मौजूद रहे। जिला युवा कल्याण अधिकारी डा. जगदीश कुमार नेगी द्वारा मुख्य अतिथि को बैज पहनाकर स्वागत किया गया।




अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता में जनपद की 12 विधानसभाओं में से 8 विधानसभाओं के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। आज खेले गए मुकाबलों में विधानसभा पिथौरागढ़, डीडीहाट, लोहाघाट एवं अल्मोड़ा की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। पहला सेमीफाइनल विधानसभा डीडीहाट एवं लोहाघाट के मध्य खेला जाएगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल विधानसभा पिथौरागढ़ एवं अल्मोड़ा के मध्य खेला जाएगा। जिला युवा कल्याण अधिकारी डॉ. जगदीश कुमार नेगी ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के अंतिम दिवस कल अंडर-19 वर्ग के शेष मैचों का आयोजन किया जाएगा। आज की प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में पंकज रावत, यतीश ओझा, नितिन उप्रेती, भूपेंद्र चौहान, कृष्णा जोशी, राजेंद्र खोलिया, अर्जुन कुमार, इंद्रजीत सामंत तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दीपक चंद्र भट्ट, कुलदीप, गंगा, हेमा पांडे सहित समस्त पीआरडी जवानों ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## पंजाबी सूफी संत बुल्ले शाह के स्मारक में तोड़फोड़ की निंदा की

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** समाजवादी लोकमंच ने मसूरी में विगत 24 जनवरी को भाजपा और असमाजिक तत्वों द्वारा पंजाबी सूफी संत बुल्ले शाह के स्मारक पर हमला कर तोड़फोड़ करने की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने एवं उनके स्मारक के पुनर्निर्माण की मांग की है।

मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि जिस तरह से तालिबानों ने अफगानिस्तान के बामियान में बौद्ध मूर्तियों को नष्ट किया था, उसी तरह से भाजपा और असमाजिक तत्व पंजाबी के सूफी संत बुल्ले शाह की स्मारक को नष्ट कर रही है। उन्होंने कहा कि बुल्ले शाह ने पूरी दुनिया को प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। बुल्ले शाह सूफी काव्य के शिखर पुरुषों में हैं। उनकी कविताएं (काफियां) रूहानियत, प्रेम और सामाजिक पाखंड पर चोट करने के लिए जानी जाती हैं। उनकी रचनाएं इतनी मशहूर है कि उन पर पर बहुत सारे फिल्मी गीत भी बन चुके हैं। बुल्ले शाह ने लगभग 300 वर्ष पूर्व कहा था कि मस्जिद ढा दे, मंदिर ढा दे, ढा दे जो कुछ ढैंदा, पर किसी दा दिल ना ढावीं, रब दिलां विच रहिंदा। जिसका अर्थ है कि मस्जिद गिरा दो, मंदिर गिरा दो। जो कुछ भी गिराया जा सकता है, उसे गिरा दो लेकिन कभी किसी इंसान का दिल मत तोड़ना, क्योंकि परमात्मा (रब) इंसानों के दिलों में निवास करता है। मुनीष कुमार ने कहा कि उत्तराखंड, देश में ही नहीं बल्कि दुनिया में नफरत फैलाने में सबसे आगे पहुंच रहा है। यहां की सरकार जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार व सुरक्षा देने में नाकाम रही है और अपनी नाकामी पर पर्दा डालने के लिए वह अपने नफरती ऐजेंडे को आगे बढ़ा रही है और यही कारण है कि उत्तराखंड में एक के बाद एक करके अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ रहे हैं और उनकी धार्मिक और ऐतिहासिक इमारतों को तोड़ा जा रहा है जो कि बेहद चिंताजनक है। समाजवादी लोक मंच ने देश और प्रदेश के सभी अमन पसंद और जनवादी लोगों से नफरती हिंसा और बुल्ले शाह के स्मारक पर किए गए हमले के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया है।

## एक दिवसीय रामगंगा कॉन्फ्रेंस का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर द्वारा एक दिवसीय रामगंगा कॉन्फ्रेंस एक रिजॉर्ट में आयोजित की गयी। कार्बेट डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला ने बताया कि इस कांफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य रामगंगा नदी के संरक्षण एवं सर्वधन के साथ-साथ जलीय जीवों की जैव विविधतता का अध्ययन व संरक्षण, जल गुणवत्ता को बढाना,जल प्रदूषण को रोकना एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से रामगंगा नदी एवं उसकी जैव विविधतता का अनुवीक्षण करना है।

उन्होंने बताया कि जन-सहभागिता के माध्यम से इस पहल को जन-जन तक प्रचारित करना रहा।विशेषज्ञों द्वारा अपने विचार रखे गये।भविष्य की रणनीति को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों द्वारा 04 सेशन दिये गये, जिसमें प्रजेन्टेशन के माध्यम से तथ्यों को रखा गया व रामगंगा नदी के संरक्षण पर बल दिया गया। रामगंगा नदी के साथ-साथ उसकी सहायक नदियों के भी विस्तृत सर्वे व क्वालिटी मॉनिटरिंग पर चर्चा की गयी।नदी में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए जन-सम्पर्क कर लोगो को जागरूक करना। ग्राम पंचायत, नगरपालिका, स्वयंसेवी संस्था एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर उसको कम करने की मुहिम पर सहमति बनी। कॉन्फ्रेंस के बाद कार्बेट डायरेक्टर डा. साकेत बडोला की अध्यक्षता में विशेषज्ञों के साथ एक खुली चर्चा रखी गयी। उन्होंने रामगंगा नदी का आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदूषण उन्नमूलन, नदी को उसके प्राकृतिक स्वरूप में पुन: अवस्थित करना और जन-भगीदारी से जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए सभी विशेषज्ञों द्वारा उनके बहुमूल्य सुझाव लिए गये तथा एक कॉम्प्रेंसिव सौंप तैयार करने पर सहमति व्यक्त की गयी। सभी विशेषज्ञों से उचित समन्वय, रणनिति निर्धारण व आगामी कार्यवाही के लिए एक ईमेल ग्रुप बनाया गया, जिससे भविष्य में उपरोक्त मुहिम की निरन्तरता बनी रहे। इस दौरान कार्बेट डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला,डीएफओ कालागढ़ तरूण श्रीधरा, डा. जेए जॉनसन, विशेषज्ञ एफ डब्लूआईआई डॉक्टर जेए जॉनसन, सीनियर डायरेक्टर इकोलोजिकल फुटप्रिंट डब्लूडब्लूएफ सुरेश बाबू, कॉर्डिनेटर स्पीसिस कॉन्सवेशन डॉक्टर मिराज अनवर, विशेषज्ञ डा. नीलम रावत, डिप्टी डायरेक्टर टीसीएफ डॉक्टर एचएस बर्गाली, अध्यक्ष श्रमयोग अजय कुमार, संस्थापक सदस्य श्रमयोग शंकर दत्त, राकेश खर्ती, सुमंथा घोष, एजी अंसारी, एसडीओ, कालागढ टाइगर रिजर्व प्रभाग शिप्रा वर्मा, कालागढ़ एसडीओ अमित ग्वासाकोटी,रेंजर अजय सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# शिविरों में 269 शिकायतों का मौके पर ही हुआ निस्तारण

■ जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शिविरों का सफल आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद पिथौरागढ़ के समस्त 64 न्याय पंचायतों में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत17 दिसम्बर, 2025 से 12 फरवरी, 2026 तक जन सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में न्याय पंचायत नायल के रा.इ.का. गणाई, विकासखण्ड गंगोलीहाट जनपद पिथौरागढ़ में शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर यशवीर सिंह, उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। शिविर में दर्जा मंत्री हेमराज बिष्ट, विधायक फकीर राम टम्टा सहित कुल 34 जनप्रतिनिधियों तथा 60 अधिकारी/कार्मिकों की उपस्थिति रही। शिविर में लगभग 350 लोगों ने प्रतिभाग किया तथा 413 लाभार्थियों को विभिन्न केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

शिविर में कुल 127 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 111 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष 16 शिकायतों को सम्बन्धित विभागों को अग्रसारित किया गया।

वहीं न्याय पंचायत दूनाकोट के रा. हाईस्कूल किरौली, विकासखण्ड डीडीहाट में शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी खुशबू पाण्डेय द्वारा की गई। शिविर में नरेन्द्र सिंह धामी सहित 24 जनप्रतिनिधियों एवं 83 अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 360 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा 511 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इस शिविर में कुल 103 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 97 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया एवं शेष 06 शिकायतों को सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया गया। न्याय पंचायत दुग्तू के पंचायत घर गोठी, विकासखण्ड धारचूला में शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी आशीष जोशी द्वारा की गई।

शिविर में अशोक नबियाल, दर्जा मंत्री सहित 42 जनप्रतिनिधियों एवं 56 अधिकारी/कार्मिकों की उपस्थिति रही।

शिविर में लगभग 400 लोगों ने प्रतिभाग किया तथा 821 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में कुल 61 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका मौके पर ही शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया।

## शहीद दिवस पर लोहाघाट में भावपूर्ण श्रद्धांजलि, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** शहीद दिवस के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शहीदों का भावपूर्ण स्मरण किया गया। श्रद्धा सुमन अर्पित कर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से शहीदों के बलिदान को नमन किया गया। इसी क्रम में गुमदेश के चमदेवल स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां शहीदों को याद करने के बाद बच्चों के लिए खेल एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 400 मीटर दौड़ में पवन ने प्रथम, सुजल ने द्वितीय और अनुज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में अंजलि, जिया और करिश्मा के प्रभावशाली वक्तव्यों को सराहते हुए क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान नीतू धौनी तथा सामाजिक कार्यकर्ता नेहा धौनी ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गांव के लोगों की उपस्थिति ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया और कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

## सीएमएस के प्रोजेक्ट एवं चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन

■ महाराणा प्रताप राजकीय आईटीआई खटीमा सभी में अव्वल

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** महाराणा प्रताप जनजाति राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खटीमा में (टाटा स्ट्राइ) सीएमएस द्वारा प्रोजेक्ट एवं चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चार आईटीआई क्रमशः महाराणा प्रताप जनजाति राजकीय आईटीआई खटीमा,राजकीय आईटीआई टनकपुर, राजकीय आईटीआई खटीमा जनरल, राजकीय आईटीआई सितारगंज ने प्रतिभाग किया। चार्ट प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तीनों स्थानों पर महाराणा प्रताप राजकीय आईटीआई खटीमा रहा। प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजकीय आईटीआई टनकपुर, द्वितीय स्थान पर महाराणा प्रताप राजकीय जनजाति आईटीआई खटीमा एवं तृतीय स्थान पर राजकीय आईटीआई सितारगंज रहा। सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को कैलाश भट्ट नोडल प्रधानाचार्य टनकपुर चंपावत, वीरेंद्र कुमार अधीक्षक महाराणा प्रताप आईटीआई खटीमा एवं बीएमस के प्रोजेक्ट मैनेजर सौरभ श्रीवास्तव और जतिन सिंह समन्वयक द्वारा पुरस्कार एवं मैडल वितरित किए गए। इस अवसर पर हरीश चंद्र फुलेरा, मनीष वर्मा, प्रमोद पोखरिया, शैलेश सक्सेना, संजय रावत और अन्य संस्थाओं के फोरमैन एवं अनुदेशक उपस्थित रहे।



## डाइवर्जन की समस्या पर भड़के लोग

■ समाधान नहीं हुआ, तो बनाएंगे वैकल्पिक पुल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** बाजपुर बेरिया रोड स्थित लेवड़ा नदी के डाइवर्जन से उत्पन्न हो रही गंभीर समस्याओं को लेकर क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। डाइवर्जन पर आए दिन लगने वाले जाम से राहगीरों, स्कूली बच्चों, मरीजों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसी को लेकर भाजपा नेता गौरव शर्मा ने कहा कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रशासन से मांग की गई है और उम्मीद है कि जल्द ही यहां से आने-जाने वालों के लिए सुचारु व्यवस्था की जाएगी। जाम की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद शुक्रवार को एसडीएम अमृता शर्मा मौके पर निरीक्षण करने पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।




एसडीएम ने कहा कि डाइवर्जन पर यातायात व्यवस्था सुधारने और जाम की समस्या खत्म करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

वहीं उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि लेवड़ा नदी के डाइवर्जन की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो स्थानीय लोग स्वयं वैकल्पिक पुल बनाने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार फंड का रोना नहीं रो सकती, क्योंकि यह सीधी-सीधी जनसमस्या है और इसका समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन के लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की। ताकि क्षेत्रवासियों को रोजाना की परेशानी से निजात मिल सके।

## ऑडियो बनाने और वायरल करने वालों की भी हों जांच: मीना

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** कथित ऑडियो प्रकरण में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की वॉइस सैंपलिंग और ऑडियो को वायरल करने वालों की जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को पूर्व पालिकाध्यक्ष और कांग्रेसी नेता मीना शर्मा एसएसपी कार्यालय पहुंचीं। एसएसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व पालिकाध्यक्ष ने कहा कि जो लोग ऑडियो में पूर्व विधायक के बयानों को लेकर ताली बजा रहे थे, ऐसे लोगों की भी जांच होनी चाहिए। जहां महिला शक्ति को पूजा जाता है, वहां इस तरह से ताली बजा रहे हैं तो यह समाज किस दिशा में जा रहा है। मीना ने कहा कि कि ऑडियो असली है या नकली, इसकी जांच की जाए।

आवाज पूर्व विधायक की है या किसी और की, इसकी पुष्टि वाइंस टेस्टिंग के बाद होगी।

उन्होंने कहा कि ऑडियो किसके मोबाइल से बनाई गई और ऑडियो को वायरल करने वाले लोग कौन हैं, इन सभी को चिह्नित कर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने बताया एसएसपी ने उन्हें जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

वहीं एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि मामले जांच की जा रही है। जांच कर रही पुलिस टीम जल्द ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के बयान दर्ज करेगी। इसके अलावा मामले में वॉइस सैंपलिंग की जाएगी और किस मोबाइल से ऑडियो बनाया और वायरल किया गया है।

इसकी भी जांच की जा रही है। इससे आगे की कार्रवाई की जा सके।

## गन्ने की कमी से चीनी मिल पर समय से पहले बंदी का संकट

■ किसानों से 31 जनवरी तक आपूर्ति की अपील



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** बाजपुर कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्री पर गन्ने की कमी के चलते समय से पहले बंदी का गंभीर संकट मंडराने लगा है। चीनी मिल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यदि गन्ना आपूर्ति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो 31 जनवरी 2026 के बाद मिल को अंतिम रूप से बंद किया जा सकता है। इसे लेकर मिल प्रशासन ने गन्ना उत्पादक किसानों से अपील की है कि जिन किसानों के पास अभी भी मिल को देने योग्य गन्ना उपलब्ध है। वे 31 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से आपूर्ति सुनिश्चित करें, ताकि पेराई कार्य जारी रह सके। हालांकि जमीनी हालात इससे अलग नजर आ रहे हैं।

किसानों का आरोप है कि चीनी मिल प्रशासन की लापरवाहियों के कारण वे गन्ना लेकर मिल तक नहीं पहुंच रहे हैं। किसानों का कहना है कि सबसे बड़ी समस्या गन्ने के भुगतान में हो रही लगातार देरी है। समय पर भुगतान न मिलने से किसान आर्थिक संकट में फंस गए हैं। जिस कारण वे मजबूरी में निजी क्रय केंद्रों अथवा अन्य विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। किसानों का यह भी कहना है कि भुगतान को लेकर कई बार शिकायतें और मांगें उठाई गईं, लेकिन व्यवस्था में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ। इससे मिल प्रशासन और किसानों के बीच भरोसे की खाई लगातार बढ़ती जा रही है। परिणामस्वरूप गन्ना आपूर्ति घटती चली गई और अब चीनी मिल पर बंदी की नौबत आ खड़ी हुई है।

वहीं, क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज है कि बाजपुर चीनी मिल को निजीकरण की दिशा में ले जाने की योजना के तहत ही कुछ कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही शुरुआती दिनों में मिल के सुचारू रूप से न चल पाने के कारण इस सत्र में रिकवरी को लेकर भी सवाल उठने की संभावना जताई जा रही है। जिससे मिल को भारी घाटा हो सकता है। स्थानीय किसान संगठनों और कृषकों ने मांग की है कि यदि मिल प्रशासन वास्तव में पेराई कार्य को जारी रखना चाहता है तो उसे तत्काल बकाया भुगतान जारी करना चाहिए और भविष्य में समयबद्ध भुगतान की ठोस व्यवस्था करनी होगी। किसानों का कहना है कि यदि चीनी मिल बंद होती है तो इसका सीधा असर हजारों गन्ना उत्पादक किसानों की आजीविका पर पड़ेगा।

अब यह देखने वाली बात होगी कि चीनी मिल प्रशासन किसानों की समस्याओं को कितनी गंभीरता से लेकर समय रहते समाधान करता है या फिर गन्ने की कमी के चलते बाजपुर चीनी मिल का पहिया थम जाता है।

## शिव परिवार एवं नवदेवियों की मूर्तियों के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सुल्तानपुर पट्टी।** श्री जोगेश्वर महादेव शिव मंदिर में भगवान शिव परिवार एवं नवदेवियों की मूर्तियों का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ श्रद्धा और उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर कलश यात्रा में भाग लिया और पूरे नगर को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया।

कलश यात्रा मैन मार्केट स्थित देवी मां के मंदिर से प्रारंभ हुई, जो डीजे की भक्तिमय धुनों पर महिलाओं के नृत्य करते हुए आगे बढ़ी। जयकारों और ढोल-नगाड़ों के बीच यात्रा धूमधड़ाके से श्री जोगेश्वर महादेव शिव मंदिर परिसर पहुंची, जहां मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल सहित समस्त कमेटी सदस्यों द्वारा कलश यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा के पश्चात काशीपुर से पधारे विद्वान आचार्य डॉ. सुरेंद्र शर्मा मधुर के सान्निध्य में भगवान शिव परिवार एवं नवदेवियों की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा विधिविधान से प्रारंभ हुई। धार्मिक अनुष्ठान में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल अपनी धर्मपत्नी ज्योति अग्रवाल तथा अनिल गुप्ता अपनी धर्मपत्नी नीलम गुप्ता के साथ यजमान के रूप में शामिल हुए।



पूजा-अर्चना के दौरान ब्राह्मण वरण, जलाधिवास, अन्नाधिवास, शय्याधिवास, आरती एवं प्रसाद वितरण जैसे सभी धार्मिक संस्कार श्रद्धा और नियमपूर्वक संपन्न कराए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लिया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्ति, आस्था और उल्लास से गूंजता रहा।

## रिवर ड्रेजिंग के लिए 7 खुली नीलामी में करोड़ों की बोली

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** विभिन्न ग्रामों में रिवर ड्रेजिंग के कार्य में एकत्रित सिल्ट/मिट्टी की खुली नीलामी का आयोजन किया गया। इस नीलामी में 7 अलग-अलग ग्रामों में अधक्तम बोली लगाई गई, जिससे सरकारी खजाने में करोड़ों रुपये की आय हुई।

ग्राम थारुतिसौर में रनवीर सिंह ने 46.65 लाख रुपये की बोली लगाई। ग्राम रसोईयापुर में नानक इण्टर प्राईजेज जगप्रीत सिंह ने 35.35 लाख रुपये की बोली लगाई। ग्राम चिकाघाट में मेसर्स कृष्णा कन्सट्रक्शन कम्पनी ने 37.60 लाख रुपये की बोली लगाई। ग्राम कौंधारतन और बमनपुरी में श्याम कुमार ने 70.35 लाख रुपये की बोली लगाई। ग्राम कल्याणपुर(1) में श्री शिव कुमार अग्रवाल ने 5.02 करोड़ रुपये की बोली लगाई। ग्राम कल्याणपुर(2) में भी श्री शिव कुमार अग्रवाल ने 2.99 करोड़ रुपये की बोली लगाई। इस नीलामी से सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये की आय होगी, जिससे क्षेत्र के विकास कार्यों में मदद मिलेगी। यह नीलामी पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से आयोजित की गई, जिससे सरकारी खजाने को अधिकतम आय प्राप्त हुई।

## जोशी ने किया वीर स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय स्मृति पार्क का लोकार्पण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

■ सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा -राय का जीवन देशभक्ति ■ शौर्य एवं कर्तव्यपरायणता का अनुपम उदाहरण

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज जैंतनवाला क्षेत्र में मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 17.47 लाख की लागत से निर्मित वीर स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय स्मृति पार्क के सौन्दर्यकरण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने वीर स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय नव निर्मित मूर्ति का भी अनावरण कर उन्हें पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जैंतनवाला में 26.99 लाख की लागत के इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सडक निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया।




इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय का जीवन देशभक्ति, शौर्य एवं कर्तव्यपरायणता का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह स्मृति पार्क न केवल वीर सपूत स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय के बलिदान को अमर बनाए रखेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा एवं देशप्रेम की प्रेरणा भी प्रदान करेगा। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पार्क के सौन्दर्यकरण से क्षेत्रवासियों को बेहतर सार्वजनिक स्थान उपलब्ध होगा तथा स्थानीय लोगों के साथ-साथ बच्चों और युवाओं को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार राज्य में शहीद आश्रितों, पूर्व सैनिकों और सेवा निवृत्त सैन्य कर्मियों के लिए विविध कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि सैनिक और पूर्व सैनिक देश की शान हैं, जिनके त्याग, बलिदान और अनुशासन के कारण आज भारत सुरक्षित और सशक्त है। उन्होंने कहा कि सैनिक के सम्मान में देहरादून में बन रहे भव्य सैन्य धाम का लोकार्पण भी शीघ्र ही किया जाएगा। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दौरान मंत्री जोशी ने ग्राम पंचायत हरियावाला खुर्द, जैन्तनवाला ग्रीन लॉन कॉलोनी में 02 कि0मी0 नाली एवं सड़क निर्माण कार्य की भी घोषणा की।

# फार्मासिस्टों को हाईकोर्ट से मिली राहत

## याचिका के अंतिम निस्तारण से पूर्व पद पर बनाए रखने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य की डिस्पेंसरियों में उपनल के माध्यम से वर्षों से सेवारत फार्मेसिस्टों के स्थान पर नई भर्ती प्रक्रिया शुरू किए जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई के बाद याचिका के अंतिम निस्तारण से पूर्व याचिकाकर्ताओं को पद पर बनाये रखने के निर्देश दिए हैं साथ ही राज्य सरकार, चिकित्सा सेवा भर्ती बोर्ड, उपनल व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है। न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की अवकाशकालीन एकलपीठ ने उपनल के माध्यम से सेवारत दीपक कुमार व 9 अन्य की याचिकाओं की सुनवाई करते हुए निर्देश दिया है कि उन्हें वर्तमान पद पर कार्य करते रहने दिया जाए साथ ही संबंधित विभाग



को इन सभी याचिकाकर्ताओं के लिए पद सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिए हैं।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने अपनी सेवा और पद की सुरक्षा को लेकर अदालत से गुहार लगाई थी जिस पर गौर करते हुए कोर्ट ने यह अंतरिम व्यवस्था दी है। अदालत ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए अंतरिम उपाय के रूप में उन्हें उनके पदों से नहीं हटाया जाएगा। अब इस मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी शुक्रवार को तय की गई है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि इस याचिका को इसी तरह के एक अन्य याचिका संख्या 121/2026 के साथ सूचीबद्ध किया जाए ताकि दोनों पर एक साथ विचार किया जा सके।

### परिवहन निगम के रिटायर्ड कर्मियों को भी राहत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड परिवहन निगम के द्वारा निगम से सेवानिवृत कर्मचारियों से उनके सेवानिवृत के बाद निगम द्वारा दिए गए लाभों को निगम के द्वारा उनसे वसूली किए जाने के मामलों पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद अवकाश कालीन न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्यय की पीठ ने सुनवाई के बाद पूर्व के आदेश के आधार पर याचिकाओं को निस्तारित करते हुए निगम को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ताओं को सेवानिवृत के बाद दिये गए समस्त लाभों को न वसूला जाए। मामले के अनुसार जगदीश प्रसाद पंत, राम सिंह व सुरेश चंद्र मासीवाल ने उच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर कर कहा कि उनके द्वारा उत्तराखण्ड परिवहन निगम में कई वर्षो की संतोषजनक सेवा करने के बाद सेवानिवृत हुए हैं। सेवानिवृत होने के दौरान उनको सेवानिवृत के लाभ दिए गए परन्तु अब निगम उनको दिए गए लाभों को उनसे रिकवरी कर रहा है जो कि विभागीय नियमावली उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध है। क्योंकि एक बार दिए गए लाभों को दुबारा कर्मचारियों से नही वसूला जा सकता। निगम के द्वारा वसूली का आदेश सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय के आदेश के विपरीत है। इसलिए उनकी रिकवरी आदेश पर रोक लगाई जाए। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने पूर्व के आदेश के क्रम पर उनकी रिकवरी आदेश पर रोक लगाते हुए याचिकायें निस्तारित कर दी हैं।

### कोतवाली में शहीदों को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कोतवाली में शहीद दिवस मनाया गया। इस दौरान नमन करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए उपनिरीक्षक पंकज जोशी के नेतृत्व कोतवाली में दो मिनट का मौन रख कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उपनिरीक्षक पंकज जोशी ने बताया कि आज ही के दिन हमारे देश को आजादी दिलाने वाले सबके प्रिय महान महत्मा गांधी जी की गोली मारकर हत्या की गई थी। तभी से 30 जनवरी को पूरे देश में उनकी पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप मनाया जाता है। इस दौरान उनकी शहादत को याद भी किया गया। इस दौरान एसआई बलवीर सिंह, तनवीर आलम, जयवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, जयपाल सिंह सहित सिपाही किशन नाथ, तेजपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह मेहता, मोहन जोशी, राज. कुमार कंबोज सहित अनेक पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बिरसीग्या गांव के लिए सड़क स्वीकृत

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के धारी ब्लॉक के बिरसीग्या गांव के ग्रामीणों की उम्मीद वन मंत्रालय से सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के साथ जगी है। क्षेत्र के समाजसेवी रमेश टम्टा ने बताया कि सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कि मांग विधायक राम सिंह कैड़ा समेत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शासन प्रशासन के अधिकारियों पूर्व में की गयी थी। मामले में लोनिवि के अधिशासी अभियंता के कृष्ण कुमार ने बताया कि वन मंत्रालय से स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई के तहत सड़क निर्माण कार्य जल्द कराया जायेगा।

### सरस्वती विहार की प्रवेश परीक्षा कल

**नैनीताल।** नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में रविवार यानी 1 फरवरी को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश के मुताबिक प्रवेश परीक्षा में देश भर के 18 विभिन्न राज्यों तथा 3 अन्य देशों से सैकड़ों विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे जो संस्थान की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान को दर्शाता है। प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के आगमन को देखते हुए उनकी सुविधा हेतु हल्द्वानी व काठगोदाम रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड के संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर विद्यालय तक विद्यार्थियों को लाने के लिए बसों एवं अन्य वाहनों की समुचित व्यवस्था की गई है साथ ही परीक्षा के दिन पुलिस प्रशासन का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त रहेगा जिससे यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था सुचारु रूप से बनी रहेगी। उन्होंने सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से आग्रह किया कि परीक्षा प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु सभी परीक्षार्थी 1 फरवरी रविवार की प्रातः 9 बजे तक अनिवार्य रूप से परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों। कहा कि समय से पूर्व पहुँचने से प्रवेश, पहचान सत्यापन एवं अन्य औपचारिकताओं को सरलता से पूर्ण किया जा सकेगा।

### लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी

**नैनीताल।** सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार यातायात दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए प्रदेश में 16 जनवरी से सडक् सुरक्षा माह का आयोजन किया गया है। एसएसपी नैनीताल डा. मंजुनाथ टीसी की ओर से सभी थाना/यातायात प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में यातायात जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने के सखत निर्देश दिए गए हैं। अभियान के तहत एसपी डा. जगदीश चन्द्र के नेतृत्व में नैनीताल पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसके तहत नैनीताल के सूखाताल क्षेत्र में टीएसआई हरीश सिंह फर्त्याल ने टैक्सी ड्राइवरों तथा केमू बस चालकों व स्थानीय लोगों को एकत्र कर यातायात नियमों की जानकारी दी साथ ही ओवर लोडिंग, तेज रफ्तार तथा शराब पीकर वाहन न चलने की अपील की। उन्होंने नियमों के उल्लंघन करने पर की जाने वाली कार्रवाई की भी जानकारी दी।

### कोटाबाग मंडल अध्यक्ष बने रमन जीत सिंह पन्नू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कोटाबाग भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के मंडल अध्यक्ष के रूप में रमन जीत सिंह उर्फ पन्नू की नियुक्ति पर बधाई देने का सिलसिला



लगातार जारी है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला नैनीताल अध्यक्ष सैयद अली नकवी ने भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की संतुष्टि और वरिष्ठजनों की राय के बाद कोटाबाग मंडल के इस पद पर रमन जीत उर्फ पन्नू को मना. नीत किया है। रमन जीत सिंह के मनोनयन पर क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, सांसद प्रतिनिधि विक्रम जंतवाल, भाजपा नेता एमपी सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़, प्रदेश महामंत्री मेहमूद हसन बंजारा, जिला मीडिया प्रभारी शाकिर हुसैन समेत कई प्रमुख नेताओं ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि रमन जीत सिंह की पत्नी मनप्रीत कौर 19 पत्तापानी बैलपड़ाव से क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं, जबकि रमन समाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी सक्रिय रहते हैं।

### युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बने तरुण कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कोटाबाग भाजपा युवा मोर्चे के मंडल अध्यक्ष के रूप में तरुण कुमार की नियुक्ति पर बधाई देने का सिलसिला जारी है। भाजपा जिला



नैनीताल के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की संतुष्टि और युवा मोर्चे के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठजनों की राय के बाद कोटाबाग मंडल के भाजपा युवा मोर्चे के मंडल अध्यक्ष के रूप में तरुण कुमार उर्फ सुभम को मनोनीत किया गया है। उनके मनोनीत होने पर क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, सांसद प्रति. निधि विक्रम जंतवाल, भाजपा नेता दीप तिवारी समेत अन्य नेताओं ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि तरुण कुमार को हाल ही में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने भाजपा की सदस्यता दिलाई थी। इसके अलावा, तरुण कुमार हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य चुने गए थे।

### कटखने बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** बेतालघाट विकास खंड के मल्लाकोट, तल्लाकोट तथा धनियाकोट के साथ ही अन्य क्षेत्रों में कटखने बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। बेतालघाट निवासी कृपाल सिंह मेहरा ने इस संबंध में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को ज्ञापन सौंप बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है, साथ ही उन्होंने कहा कई बार सीएम पोर्टल में शिकायत की जा चुकी है लेकिन वर्तमान पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्रों में सोलर लाइट लगाने तथा मनरेगा के तहत मजदूरों को कार्य दिलाने की मांग की है। कहा है कि क्षेत्र के विद्यालयों में अध्यापक समय पर नहीं आ रहे जिसका खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है।

## माघ पूर्णिमा पर इस बार महासंगम

**नैनीताल।** आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी के मुताबिक रवि पुष्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग व प्रीति योग का महासंगम है इस बार की माघ पूर्णिमा को। उन्होंने बताया कि ज्योतिष शास्त्रों में रवि पुष्य योग बहुत बड़ा योग माना जाता है। ऐसा योग किसी पर्व विशेष पर बन जाए तो उस पर्व की महत्ता कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे ही इस बार माघ पूर्णिमा को रवि पुष्य योग सर्वार्थ सिद्धि योग एवं प्रीति योग का महासंगम बन रहा है। रविवार और नक्षत्रों के राजा पुष्य नक्षत्र जब एक साथ मिलते हैं तब यह योग बनता है। इस बार यह योग रविवार यानी 1 फरवरी को बन रहा है। संयोगवश उस दिन महत्वपूर्ण माघ पूर्णिमा भी है। कहा कि इस दिन यदि पुष्य नक्षत्र की बात करें तो यह नक्षत्र प्रातः 6.44 बजे से उदय होगा और 42 घड़ी 12 पल अर्थात मध्य रात्रि 11.59 बजे तक रहेगा। अतः रवि पुष्य योग भी रात्रि 11.59 बजे तक रहेगा। यदि सर्वार्थ सिद्धि योग की बात करें तो यह योग भी रात्रि 11.59 बजे तक रहेगा। इसके साथ ही इस दिन प्रीति नामक योग आठ घड़ी दो पल अर्थात प्रातः 10.18 बजे तक है। अतः रवि पुष्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग एवं प्रीति योग का संगम प्रातः 10.18 बजे तक रहेगा इसलिए यह समय निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त होगा। रवि पुष्य योग में सोने के आभूषण, वाहन तथा जमीन घर आदि में निवेश करना और पूजा पाठ अनुष्ठान करना शुभ रहेगा जो कई गुना लाभ प्रदान करता है। इस दिन गंगा स्नान का भी बड़ा महत्व है। इस दिन हरिद्वार तथा प्रयागराज आदि तीर्थ में स्नान का बहुत महत्व है। यदि ऐसा संभव न हो तो घर में ही स्नान के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करें तथा दान पुण्य करें। यदि स्नान के मुहूर्त की बात करें तो इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः 5.24 बजे से 6.17 बजे तक शुभ मुहूर्त है।

### गुलदार ने दुधारू भैंस को बनाया निवाला

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के दूरस्थ विकास खंड ओखलकांडा में गुलदारों के आतंक से ग्रामीण इन दिनों खासे परेशान हैं। बता दें गुलदारों ने ग्राम सभा सुनकोट के काफली निवासी केशव दत्त की दुधारू भैंस को निवाला बनाया गया। इसके साथ ही गुलदार निरंतर ग्राम सभा कैड़ा गांव, ग्राम सभा कूकना तथा ग्राम सभा धैना में लगातार लोगों को दिख रहा है जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। क्षेत्र पंचायत सदस्य कविता नौलिया के द्वारा वन विभाग से देव. धूरा और रेंजर भिगराड़ा और डीएफओ चंपावत से क्षेत्र के चारों ओर झाड़ी कटान करवाने का अनुरा. ध किया गया है और जंगल से लगे क्षेत्रों में सोलर लाइट लगवाने की भी गुजारिश की गयी है।

## स्कूटी हटाने के विवाद में चाकू से वार कर किया लहूलुहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्कूटी हटाने को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। लहूलुहान हालत में युवक को बेस अस्पताल लाया गया। जहां पर युवक को 12 टांके आए है। पीड़ित की ओर से आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी। जानकारी के अनुसार घासमंडी मंगलपड़ाव निवासी विशाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका भाई विनय राजपूत मंगलपड़ाव सब्जी मंडी स्थित एक क्रॉकरी की दुकान में काम करता है। विशाल ने बताया कि रोज की तरह उनका भाई विनय शुक्रवार को भी काम पर गया था। विनय ने दुकान के पास अपनी स्कूटी खड़ी की थी। दोपहर को पास की दुकान में काम करने वाले एक युवक ने विनय से स्कूटी हटाने के लिए कहा। इसी पर दोनों में बहस हो गई। देखते ही देखते बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी युवक ने आक्रोशित होकर पास में खड़े सब्जी के ठेले पर रखा चाकू उठा कर उस पर हमला कर दिया। उसने बताया कि चाकू विनय के मुंह पर लगा और होंठ से लेकर नाक तक लंबा घाव हो गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए बेस अस्पताल में लाया गया। जहां उसके चेहरे पर 12 टांके आए है। विशाल ने आरोपी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर सौंपी। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर आते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## नर्सिंग एकता मंच का प्रदर्शन, भर्ती प्रक्रिया वर्षवार कराने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में नर्सिंग भर्ती वर्षवार कराने और लंबित मांगों के समाधान को लेकर नर्सिंग एकता मंच के बैनर तले नर्सों ने शुक्रवार को बुद्ध पार्क में प्रदर्शन किया। इसके बाद नर्सों ने बुद्ध पार्क से कुमाऊं आयुक्त के आवास तक जुलूस निकालकर ज्ञापन सौंपा।

आयुक्त ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्षवार भर्ती नहीं होने से हजारों योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय हो रहा है। नर्सों ने नर्सिंग अधिकारी भर्ती परीक्षा पोर्टल को बंद करने की भी मांग की। प्रवीण जोशी ने कहा कि आईपीएचएस मानकों के आधार पर शिक्षा स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग अधिका. रियों के रिक्त करीब 2500 पदों पर एक साथ भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि निर्धारित आयु सीमा पार कर चुके अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया में विशेष आयु छूट दी जाए। नर्सों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पंकज भंडारी, नवल पुंडीर, मानवी, विनोद जोशी सहित कई नर्सें मौजूद रही।

## स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने चैकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन के पास से एक स्मैक तस्कर को उस समय गिरफ्तार किया जब वही लोगों को स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेच रहा था। पुलिस तस्कर के पास से 8.92 ग्राम स्मैक बरामद की। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में एसआई मोनी टम्टा मय टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी तभी रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया।

जो टीम को देख भागने लगा। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया। जिसकी तलाशी के दौरान पुलिस ने 8.92 ग्राम स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बरामद की। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम जावेद पुत्र मो. याकूब निवासी गफूर बस्ती हाल पता जवाहर नगर बनभूलपुरा बताया, उसने बताया कि वह स्मैक का आदी है और छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर लोगों को बेचता भी है। तस्कर के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया।

### दो शराब तस्कर दबोचे

**हल्द्वानी।** बीते गुरूवार की रात्रि टीपीनगर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी ट्रांसपोर्ट नगर गेट के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया जो पुलिस को देख भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे दबोच लिया जिसकी तलाशी के दौरान 68 पाउच शराब बरामद हुई। बताया जा रहा कि पकड़ा गया शराब तस्कर शराब को ठेके से लाता है और उसे ट्रांसपोर्टनगर में ट्रक ड्राईवरों को मंहगे दामों में बेचता है। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम मोहन सिंह बिष्ट पुत्र हरीश सिंह बिष्ट निवासी मानपुर पश्चिम वार्ड 56 बताया। वहीं दूसरी ओर एएसआई दिगंबर ने गुरूवार की रात्रि रामपुर रोड स्थित कैंची धर्मकांटे के पास से हेमूलाल पुत्र मोतीलाल निवासी पंचायतघर कालोनी रामपुर रोड को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनो शराब तस्करों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

### डीएसबी परिसर में समान नागरिक संहिता के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर कुविवि के डीएसबी परिसर में समान नागरिक संहिता विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता डा. सुरेश चंद्र पांडे ने सिविल व क्रिमिनल ला में अंतर बताया। कहा समान नागरिक संहिता एक ऐसा कानून है जो देश के सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होता है, चाहे वह किसी जाति या धर्म का नागरिक हो। परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने कहा समान नागरिक संहिता का हमारे संविधान में अनुच्छेद 44 में वर्णन है। इस मौके पर डा. पंकज सिंह, डा. हृदेश, डा. रुचि, डा भूमिका तथा डा. मोहित आदि मौजूद रहे।

## 'स्पेस जेन चंद्रयान' में दिखेंगे गोपाल तिवारी

### जियो हॉस्टार की प्रेरक वैब सीरीज़ में निभाया है मुख्य किरदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के गोपाल दत्त तिवारी जिओ हॉटस्टार की प्रेरक वैब सीरीज स्पेस जेन चंद्रयान में मुख्य रोल में नजर आएंगे। गोपाल इसमें प्रमुख साइंटिफिक एडवाइजर राकेश मोहंती का रोल अदा कर रहे हैं। गोपाल का डायलॉग हम दुनिया को दिखा देंगे की लूनर साउथ पोल पर पहुंचने वाला पहला देश भारत ही होगा। चंद्रयान 2 में विक्रम लैंडर खो गया था जिसके कारण राष्ट्र की गरिमा दांव पर लग गई थी। उस मिशन पर बनी वैब सीरीज में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सामने आई परेशानियों को दर्शाया गया है। तिवारी की शिक्षा नैनीताल के भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, जीआईसी और




कुविवि के डीएसबी परिसर से हुई है। चार भाइयों में दूसरे नंबर के गोपाल बचपन से ही विलक्षण प्रतिभाओं के धनी थे। उन्होंने कैमिस्ट्री से स्नातक कर नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) दिल्ली में एडमिशन लिया। गोपाल ने 1999 से एक लेखक और रंगमंच कलाक. ार के रूप में अपने को ढाला और दा आॅफिस, कालकूट और दिल्ली क्राइम जैसी लोकप्रिय वैब सीरीज के अलावा मुझे कुछ कहना है और तेरे नाम, फिल्मिस्तान तथा बंटी और बबली 2, अतरंगी रे और दिल्लगी जैसी अनगिनत फिल्मों में अपनी शानदार कॉमेडी और अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया। गोपाल ने बुधिया सिंह, बोर्न टू रन और डेविड जैसी फिल्मों के लिए गाने भी लिखे हैं। स्पेस जेन चंद्रयान, जिओ हॉटस्टार में चलने वाली एक वैब सीरीज है जिसे युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक माना जा रहा है। भारत की महत्वपूर्ण सैटेलाइट चंद्रयान को इसरो ने चांद में खोजबीन करने भेजा गया था। अंतरिक्ष में होने वाली कई मुश्किलों और चुनौतियों को पार कर भारतीय चंद्रयान आखिरकार चांद पर सफलतापूर्वक स्थापित हो गया। इस पर आधारित सीरीज में नैनीताल निवासी गोपाल दत्त तिवारी इसरो के प्रमुख साइंटिफिक एडवाइजर राकेश मोहंती का रोल अदा कर रहे हैं।

### 407 लोगों ने उठाया शिविर का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** विकासखंड रामगढ़ के रीठापोखरा मैदान में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन कर क्षेत्रीय जनता को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ा गया। शिविर का 407 लोगों को सीधा लाभ मिला। शिविर में 102 प्रमाण पत्र बनाए गए तथा शिविर में कुल 74 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 58 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे की अध्यक्षता में जन जन की सरकार जन जन के द्वार में क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना। अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में ब्लॉक प्रमुख दीपक कुमार, जिला पंचायत सदस्य निधि जोशी थे।

## अव्यवस्था फैला रही है नगर पालिका: हरीश राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भाजपा के नगर महामंत्री हरीश सिंह राणा ने नगर पालिका पर नगर में अव्यवस्थाएं फैलाने का आरोप लगाया है। राणा ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेट्रोपोल क्षेत्र में पार्किंग निर्माण के लिए मुख्यमंत्री खुद भूमि पूजन कर गए थे, वहां पालिका की ओर से कूड़े का ढेर लगवाकर डंपिंग जोन बना दिया है, वहीं मेट्रोपोल में ही अवैध निर्माण कर विशेष व्यक्ति को लीज पर दिया गया, जिसकी शिकायत डीएम से की गई है, वहीं राणा ने पालिका प्रशासन की ओर से शहर की सफाई और प्रकाश व्यवस्था नहीं करने का आरोप भी लगाया है।



राणा के मुताबिक पालिका की ओर से शहर में लगाए गए वाटर फिल्टरों को बिना लाइट के ही संचालित कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने पालिका की ओर से शहर व आसपास के लोगों पर पार्किंग व टोल का भार डालने का भी आरोप लगाया है साथ ही पालिका पर अवैध कबजों को बढ़ावा देने के भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने खेल मैदान को लेकर पालिका पर असमंजस की स्थिति बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने उच्चधिकारियों से पालिका के अधिकारियों से इन सभी मामलों पर जवाब मांगने और कार्रवाई करने की मांग की है।

### बर्फबारी के बाद मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के ऊंचाई वाले और आसपास के क्षेत्रों में बीते 23 जनवरी हुई पहली बर्फबारी ने क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के द्वार खुल गए हैं। बर्फबारी के बाद क्षेत्र में पर्यटकों की आवक से होटल कारोबारियों समेत टैक्सी चालकों व नाव चालकों समेत अन्य पर्यटन कारोबारियों को काफी राहत मिली है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि बीते वीकेंड बर्फबारी और 26 जनवरी की छुट्टी के चलते अच्छा कारोबार हुआ है। भारी संख्या में पर्यटक नैनीताल पहुंचे हैं। अगर इस बीच बर्फबारी होती है तो पर्यटकों की आमद बढ़ेगी, जिससे पर्यटन से जुड़े हर कारोबारी को रोजगार मिलेगा।

## द्वितीय चरण के आंदोलन की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद नैनीताल ने प्रान्तीय आव्हान पर शुक्रवार को गेट मीटिंग कार्यक्रम के अंतर्गत कोषागार तथा जिला पंचायत कार्यालय में गेट मीटिंग कर 18 सूत्री मांगे पूर्ण होने तक एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि जनपद के सभी विकास खंडों तथा विकास भवन भीमताल में गेट मीटिंग के पश्चात कार्यक्रम के अंतिम चरणों में परिषद द्वारा ट्रेजरी तथा जिला पंचायत कार्यालय में गेट मीटिंग कर आंदोलन के द्वितीय चरण के लिए रणनीति पर भी विचार विमर्श किया गया। कोषागार कार्यालय में आयोजित गेट मीटिंग की अध्यक्षता करते विभाग के प्रान्तीय सचिव रितेश मेहरा ने कहा कर्मचारी वर्ग विगत 15 जनवरी से आंदोलनरत है परंतु अभी तक सरकार की तरफ से




कोई सार्थक पहल नहीं की जा रही है। जिससे जिससे कर्मचारियों में निराशा एवं आक्रोश दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जिला पंचायत कार्यालय में अध्यक्षता करते हुए विभाग के कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि कर्मचारियों की मांगे पूर्णतः न्यायोचित हैं। समस्त निगम, निकाय तथा विश्वविद्यालय, राजकीय विश्व. विद्यालय, महाविद्यालय, अशासकीय विद्यालय सहित अन्य सामान्य प्रकृति के कार्मिकों को राज्य कर्मी की भांति समस्त सुविधाएं अनुमन्य करने का निर्णय सरकार द्वारा यथा शीघ्र करना चाहिए। कोषागार विभाग की गेट मीटिंग में रणजीत सिंह नेगी, नंदन सिंह, नीतू आर्या, मोहित कन्याल, मोहन हेडिया, नवीन आर्या, पूजा कन्याल, हिमांशु अधिकारी, पूजा पलडिया, सुनील रावत, रितिका, अर्जुन भारती तथा जिला पंचायत कार्यालय में अनूप सिंह, गोविंद सिंह भोरयाल, निखिल बिष्ट, सतीश बुधानी, अनिल बहादुर चंद, रितू रावत, कृतिका रावत, नरेंद्र रैकवाल, जीतू दानू, दिलीप कनेरा, अक्षय, मीनाक्षी, गोविंद बिष्ट थे।

## शिविर में हुआ ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** उत्तराखंड सरकार के द्वारा सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें तहसील प्रशासन के अधिकारियों ग्राम सूर्यनगर नज़ीबाबाद के किसानों को जंगली हाथियों द्वारा हो रहे फसल के नुकसान, विद्युत मीटर को वारिसान करने और नए विधुत मीटर लगवाने संबंध में, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र, आवारा पशुओं से निजात दिलाने और गरीब व्यक्ति धन सिंह मेहता को आर्थिक सहायता दिलाने की समस्या का समाधान किया गया। इस मौके पर किच्छा तहसीलदार गिरीश चंद्र, राजस्व निरीक्षक दीपक गैड़ा, स्वास्थ्य विभाग अधिकारी पीडी तिवारी, युवा मोर्चा बरा मंडल अध्यक्ष दीपक मेहता, भाजपा मंडल महामंत्री आकाश मेहता (बहादुर मेहता), ग्राम प्रधान राहुल कुमार, पुरोहित बसंत तिवारी, विक्रम मेहता, महेश पाण्डेय, सुरेंद्र प्रताप, देव, गोविन्द दानू, जगत मेहता, रघुवीर सिंह, खड़क कोरंगा, पूरन कोरंगा आदि लोग मौजूद थे।

### मंडल अध्यक्ष बने मुकेश मेहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के सबसे छोटे उम्र के क्षेत्र पंचायत सदस्य मुकेश महरा पर भारतीय जनता पार्टी ने विश्वास जताते हुए उन्हें ग्रामीण



मंडल का युवा मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिले के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट तथा नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्य तथा भीमताल विकास खंड के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने उन्हें बधाई देते हुए पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। दूसरी ओर मुकेश मेहरा ने कहा कि पार्टी की ओर से उन्हें जो दायित्व सौपा गया है उसको वह लगन व निष्ठा से पूरे करेंगे तथा अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने लिए जल्द ही अभियान चलाएंगे।

## नैनीताल में खिली चटख धूप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में शुक्रवार को मौसम का मिजाज बेहद सुहावना बना रहा। चटख धूप पूरे दिन खिली रही। अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

सुहावने मौसम के बीच नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन का जमकर आनंद लिया। नगर की सुबह सुनहरी धूप के साथ शुरू हुई और जैसे जैसे दिन चढ़ता गया तो गर्माहट भी बढ़ती चली गई और मौसम खुशनुमा हो गया। दिन के समय ठंड महसूस नहीं हुई हालांकि हल्के बादलों का आना जाना भी लगा रहा मगर इसका तापमान में कोई असर नहीं पड़ा।

शाम होने के बाद पाला गिरना शुरू हो गया और ठंड में बढ़ोतरी हो गई। मौसम विभाग के अनुसार रविवार यानी 1 फरवरी से मौसम में बदलाव आएगा जिसका प्रभाव मंगलवार यानी 3 फरवरी तक बने रहने की संभावना है। इस बीच हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है जबकि ऊंची चोटियों में हिमपात भी हो सकता है। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 18 व न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।



# कोई सबालेंका को हरा सकता है तो वे हैं रायबाकिना

## आज ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए खेलने वाली आखिरी दो खिलाड़ी होंगी

**मेलबर्न, वार्ता।** आर्यना सबालेंका और एलेना रायबाकिना डब्ल्यूटीए टूर पर सबसे दमदार खिलाड़ियों में से दो हैं, और शनिवार को वे अपनी पसंदीदा सतह पर ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए खेलने वाली आखिरी दो खिलाड़ी होंगी। रॉड लेवर एरिना के ऊपर छत है, लेकिन नंबर 1 आर्यना सबालेंका और नंबर 5 एलेना रायबाकिना के बीच यह जोरदार मुकाबला मेलबर्न पार्क के गर्मी के नियमों को लागू करवा सकता है। इसे थंडर डाउन अंडर कह सकते हैं। उन्होंने इस पखवाड़े में अपने सभी 12 सेट जीते हैं। ऐसा आखिरी बार किसी ग्रैंड स्लैम में 17 साल से भी पहले हुआ था। सबालेंका, अपने लगातार चौथे ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंची हैं - ऐसा ओपन युग में पहले केवल इवोन गुलागोंग और मार्टिना हिंगिस ने किया था - और ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनका रिकॉर्ड 34-6 है। गुरुवार को सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-3 से हराने के बाद सबालेंका ने पत्रकारों से कहा कि मुझे यह जगह बहुत पसंद है। मुझे यह स्टेडियम बहुत पसंद है। जब भी मैं वहां खेलती हूं, मुझे बहुत अच्छा लगता है। जेसिका पेगुला पर 6-3, 7-6 (7) से जीत के बाद मेलबर्न में रायबाकिना का रिकॉर्ड 20-6 का है। वह 2023 में यहां फाइनल में पहुंची थीं, जहां उन्हें सबालेंका से 4-6, 6-3, 6-4 से हार मिली थी, जिन्होंने अपने चार बड़े खिताबों में से पहला खिताब जीता था। रायबाकिना ने अपना एकमात्र ग्रैंड स्लैम खिताब 2022 में विबलडन में जीता था, और वह ऑस्ट्रेलियाई मुकाबला उनका दूसरा बड़ा फाइनल था। तीन साल बाद, वह अपने तीसरे फाइनल में हैं। रायबाकिना ने कहा कि निश्चित रूप से फिर से फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं। मैं दूसरे सालों, सीजन में करीब थी, जब मैंने दूसरे स्लैम में सेमीफाइनल खेला था, लेकिन हां, अब मैं और करीब हूं, जो बहुत अच्छा है। बस एक कदम और बाकी है। तो, असल में गेंद को सबसे जोर से कौन मारता है? कहना मुश्किल है, लेकिन सबालेंका ने फाइनल से पहले अपनी प्रतिद्वंद्वी की तारीफ की। सबालेंका ने कहा कि उनके शॉट भारी, गहरे, सपाट होते हैं। उनके साथ खेलना आसान नहीं है, लेकिन हां, हमारा एक शानदार इतिहास रहा है। वह एक अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं। मैं इस पावर का मुकाबला करने के लिए उत्सुक हूं। हेड-टू-हेड मुकाबलों में सबालेंका 8-6 से आगे हैं। लेकिन, हमेशा की तरह, इन नंबरों को अलग-अलग तरीकों से देखा जा सकता है। आउटडोर हार्ड कोर्ट पर सबालेंका 5-4 से आगे हैं, लेकिन रायबाकिना ने उनके चार चैंपियनशिप मैचों में से तीन जीते हैं, जिसमें उनकी आखिरी मुलाकात भी शामिल है-2025 डब्ल्यूटीए फाइनल टाइटल मैच में रायबाकिना की 6-3, 7-6 (0) से जीत। सबालेंका चार साल में अपना तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने की कोशिश कर रही।

# ज्वेरेव को हराकर कार्लोस अल्काराज पहली बार फाइनल में

**अल्काराज नाटकीय अंदाज में ज्वेरेव को 6-4, 7-6 (5), 6-7(3), 6-7(4), 7-5 से हराकर पहले बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहुंचे**



**मेलबर्न, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज शुक्रवार दोपहर को नाटकीय अंदाज में अपने पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंचे, जहां उन्होंने शारीरिक समस्याओं से उबरते हुए और हार के कगार से वापसी करते हुए अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ एक मैराथन सेमीफाइनल जीत हासिल की। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी, अल्काराज ने वर्ल्ड नंबर 3 ज्वेरेव को 6-4, 7-6(5), 6-7(3), 6-7(4), 7-5 से हराया। यह मैच रॉड लेवर एरिना में पांच घंटे, 27 मिनट तक चला, जो टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे लंबा सेमीफाइनल था। तीसरे सेट के आखिर में दाहिने ऊपरी पैर की चोट से उबरने के बाद, स्पेनिश खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मेलबर्न में अपना पहला फाइनल मुकाबला पक्का किया।

मैच जीतने के बारे में पूछे जाने पर अल्काराज ने कोर्ट पर इंटरव्यू में कहा कि हर समय विश्वास रखना।मैं हमेशा कहता हूं कि आपको खुद पर विश्वास रखना होगा, चाहे आप मुश्किल में हों या आपने कुछ भी झेला हो। किसी भी चीज की परवाह किए बिना, आपको हर समय खुद पर विश्वास रखना होगा। मैं तीसरे सेट के बीच में संघर्ष कर रहा था। शारीरिक रूप से यह मेरे छोटे से करियर में खेले गए सबसे मुश्किल मैचों में से एक था। मैं इस तरह की स्थितियों में रहा हूं और मुझे पता था कि मुझे क्या करना है। मुझे मैच में अपना दिल लगाना था। मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया और आखिरी गेंद तक लड़ा। मुझे पता था कि मुझे मौके मिलेंगे। जिस तरह से मैं लड़ा और पांचवें सेट में वापसी की, उस पर मुझे खुद पर बहुत गर्व है। अपनी जीत के साथ, अल्काराज करियर ग्रैंड स्लैम (चारों मेजर में सिंगल्स टाइटल जीतने) को पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने से सिर्फ़ एक जीत दूर हैं। अगर वह रविवार के फ़ाइनल में सिनर या जोकोविच को हरा देते हैं, तो अल्काराज यह रिकॉर्ड अपने देश के राफेल नडाल से छीन लेंगे। हालांकि, अल्काराज और इतिहास रचने के बीच उनके एक बड़े प्रतिद्वंद्वी के साथ एक जबरदस्त मुक.ाबला है। वर्ल्ड नंबर 2 सिनर मेलबर्न पार्क में दो बार के डिफ़ेंडिग चैंपियन हैं, जबकि जोकोविच रिकॉर्ड 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के विजेता हैं। अल्काराज, जिन्होंने मेलबर्न में अपने शुरुआती पांच मैचों में एक भी सेट नहीं हारा था, ज्वेरेव के खिलाफ दो सेट की बढ़त बनाने के बाद अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की राह पर दिख रहे थे। टॉप सीड खिलाड़ी ने जब सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब शानदार टेनिस खेला, खासकर जब उन्होंने 2-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरा सेट जीता। तीसरे सेट में 4-4, 15/15 पर असली ड्रामा शुरू हुआ। तीसरे सेट में 4-4 पर सर्व करते समय अल्काराज को दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में चोट लगी और उन्हें परेशानी होने लगी। उन्हें टूर्नामेंट के फ़िजियो से दो बार इलाज मिला, और वह ज्वेरेव को मैच में वापस आने से नहीं रोक पाए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विराट कोहली का इंस्टग्राम अकाउंट फिर से चालू

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट शुक्रवार सुबह फिर से चालू हो गया, जिससे उनके 274 मिलियन फॉलोअर्स के बीच घंटों से चल रही उलझन और अटकलों का अंत हो गया, क्योंकि प्रोफ़ाइल रात भर रहस्यमय तरीके से गायब हो गई थी। कोहली के अकाउंट के कुछ देर के लिए बंद होने से सोशल मीडिया पर काफी उत्सुकता और चिता फैल गई, फैंस ने चिता भरे मैसेज, थ्योरी और मी मेसेज सभी प्लेटफॉर्म पर शेयर किए। हालांकि, कोहली या उनकी मैनेजमेंट टीम की ओर से कोई ऑफिशियल सफाई नहीं आई है कि अकाउंट जानबूझकर गायब किया गया था या किसी टेक्निकल गड़बड़ी का नतीजा था।

### आईओए अध्यक्ष पीटी उषा के पति वेंगलिल का निधन

**कोझिकोड, वार्ता।** राज्यसभा सांसद और इंडियन आईओए अध्यक्ष पी-टी- उषा के पति, वेंगलिल श्रीनिवासन (67) का शुक्रवार सुबह कोझिकोड जिले में अपने घर पर गिरने के बाद निधन हो गया, परिवार के सूत्रों ने बताया। पोन्नानी के रहने वाले श्रीनिवासन, थिक्कोडी के पेरुमलपुरम में अपने घर पर सुबह करीब 12-30 बजे गिर गए।

उन्हें तुरंत पेरुमलपुरम के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह सीआईएसएफ में इंस्पेक्टर थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी और बेटा, डा. उज्ज्वल विग्नेश हैं। महान पूर्व एथलीट और मौजूदा राज्यसभा मेंबर डा. उषा, अभी नई दिल्ली में चल रहे पार्लियामेंट सेशन में शामिल हो रही हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने श्रीनिवासन के निधन पर शोक जताया है।

# ईशारानी थाईलैंड मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में

● **ईशारानी बरुआ ने चीनी ताइपे की शटलर सुंग को हराया, बैडमिंटन रैंकिंग में वह 48 वें स्थान पर है**



**थाईलैंड, वार्ता।** भारत की ईशारानी बरुआ ने चीनी ताइपे की शटलर सुंग को हराकर थाईलैंड मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। बैडमिंटन रैंकिंग में 48वें स्थान पर काबिज 22 वर्षीय भारतीय शटलर ने गुरुवार को खेले गए मुकाबले में 34वें स्थान पर काबिज ताइपे की प्रतिद्वंद्वी सुंग को 21-13, 14-21, 21-14 से हराकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में अगले दौर में जगह बनाई।

पहला गेम बेहद करीबी रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ी 11-11 के स्कोर पर बराबरी पर थे, जिसके बाद भारतीय शटलर ने 14-13 की बढ़त बना ली। इसके बाद ईशारानी ने अपनी रफ्तार बढ़ाते हुए लगातार सात अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सुंग ने वापसी का प्रयास किया, जो एक बार फिर 13-13 के स्कोर तक बराबरी पर रहा। इस बार, ताइपे की शटलर ने शानदार वापसी करते हुए अगले आठ में से सात अंक जीतकर गेम को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। हालांकि, तीसरा गेम पूरी तरह से भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी के नाम रहा, जो इससे पहले 2023 गुवाहाटी मास्टर्स में सुंग से हार गई थी। इससे पहले दोनों के बीच केवल एक ही मुकाबला हुआ था। महिला एकल के एक अन्य मुकाबले में देविका सिंहाग ने दूसरे राउंड में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को 32 मिनट तक चले मुकाबले में 21-14, 21-14 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। 51वीं रैंकिंग पर काबिज अनमोल खरब को महिला एकल मुकाबले में हुआंग यू-सुन से 10-21, 21-19, 21-19 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, महिला एकल खिलाड़ी श्रीयांशी वालीशेट्टी को करुपथेवन लेटशाना ने 17-21, 22-20, 19-21 से हराया।

# तमिलनाडु, रेलवे हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सेमीफाइनल में

**हैदराबाद, वार्ता।** 72वीं महिला सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मैचों में इंडियन रेलवे, हरियाणा, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बालायोगी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में डिफेंडिग चैंपियन इंडियन रेलवे ने पहले क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र को 58-23 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। साक्षी ने रेलवे के लिए 10 पॉइंट्स के साथ सबसे ज्यादा स्कोर किया, जबकि पूजा ने टीम के बेहतरीन प्रदर्शन में नौ पॉइंट्स का योगदान दिया। सोनाली शिगाटे और मंदिरा संपत कोमकर ने महत्वपूर्ण डिफेंसिव पॉइंट्स जोड़े, जिससे रेलवे ने पूरे मैच में महाराष्ट्र पर दबाव बनाए रखा। दूसरे क्वार्टर फाइनल में हरियाणा ने नॉकआउट स्टेज के सबसे शानदार प्रदर्शनों में से एक किया, जिसमें उसने मध्य प्रदेश को 63-16 से हराया। राज रानी 17 पॉइंट्स के साथ सबसे बेहतरीन खिलाड़ी रहीं।

# कुलदीप के स्कूल आएगी विश्व कप की चमचमाती ट्रॉफी

● **इस अवसर पर कुलदीप और उनके कोच कपिल पांडे के अलावा यूपी क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों की कमी अखरेगी**



**कानपुर, वार्ता।** भारत भ्रमण पर निकली टी-20 विश्वकप की चमचमाती ट्राफी शनिवार को भारतीय टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के कानपुर स्थित स्कूल केडीएमए पहुंचेगी हालांकि इस अवसर पर खुद कुलदीप और उनके कोच कपिल पांडे के अलावा उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के पदाधिकारियों की कमी अखरेगी। कुलदीप इन दिनो न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में व्यस्त है और शनिवार को खेले जाने वाले सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच के लिए तिरुवंतपुरम में होंगे वहीं गेंदबाज के नियमित कोच कपिल पांडे का नाम केडीएमए की अतिथि सूची में नहीं है जिसकी पुष्टि खुद कपिल ने यूनीवार्ता से की है। केडीएमए के चेयरमैन संजय कपूर ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि ट्राफी के स्वागत के लिए सभी तैयारियां मुक्कमल की जा चुकी है। इस अवसर पर अकादमी के सभी होनहार युवा खिलाड़ी और छात्र मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर कुलदीप के पिता का सम्मान किया जाएगा। आखिर वह भी केडीएमए परिवार का हिस्सा हैं। टी-20 ट्राफी युवा प्रतिभाओं का खेल के प्रति उत्साहवर्धन करेगी। निसंदेह यह पूरे परिवार के लिए रोमांच का मौका होगा। डा कपूर कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अलावा यूपी टी-20 लीग के भी चेयरमैन हैं। कपिल ने कहा मुझे कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया है। मुझे इसका मलाल नहीं है। एक कोच के लिए उसका बच्चा अच्छा प्रदर्शन करे,यही संतोष का विषय होता है। कुलदीप भारतीय टीम में अहम गेंदबाज की भूमिका निभा रहा है और विश्वकप में भी उसकी यही निरंतरता भारत को विश्वकप दिलाने में मदद करेगी। यह भी सच है कि कुलदीप ने उनकी सलाह पर ही केडीएमए में दाखिला लिया था।

# उधार के बल्ले से डी कॉक ने ठोका शतक

**सेंचुरियन, वार्ता।** वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टी 20 में आतिशी शतक ठोकने वाले क्विटन डी कॉक ने खुलासा किया है कि वह ऐसा कारनामा उधार के बल्ले से कर पाए। डी कॉक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे नहीं पता कि इस सवाल का जवाब कैसे दूं। जब मैंने देखा तो मुझे थोड़ा अजीब लगा। पिछले एक साल में मेरे पास बहुत सारे बैग हो गए हैं, इसलिए मैं सभी चीजें देख रहा था, और मैं बस ब्लैंक हो गया। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे नहीं पता। मैं उन्हें भूल गया था।

जब मुझे एहसास हुआ तो मेरा चेहरा पीला पड़ गया, और बस निकलने से आधे घंटे पहले मुझे एक-दो फोन करने पड़े। यानी, जोहान्सबर्ग में टीम होटल से निकलकर सेंचुरियन में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी-20 खेलने के लिए। इस दौरान, डी कॉक के बल्ले उनसे 1,000 किलोमीटर दूर नाइस्ना में उनके घर पर थे - उन्हें मंगलवार को पार्ल में सीरीज के पहले मैच के लिए आराम दिया गया था। उन्होंने कहा कि चेंजिग रूम में जाने से पहले मैं डेवाल्ड ब्रेविस और रिक्स (रायन रिकेल्टन) के पास गया, और मैंने ब्रेवी के बैग से एक बल्ला निकाला। मैंने कहा, 'मैं आज इसी का इस्तेमाल करूंगा।' ब्रेवी ने कहा, 'ठीक है। यह तुम्हारे लिए अच्छा बल्ला है क्योंकि यह बाएं हाथ का है। डी कॉक ने सिर हिलाते हुए कहा आजकल के युवा। वह अभी भी इस बात पर अड़ा हुआ है। लेकिन इसने आज रात अपना काम कर दिया। और कैसे। डी कॉक ने 49 गेंदों में 115 रन बनाए, जिसमें उन्होंने अपने लगभग तीन-चौथाई रन चौकों और छक्कों से बनाए। उनकी यह पारी दक्षिण अफ्रीका के लिए 222 रनों के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने में अहम थी। वे सात विकेट से जीत गए और 15 गेंदें बाकी रहते हुए सीरीज अपने नाम कर ली। वह उधार लिया हुआ बल्ला पक्का डी कॉक के किटबैग में ही रहेगा, है ना? उन्होंने कहा कि यह ब्रेविस के पास वापस जा रहा है। मुझे यह पसंद नहीं आया। इसका वजन मेरे लिए सही नहीं था। यह उन युवाओं के लिए है जो जोर से बल्ला घुमाते हैं।

# दिल्ली दंगल वॉरियर्स रोमांचक 5-4 की जीत के साथ सेमीफाइनल में

**नोएडा, वार्ता।** दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने प्रो रेसलिंग लीग 2026 के अंतिम लीग मुक.ाबले में पंजाब रॉयल्स को गुरूवार रात 5-4 से हराकर शानदार अंदाज में सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने निर्णायक जीत दर्ज कर दूसरे स्थान पर रहते हुए अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की और किसी भी तरह की तकनीकी गणना की आवश्यकता को समाप्त कर दिया। दिल्ली के लिए निर्णायक क्षण मुक.ाबले के आठवें बाउट में आया, जहां प्लेयर ऑफ द मैच तुरान बायरामोव ने अंडर-23 एशियन चैंपियन चंद्रमोहन के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 4-4 से बराबर कर दिया, जिससे दिल्ली की सेमीफाइनल योग्यता सुनिश्चित हो गई। इससे पहले, फाइटर ऑफ द मैच एना गोडिनेज ने महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में उच्च गुणवत्ता की जीत दर्ज कर पंजाब को मुकाबले में बनाए रखा और मैच को आखरीरी क्षण तक रोमांचक बनाए रखा। छह अंकों के साथ पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी पंजाब रॉयल्स ने मुकाबले की शुरुआत महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में की, जहां प्रिया मलिक ने अनुशासित और रणनी.तिक मुकाबले में अनस्तासिया अल्पएवा को 2-0 से हराया। दिल्ली ने 86 किग्रा पुरुष वर्ग में वफ़ाईपुर हादी बख्तियार के जरिये जोरदार जवाब दिया, जिन्होंने संदीप मान को 20-7 से मात देकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद दिल्ली ने बढ़त बना ली, जब कप्तान सुजीत कलकल ने 65 किग्रा पुरुष वर्ग में अनुज कुमार को 10-1 से हराया। शुभम कौशिक ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 65 किग्रा पुरुष वर्ग में चिराग छिक्कारा के खिलाफ 9-0 की एकतरफ़ा जीत दर्ज कर दिल्ली की बढ़त 3-1 कर दी। पंजाब ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में वापसी की, जहां रजनीता जांगड़ा ने कार्ला गोडिनेज गोंजालेज पर 5-1 से जीत दर्ज की। इसके बाद महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में मुकाबले की सबसे रोमांचक बाउट देखने को मिली।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : 358/4-स0-स्वा0अनु0/2026 दिनांक : 30/01/2026

**ई-निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद, रामनगर की सीमान्तर्गत स्थित समस्त वार्डो में विचरण करनें वाले अनुमानित 1500 निराश्रित श्वान पशुओं को पकड़कर, उनकी नसबन्दी (Sterilization), एंटी रैबीज टीकाकरण, उपचार, आपरेशन उपरान्त देखभाल एवं स्वस्थ्य होनें के पश्चात् उसी क्षेत्र में पुनः छोड़नें के कार्य हेतु नियमों के अनुसार योग्य, अनुभवी एवं पंजीकृत संस्थाओं/फर्मो से दिनांक 31-01-2026 को अपराह्न 3बजे से दिनांक 13-02-2026 को अपराह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है। नियत तिथि व समय पर प्राप्त होने वाली निविदाओं की तकनीकी निविदाएं दिनांक 13-02-2026 को अपरा 3 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी, इससे सम्बन्धित विस्तृत जानकारी तथा नियम, शर्तें/निर्देशों के अनुसार तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा Website- http://www.uktenders.gov.in पर ऑन लाईन अपलोड की जा सकी है।

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी0एस0टी0 | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगरपालिका परिषद, रामनगर की सीमान्तर्गत स्थित समस्त वार्डो में विचरण करनें वाले अनुमानित 1500 निराश्रित श्वान पशुओं को पकड़कर, उनकी नसबन्दी (Sterilization), एंटी रैबीज टीकाकरण, उपचार, आपरेशन उपरान्त देखभाल एवं स्वस्थ्य होनें के पश्चात् उसी क्षेत्र में पुनः छोड़नें का कार्य। | 50,000=00 | 2500+450=2950 | एक वर्ष |

(आलोक उनियाल)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद,रामनगर।

(मो0 अकरम)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद,रामनगर।



## कार्यालय खाण्ड विकास अधिकारी जसपुर (उधमसिंह नगर)

पत्रांक : 1582 /वि0निधि/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक 28/01/2026

**निविदा सूचना**

विधायक निधि योजना में स्वीकृत वर्ष- 2025-26 के अन्तर्गत निम्नानुसार स्वीकृत कार्यो के सम्पादन हेतु महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अद्योहस्ताक्षरकर्ता निम्न कार्यो हेतु विधायक निधि के अन्तर्गत प्राक्कलन के आधार पर जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12.02.2026 के अपरान्ह 12 बजे तक मोहर बन्द निविदांए आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 02 बजे से पंजीकृत ठेकेदार अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खण्ड विकास अधिकारी, जसपुर के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। पंजीकृत ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा पंजीकरण के प्रमाण पत्रों की छाया प्रति प्रस्तुत कर तथा निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य देकर निविदा प्रपत्र दिनांक- 11.02.2026 तक प्रातः 11 बजे से सांय 04 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय जसपुर से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा सम्बन्धी शर्ते /अन्य जानकारी उक्त दिवसों में प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ खण्ड विकास अधिकारी के पद नाम से धरोहर राशि केवल डाकघर वचत पत्र /के0वी0पी0/एन0एस0सी0/एफ0 डी0 आर0 के रुप में मान्य होगी। व 100 रु0 नॉनज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर 1.00 रु की रसीदी टिकट लगा/चस्पाकर हस्ताक्षर सहित संलग्न करते हुए निर्धारित समय में जमा करना होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगीं। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क सं | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि लाख रु. में | धरोहर राशि रु0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करनेकी अवधि | निविदा की वैद्यता | ठेकेदार की पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम नारायणपुर में सरदार मान सिंह के घर के आगे की ओर नाली निर्माण कार्य 100 मी0 | 5.75 | 17250.00 | 1000+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |
| 2 | ग्राम भगवन्तपुर में चरन के खेत से माँ चामुण्डा देवी स्थान तक खडण्जा निर्माण कार्य 100 मी0 | 5.75 | 17250.00 | 1000+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |
| 3 | ग्राम बूढा फार्म में सडक से काले के घर की ओर सी0सी0 टाईल्स मार्ग निर्माण कार्य । | 6.50 | 19500.00 | 1000+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |
| 4 | ग्राम आसपुर में सार्वजनिक स्थान पर टाईल्स का कार्य। | 5.70 | 17100.00 | 1000+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |
| 5 | नगर क्षेत्र जसपुर के राजकीय पपु चिकित्सालय की चाहर दीवारी निर्माण कार्य । 50मी0 | 6.40 | 19200.00 | 1000+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |
| 6 | ग्राम रहमापुर में गॉव से कब्रिस्तान की ओर खडण्जा निर्माण कार्य 200 मी0 | 10.50 | 31500.00 | 1500+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |
| 7 | ग्राम भोगपुर डाम में बंगाली कालोनी में काली मन्दिर वाले रास्ते पर टाईल्स मार्ग निर्माणं। | 7.20 | 21600.00 | 1000+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |
| 8 | ग्राम सरवरखेडा में सार्वजनिक स्थान पर टिन पैड निर्माण। | 7.30 | 21900.00 | 1000+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |
| 9 | ग्राम पूरनपुर में राजेन्द्र सिंह के घर से लोकमन सिंह के घर तक खडण्जा मार्ग निर्माण। | 6.35 | 19050.00 | 1000+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |

खण्ड विकास अधिकारी,
जसपुर उधमसिंहनगर।

### नारसन ब्लॉक के मखदूमपुर जीआईसी कॉलेज में बहुद्देशीय शिविर

# सीडीओ व दर्जा मंत्री ने सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा की अध्यक्षता में विकास खंड नारसन के न्याय पंचायत मखदूमपुर राजकीय इंटर कॉलेज मखदूमपुर में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर आयोजन किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में 189 लोगों को विभिन्न विभागों से प्रमाण पत्र निर्गत किए गए तथा 313 लोगों विभिन्न विभागों की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस शिविर में 1049 लोगों ने प्रतिभाग किया।

बहुउद्देशीय शिविर में कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 24 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं



अनुश्रवण समिति (राज्यमंत्री स्तर) देशराज कर्णवाल ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना है तथा उनकी समस्याओं का त्वरित गति से समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जन जन की सरकार जन जन के द्वार आयोजित हो रहे शिविरो में भारी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे है तथा शिविर में विभिन्न विभागों की जन-कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 31 समस्याएं दर्ज कराई गईं, जिनमें से 24 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।जिनमें भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत विभाग के बिल, जलभराव, चकरोड़ एवं साफ-सफाई से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को भरपूर लाभ हो रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों को क्षेत्रवसियो की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिए और जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रुड़की डॉ मधु,उप जिलाधिकारी अनिल शुक्ला, खंड विकास अधिकारी नारसन सुभाष सैनी सहित समस्त ग्राम प्रधानगण,पंचायत सदस्यगण,अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल महिला की मौत के बाद ट्रैक्टर चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम कोटवाल आलमपुर में छ दिन पूर्व ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार पचास वर्षीय महिला की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में महिला के भतीजे अनिल कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नारसन कला थाना मंगलौर निवासी अनिल कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 25 जनवरी की दोपहर वह अपनी चाची बालेश्वर देवी को लेकर बाइक से झबरेड़ा जा रहा था। ग्राम कोटवाल आलमपुर के पास ट्रैक्टर चालक द्वारा उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह दोनों बाइक से सड़क पर गिर गए ।सड़क पर गिरने से ट्रैक्टर ट्राली का पहिया उसकी चाची के ऊपर को उतर गया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी ।थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस द्वारा 25 जनवरी को ही अपने कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा कर लिया गया था ।तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

### पेट्रोल पंप दिलवाने के नाम पर लाखों की ठगी के मामले में

## भाजपा नेता हाजी इस्लाम सहित दो के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पेट्रोल पंप का लाइसेंस दिलवाने के नाम पर साल 2018 में हुई धोखाधड़ी मामले में कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के जसवावाला निवासी श्रवण काम्बोज ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देकर बताया था कि वर्ष 2018 में विवेक कुमार ने स्वयं को इंडियन ऑयल का लाइसेंसी बताते हुए महिलाओं के नाम पेट्रोल पंप दिलाने की कथित सरकारी योजना दिखाई थी।उसके बाद पेट्रोल पंप का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर आरोपियों ने सरकारी फीस के नाम पर 13 लाख 25 हजार रूपए वसूल लिए गए। जिसमें इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सदस्य मोहम्मद इस्लाम को भी चेक के माध्यम से पैसे दिए गए थे। इस दौरान अलग-अलग किश्तों में कुल 13 लाख 25 हजार रुपये की रकम हड़प ली गई। काफी समय बीतने के बाद भी न तो पेट्रोल पंप का लाइसेंस मिला और न ही रकम वापस की गई। जब उनसे रुपयों की मांग की तो उसके साथ गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी दी गई। कई बार पुलिस से शिकायत करने के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने मामले को गंभीर मानते हुए कलियर पुलिस को दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए थे। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर विवेक कुमार और मो. इस्लाम निवासी भारापुर भौंरी थाना बाहदराबाद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने उठाया मनरेगा में घोटाले का मुद्दा

### कहां जा रहा मनरेगा कार्ड का पैसा, कन्हड़पुर में दिखावा बने जॉब कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कान्हापुर गांव में मनरेगा योजना दिखावा बनकर रह गई है। गांव में चंद परिवारों के ही जॉब कार्ड बने हैं, लेकिन इनमें भी किसी के खाते में आज तक पैसे नहीं पहुंच सके हैं, जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। इसकी वजह गांव में गरीब और दलित परिवार होने के बावजूद सफेद राशन कार्ड न बनना भी है।

जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को ग्रामीण महिलाओं के बीच पहुंचे महानगर, रुड़की कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एडवोकेट ने अपने साथियों सहित पहुंच कर महिलाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने महिलाओं को मनरेगा योजना की भी जानकारी दी। इस दौरान गरीब परिवारों की दलित महिलाओं ने साफ किया कि गांव में महज छह-सात परिवारों के ही कार्ड बने हुए हैं और इन्हें भी ग्राम प्रधान की ओर से कोई काम नहीं दिया गया है और न ही किसी के खाते में पैसे पहुंचे हैं। महिलाओं ने मांग की कि सभी



गरीब परिवारों के मनरेगा और सफेद राशन कार्ड बनने चाहिए।कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह गरीब परिवारों की आवाज बनेंगे। इसे लेकर उन्होंने मौके पर ही बीडीओ रुड़की सुमन लता कुटियाल से वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की को भी अवगत कराया तथा कहा कि कार्रवाई न होने पर कांग्रेस जन सड़क पर उतरेंगे। ब्लॉक कार्यालय का भी घेराव किया जाएगा।

इस अवसर पर कांग्रेस के संजय उर्फ गुड्डू, मुनफैत अली, वहीद, सत्तार, फतेह सिंह, सचिन पंडित, वैभव सैनी,मोहित त्यागी, सुधीर चौधरी, कल्लू आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## ईंट भट्टे पर काम करने वाले दो मुंशियों को जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**पिरान कलियर।** इमलीखेड़ा चौकी क्षेत्र में स्थित एक ईंट भट्ठे पर कार्यरत दो मुंशियों को डाक के माध्यम से जान से मारने की धमकी भरा पत्र मिला है। धमकी भरे पत्र मिलने के बाद पीड़ितों में दहशत है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पिरान कलियर क्षेत्र के बेडपुर चौक के पास स्थित ईंट भट्ठे पर कार्यरत मुंशी रविंद्र और अनिल कुमार को डाक के जरिये अलग-अलग पत्र प्राप्त हुए। पत्रों में उन्हें तुरंत भट्ठे का काम छोड़ने की चेतावनी दी गई है। पत्र में काम न छोड़ने की स्थिति में गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई जिससे पीड़ित और उनके परिजन भयभीत हैं। धमकी भरे पत्र मिलने के बाद दोनों मुंशियों ने मामले को गंभीर बताते हुए पुलिस से सुरक्षा और दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस घटना के बाद से परिवार के लोग भी सहमे हुए हैं।इस संबंध में थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पत्र भेजने वालों की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

## यातायात सुरक्षा सप्ताह के तहत छात्रों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठरदेवाहूण के प्रांगण मे यातायात सुरक्षा सप्ताह एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला के दौरान यातायात निरीक्षक (मंगलौर) जगदीश दत्ता ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा के बारे में गहन जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने बताया यातायात के दौरान गाड़ी के कागज, हेलमेट, बेल्ट एवं वाहन की फिटनेस बहुत जरूरी है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रपाल एवं कार्यक्रम प्रभारी एसके राठौर ने यातायात निरीक्षक जगदीश दत्ता पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। कार्यशाला के दौरान रविंद्र पाल सिंह , विपुल सालार, दिनेश सिंह, प्रताप नारायण, मुकेश बगवाड़ी, जितेंद्र पवार, संदीप वर्मा, बीना देवी, अरुणा राठी आलोक द्विवेदी, अनीता देवी, उस्मान एवं राकेश शर्मा आदि ने उपस्थित होकर सहयोग दिया।




## डंपर की चपेट में आकर दो बाइक सवार गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम लाठर देवा के पास गुरुवार देर शाम डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए ।एक युवक को अधिक चोट लगने से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। ग्राम भरतपुर निवासी अमित कुमार व संजय एक बाइक से झबरेड़ा से होते हुए मंगलौर जा रहे थे। जैसे ही वह ग्राम लाठरदेवा के पास पहुंचे पीछे से आ रहे हैं डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार दोनों सड़क पर गिर गए तथा घायल हो गए। वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा घायलों को डॉक्टर के यहां ले जाया गया तथा परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलने के कुछ देर बाद परिजनों के आने पर संजय को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

## युवक ने सब्जी विक्रेता पर किया हमला, नकदी छीनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अवैध हथियारों के साथ रील बनाने वाले एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर सब्जी विक्रेता पर हमला कर दिया। उससे नकदी लूट ली। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पाडली गुर्जर निवासी वसीम रेलवे रोड पर गंगनहर कोतवाली से आगे सब्जी की रेहड़ी लगाता है। तेलीवाला गांव निवासी एक युवक से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। आरोप है कि उक्त युवक अवैध हथियारों के साथ अपने साथियों के साथ सोशल मीडिया पर रील बनाकर वीडियो अपलोड करता रहता है। बुधवार शाम आरोपी अपने छह साथियों के साथ सब्जी विक्रेता की ठेली पर पहुंचा और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी व उसके साथियों ने वसीम पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि हमलावर जाते समय 20 हजार रुपये की नकदी भी छीन ले गए। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस का कहना है कि आरोपी के सोशल मीडिया वीडियो सामने आए हैं। इनके आधार पर उसकी तलाश की जा रही है। मामले की गंभीरता से जांच जारी है।

## त्यागी समाज जल्द बनाएगा तीन मंजिला भवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** त्यागी समाज चौरिटेबल ट्रस्ट, रुड़की द्वारा समाज के लिए एक भव्य तीन मंजिला भवन के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य के शुरू होने से पूर्व रविवार को ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा प्रस्तावित भवन की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण से संबंधित सभी पहलुओं पर चर्चा की गई।

ट्रस्ट के अध्यक्ष नवीन त्यागी ने बताया कि समाज की यह वर्षों पुरानी मांग और सपना रहा है कि समाज का अपना एक स्थायी भवन हो, जहां सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि यह सपना अब साकार होने जा रहा है। आगामी 1 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे आसफ नगर, दिल्ली रोड, नहर पटरी स्थित भूमि पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। इस अवसर पर उत्तराखंड के साथ-साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा से समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित लोगों को आमंत्रित किया गया है। ट्रस्ट के महासचिव विकास त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त भूमि समाज द्वारा लगभग तीन वर्ष पूर्व समाज के सभी वरिष्ठजनों के सहयोग से क्रय



की गई थी। अब इस भूमि पर समाज के उपयोग हेतु तीन मंजिला भवन का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भवन की पहली और दूसरी मंजिल पर भव्य हॉल बनाए जाएंगे, जबकि तीसरी मंजिल पर आवासीय कमरे निर्मित किए जाएंगे। यह भवन समाज के लोगों को उनके घरों में होने वाले शुभ एवं मांगलिक अवसरों पर उपलब्ध कराया जाएगा। लगभग 35 स्क्वायर फीट क्षेत्रफल में बनने वाले इस भवन का निर्माण कार्य करीब एक वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर त्यागी समाज रुड़की के अध्यक्ष अनिरुद्ध त्यागी,राजबीर त्यागी एडवोकेट, अनिल त्यागी, विनोद त्यागी, मुनेश त्यागी, बृजेश त्यागी एडवोकेट, नरोत्तम त्यागी, अश्वनी त्यागी, नंदकिशोर त्यागी, शिवकुमार त्यागी, श्यामवीर त्यागी, आदित्य त्यागी सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नाबालिग के वाहन चलाने पर चालान पिता को जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी के द्वारा उप निरीक्षक आनंद मेहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर वारण्टीयो की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा यायालय से प्राप्त गैर वारण्ट की तामील कर 01 वारण्टी को दबिश देकर इसके मसकन सती मौहला रुड़की से गिरफ्तार किया गया। वारंटी तस्लीम खान के नाबालिक पुत्र द्वारा वाहन चलाए जा रहा था जिसका का चालान अंतर्गत धारा1 81/39/ 191/ 146/96/129/207 मोटर वाहन अधिनियम में किया गया था न्यायालय द्वारा नाबालिग के पिता तस्लीम खान का गैर जमानती वारंट जारी किया गया वारंटी तस्लीम खान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। 'नाम पता वारंटी'1. तस्लीम खघन पुत्र दीवान अमीन खान निवासी मकान नंबर 140 सती मोहल्ला निकट मदीना मस्जिद रुड़की कोतवाली रुड़की। पुलिस टीम में उप निरीक्षक उप निरीक्षक आनंद मेहरा, कांस्टेबल सुरेश तोमर, कांस्टेबल जितेंद्र ध्यानी शामिल रहे।

### मनरेगा बचाव को लेकर कांग्रेस लगातार मुखर

## लादपुर कला में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के लादपुर कला में मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेसियों के द्वारा एक मीटिंग का आयोजन कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह के नेतृत्व में किया गया है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने कहा कि जिस तरह से भाजपा सरकार नाम बदलने पर लगी हुई है विकास के बारे में कुछ भी नहीं किया जा रहा है उन्होंने कहा भाजपा सरकार के द्वारा गरीब आदमी के हक पर भी हथोड़ा चलाने की तैयारी की जा रही है उन्होंने कहा मनरेगा का नाम बदलकर खत्म करने की तैयारी कर रही है जो गरीब आदमी के ऊपर करारा प्रहार है गुफरान अंसारी ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस अब भाजपा की रीति नीति को समझ गई है यह गरीबी खत्म नहीं कर रही गरीबों को खत्म कर रही है जो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे मुकेश सैनी ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि हम सरकार से दो दो हाथ करने को तैयार है क्योंकि सरकार नाम बदलने के सिवाय और लोगों को गुमराह करने की शिवाय कोई काम नहीं किया जा रहा है जैसे मनरेगा का नाम बदलकर मनरेगा योजना को खत्म करने की तैयारी कर रहे हैं जो कांग्रेस बर्दाश्त



नहीं करेगी युवा नेता मुकीम अहमद ने कहा कि जिस तरह से मनरेगा को बदलने की तैयारी सरकार कर रही है यह बहुत ही गलत है गरीबों के हक पर कुठारा घाट है उन्होंने कहा हम पहले भी कांग्रेसी थे और आज भी कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हुए हैं।

## खडंजा कुतुबपुर में सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में उप जिलाधिकारी लक्सर सौरभ असवाल की अध्यक्षता में विकास खंड लक्सर के न्याय पंचायत मुंडाखेड़ा कलां के पंचायत घर खंडजा कुतुबपुर में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनों से 1249 क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से 1450 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। इस शिविर में 3860 लोगों द्वारा किया गया प्रतिभाग।

आयोजित शिविर ने क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 66 समस्याएं दर्ज कराई गई,जिसमें 61 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया,शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति ने कहा कि पूरे प्रदेश की हर विकास खंड में जन-जन की सरकार जन-जन के बहुद्देशीय शिविर आयोजित किए जा रहे है इन शिविरों में आमजन की समस्याओं का निराकरण उन्हीं के द्वार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से ही इस शिविर के माध्यम से दूर दराज की जनता को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिला रहा है। उप जिलाधिकारी लक्सर सौरभ असवाल ने संबंधित अधिकारियों



को कहा कि जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे। सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका एवं कैलेंडर का भी आमजन मानस को वितरण किया गया। शिविर में पूर्व विधायक संजय गुप्ता,खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट सहित समस्त ग्राम प्रधानगण, पंचायत सदस्यगण,अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय


शनिवार, 31 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सराहनीय फैसला

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने गरीब, लाचार बच्चियों को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। जिसमें उसने सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सेनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। साथ ही यह भी कहा कि लड़कियों के लिए अलग वॉशरूम बनाने होंगे, जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे उनकी मान्यता रद्द की जाएगी। कोर्ट ने सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को यह भी निर्देश दिया कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएंगे। असल में सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी, याचिका में लड़कियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई गई थी। याचिका में यह भी कहा गया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों के कारण कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर पैसे खर्च करने के लिए नहीं होते। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए यह सुविधा नहीं है इसलिए उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोसल की सुविधा भी नहीं होती, इसलिए भी लड़कियां स्कूल नहीं जा पातीं। याचिका में मांग की गई थी कि मेन्स्ट्रुअल हाईजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए। कोर्ट का फैसला बताता है कि जया ठाकुर ने जिन बिन्दुओं को अपनी याचिका में उठाया, कोर्ट ने उन सभी को सही माना। कोर्ट ने कहा भी अगर स्कूलों में गर्ल्स के लिए अलग से टॉयलेट नहीं है तो यह संविधान 14 का उल्लंघन है। कोर्ट ने यह भी माना कि लड़कियों को सेनेटरी पैड नहीं मिलते, तो वह लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई व गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं। कोर्ट के अनुसार मासिक धर्म के दौरान सम्माजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 का हिस्सा है। हालांकि कोर्ट ने स्कूलों की मजबूरी की तरफ भी ध्यान दिया। कोर्ट ने कहा कि यह आद.ेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े नहीं है, यह आदेश उन क्लासरूम के लिए भी जहां लड़कियां मदद को झिझकती हैं और यह उन टीचर्स के लिए भी है जो मदद करना चाहते हैं लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कुछ नहीं कर पाते हैं। उन्होंने माता-पिता के लिए भी जो लड़कियों की चुप्पी को नहीं समझ पाते। कोर्ट ने यह टिप्पणी भी की कि यह फैसला समाज के लिए भी है ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। बात सही भी है, देखने में यह बात बेहद मामूली सी लगती है विशेषकर संपन्न वर्ग के लिए। लेकिन अगर हम भारतीय समाज की गहराई में जाएं तो अभी भी गरीबी बहुत गहराई तक समाज में बनी हुई है। ऐसी लड़कियों की कमी नहीं है, जो सैनेटरी पैड खरीदने में सक्षम नहीं हैं और शर्म के चलते किसी से कह भी नहीं सकती। जाहिर है, वह स्कूल जाने से भी कतराती हैं। जिससे पढ़ाई व अन्य गतिविधियां प्रभावित होती है। ऐसे में कोर्ट का फैसला सराहनीय है।


## सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता



योगी सरकार को गोमाता की रक्षा के लिए अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए 40 दिनों का समय दिया जा रहा है, यदि इस अवधि में गोमाता को राज्यमाता का दर्जा नहीं दिया गया और गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो परिणाम गंभीर होंगे, जो सरकार गोवंश की रक्षा नहीं कर सकती, उसे हिंदू कहलाने का कोई अधिकार नहीं है, विशेष रूप से उस योगी को, तो बिल्कुल नहीं, जो गुरु गोरक्षनाथ की पवित्र गद्दी का महंत होने का दावा करता है, हमसे योगी ने हमारा प्रमाण-पत्र मांग लिया था, हमने सहज भाव से दे दिया, क्योंकि सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता, अब समय आपके हिंदू होने का प्रमाण देने का है, हिंदू होना भाषणों या भगवा तक सीमित नहीं है, इसकी कसौटी गो-सेवा और धर्म-रक्षा है।

**-स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य, ज्योतिषपीठ**

# क्या उप्र के मुसलमान एआईएमआईएम के राजनीतिक नारों का समर्थन करेंगे





**एम हसन**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश में एक बार फिर गरमागरम राजनीतिक चर्चा में है, जहां 2027 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सोशल मीडिया और खासकर यूट्यूबर उत्तर प्रदेश में एआईएमआईएम की संभावनाओं पर गरमागरम बहस छेड़ने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी नवंबर 2025 में बिहार की पांच विधानसभा सीटों और महाराष्ट्र की हाल ही में संपन्न 29 नगर निग.मों में 125 पार्षद सीटों पर पार्टी की जीत के बाद काफी उत्साहित हैं। उत्तर प्रदेश के लिए एआईएमआईएम की योजना पर हाल ही में समा.जवादी पार्टी के सांसदों के सम्मेलन में चर्चा हुई, जिसकी अध्यक्षता पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने की। कुछ मुस्लिम सांसदों का मानना था कि एआईएमआईएम के राज्य में संभावित प्रभाव का मुकाबला करने के लिए एक कार्य योजना की आवश्यकता है, जो 2027 के चुनावों में हानिकारक साबित हो सकता है। ष्एसपी को देख लेंगेष के मूड में चल रहे ओवैसी ने मुस्लिम समुदाय को भावनात्मक रूप से एकजुट करने का सहारा लिया है। विशेष रूप से ष्धार्मिक अवसरों के लिए बनाए गए नारों के बीच, एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश में अपना आधार बढ़ाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है। मुंबई नगर निगम चुनावों के दौरान एआईएमआईएम द्वारा लगाए गए ये नारे सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं और एक जवाबी कहानी पेश कर रहे हैं। मुंबई में विजय जुलूस के दौरान एआईएमआईएम की विजेता सहर शेख, उनके पिता यूसुफ शेख और अन्य लोगों द्वारा लगाए गए धार्मिक नारे उत्तर प्रदेश में चर्चा का विषय बन गए हैं। इसने उत्तर प्रदेश में गैर-भाजपा विपक्ष को भी चेतावनी दी है। मीडिया में मुस्लिम वोटों को बांटने के लिए खूब प्रचार किया जा रहा है, वहीं मुस्लिम समुदाय चुपचाप घटनाक्रम देख रहा है। यह कहना मुश्किल है कि मुस्लिम समुदाय एआईएमआईएम के मुस्लिम समर्थक बयानों से प्रभावित होगा या गैर-भाजपा विपक्षी दलों के साथ ही रहेगा। हालांकि, ओवैसी को इंडिया ब्लॉक या बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) में जगह मिलने की संभावना कम ही लगती है, क्योंकि ए पार्टियां अन्य मतदाताओं पर भी निर्भर करती हैं। खबरों के मुताबिक, दोनों ही दल एआईएमआईएम से किसी भी तरह का संबंध रखने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि इससे उल्टा असर पड़ सकता है और अन्य वर्ग उनसे दूर हो सकते हैं। बीएसपी प्रमुख मायावती पहले ही उत्तर प्रदेश चुनाव में अकेले लड़ने की घोषणा कर चुकी हैं। एसपी के पीडीए संगठन में मुस्लिम हैं, वहीं बीएसपी उन्हें वापस अपने पाले में लाने के प्रयास कर रही है। महाराष्ट्र में 2869 पार्षदों के मुकाबले 125 सीटों पर एआईएमआईएम की नगर निगम चुनाव जीत महत्वहीन है और इसकी तुलना उत्तर प्रदेश के विशाल विधानसभा क्षेत्रों से नहीं की जा सकती, जबकि बिहार में एआईएमआईएम का वोट प्रतिशत 1.85 था।

दरअसल, बिहार में मुसलमानों की राजनी.तिक स्थिति उत्तर प्रदेश से अलग है। पिछले दो दशकों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सत्ता में रहने और समुदाय को संरक्षण प्रदान करने के कारण, समुदाय एआईएमआईएम की व्यवहार्यता को परखने और कुछ सीटें देने का जोखिम उठा सकता था, लेकिन उत्तर प्रदेश की स्थिति बिल्कुल अलग है। मुसलमान नीतीश कुमार की जनता दल (यू) को भी वोट देते रहे हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश में समुदाय एआईएमआईएम का समर्थन करने में काफी सतर्क रहा है। हालांकि एआईएमआईएम को लेकर सपा नेताओं में चिंता है, फिर भी नेतृत्व को पूरा भरोसा है कि मुस्लिम समुदाय में पार्टी को अभी भी व्यापक समर्थन प्राप्त है। पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने कहा कि मुस्लिम समुदाय पूरी तरह से सपा के साथ है। नेतृत्व ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोगों को लामबंद करने के लिए पार्टी की कैराना सांसद इकरा हसन को भी तैनात किया है। सौम्य और विनम्र स्वभाव वाली इकरा हसन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में काफी लोकप्रिय हैं। यह वही क्षेत्र है जहां एआईएमआईएम सपा के वोट बैंक में सेंध लगाने के प्रयास कर रही है।

बसपा ने भी मुस्लिम समुदाय तक पहुंचने के लिए मुस्लिम भाईचारा समिति सम्मेलन शुरू किए हैं। पार्टी के युवा चेहरे आकाश आनंद (मायावती के भतीजे) अगले महीने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अभियान शुरू करने वाले हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के बीच एक व्यापक गठबंधन बना था, जिसमें कुछ छोटे दल भी शामिल थे। हालांकि, कांग्रेस केवल दो सीटें ही जीत सकी और आरएलडी ने आठ सीटें (2.9 प्रतिशत वोट) जीतने के बाद भाजपा में शामिल हो गई। सपा ने लगभग 33 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए 111 सीटें जीतीं। वहीं एआईएमआईएम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। मुस्लिम समुदाय, जो सपा के प्रति पूरी तरह से समर्पित था, ने एआईएमआईएम को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया। एआईएमआईएम ने 103 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट जीतने में असफल रही और उसे केवल 0.49 प्रतिशत वोट मिले। उसे सबसे अधिक 36460 वोट (16.27 प्रतिशत) आजमगढ़ के मुबारकपुर से मिले, जहां से शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली चुनाव लड़ रहे थे। गुड्डू जमाली विधानसभा में बसपा के विपक्ष के नेता थे और चुनाव से पहले सपा में शामिल हो गए थे, लेकिन सपा का टिकट न मिलने पर वे एआईएमआईएम में शामिल हो गए। गुड्डू जमाली की व्यक्तिगत छवि ने एआईएमआईएम को भारी संख्या में वोट दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इसलिए एआईएमआईएम के सामने चुनौती कठिन है क्योंकि उसे शक्तिशाली सपा के सामने मुसलमानों को अपनी व्यवहार्यता का आश्वासन देना होगा, जिसका वर्तमान में समुदाय पर अण्डाकार नियंत्रण है। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान की लंबी कैद और रामपुर में उनकी उच्च शिक्षा योजना को हुए नुकसान ने समुदाय के लिए काफी भावनात्मक प्रभाव डाला है। इसलिए, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एआईएमआईएम, चाहे गठबंधन में हो या अकेले, मुस्लिम वोटों को विभाजित करने में सक्षम होगी, जिससे उत्तर प्रदेश में 2027 के चुनावी मुकाबले की ओर बढ़ते हुए हिंदुत्व समर्थक ताकतों को मजबूत करने में मदद मिल सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बैक्टीरिया के घर से कम नहीं है स्मार्टफोन

**विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में हफ्ते में कम से कम एक बार फोन की सफाई की जानी चाहिए। यदि आप फोन को अस्पताल, सार्वजनिक परिवहन या जिम जैसे जोखिमपूर्ण स्थानों पर ले जाते हैं, तो सफाई की आवृत्ति बढ़ा देनी चाहिए। अगर आप स्वच्छता को लेकर गंभीर हैं, तो न सिर्फ अपने हाथों की बल्कि उन चीजों की भी सफाई करना जरूरी है जिन्हें आप रोजाना सबसे ज्यादा छूते हैं। गलत तरीके से सफाई करने पर आपका फोन धीरे-धीरे खराब हो सकता है। लेकिन इसे सही तरीके से साफ करना आसान, किफायती है और इसमें ज्यादा समय भी नहीं लगता।**

हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं, लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं।

**आपका मोबाइल फोन**

विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं। ऐसे में इन पर तरह-तरह के कीटाणु जमा हो सकते हैं।

**फोन पर जमा हो सकते हैं सैकड़ों प्रकार के सूक्ष्मजीव**


अध्ययनों में पाया गया है कि जब मोबाइल फोन की सतहों से नमूने लेकर जांच की जाती है, तो उनमें सैकड़ों प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। हालांकि, सभी सूक्ष्मजीव बीमारियां नहीं फैलाते, लेकिन संक्रमण का खतरा बना रहता है। लोग बाथरूम में फोन का इस्तेमाल करते हैं और उससे स्वयं बातचीत करते हैं या दूसरों के साथ साझा करते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।

**गलत सफाई से फोन को हो सकता है नुकसान**

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि फोन की सफाई के लिए यदि गलत उत्पादों या औजारों का इस्तेमाल किया गया, तो इससे उसके वाटरप्रूफ सील, टच सेंसिटिविटी और सतही कोटिंग को नुकसान पहुंच सकता है। एप्पल और सैमसंग जैसी कंपनियां ब्लीच, हाइड्रोजन परॉक्साइड, सिरका, एयरोसोल स्प्रे, विंडो क्लीनर या 70 प्रतिशत से अधिक अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की सलाह नहीं देतीं, क्योंकि यह फोन की ओलेयोफोबिक कोटिंग को हटा सकते हैं। ओलेयोफोबिक कोटिंग एक बेहद पतली फिल्म होती है जो उंगलियों के निशान और धूल से स्क्रीन की रक्षा करती है। अल्कोहल, एसीटोन या अमोनिया आधारित क्लीन इस कोटिंग को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सिरका जैसे घरेलू उपाय भी एल्युमिनियम या प्लास्टिक को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जबकि ब्लीच और हाइड्रोजन परॉक्साइड जैसे रसायन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए अत्यधिक कठोर माने जाते हैं।

**कैसे करें फोन की सही सफाई**

फोन को प्रभावी और सुरक्षित तरीके से साफ करने के लिए कुछ सुझावों का पालन करें। सफाई से पहले फोन को चार्जर और कवर से अलग करें। सफाई के लिए 70 फीसदी आइसोप्रोपिल अल्कोहल वाले वाइप्स या माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करें। चार्जिंग पोर्ट, स्पीकर ग्रिल जैसे नाजुक हिस्सों की सफाई के लिए एंटी-स्टैटिक ब्रश (नायलॉन, हॉर्सहेयर या गोट हेयर) का उपयोग करें। सीधे फोन पर किसी भी प्रकार का तरल न छिड़कें।



इससे नमी फोन के अंदर जा सकती है और शॉर्ट सर्किट या जंग लगने का खतरा हो सकता है। टिशू पेपर या खुरदरे कपड़े का प्रयोग न करें, यह स्क्रैच छोड़ सकते हैं। एप्पल और सैमसंग दोनों ही कंपनियों ने कोविड-19 महामारी के दौरान साफ-सफाई के दिशानिर्देशों में कुछ संशोधन किए थे और 70 फीसदी अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की अनुमति दी थी, लेकिन हल्के हाथों से पोंछने की सलाह दी थी।

# उम्मीद पर दुनिया कायम: फिर से पनप सकते हैं रिश्ते

हर रिश्ता अपनी एक खास कहानी कहता है, कुछ मीठे पल, कुछ उलझनें, और कई बार वो सवाल जो मन में चुपचाप घर कर जाते हैं। चाहे प्यार नया हो या सालों पुराना, कुछ दुविधाएं ऐसी होती हैं जो लगभग हर जोड़े को छूती हैं। वजहें भले ही अलग हों, लेकिन परेशानियां अक्सर एक जैसी लगती हैं। इसी सोच के साथ हमने कुछ अनुभवी कपल्स थेरेपिस्ट से बातचीत की और जानने की कोशिश की, ऐसे कौन से जज्बात हैं, कौन-से सबक हैं, जिन्हें वो हर जोड़े को बार-बार समझाते हैं? क्या ऐसा कोई सच है जो वे चाहते हैं कि हर रिश्ता समय रहते समझ जाए?

**मतभेद तो होंगे ही, उन्हें संभालना आना चाहिए**

हर रिश्ते में टकराव आता है लेकिन बात यह नहीं कि मतभेद हैं या नहीं, असली बात यह है कि हम उन्हें कैसे संभालते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के फैमिली इंस्टिट्यूट से जुड़े मनोवैज्ञानिक डॉ. एंथनी चेम्बर्स मानते हैं कि एक खुशहाल रिश्ता वो नहीं होता जिसमें कभी झगड़ा न हो, बल्कि वो होता है जिसमें दोनों साथी झगड़े को समझदारी से हैंडल करना जानते हों। उनके मुताबिक, रिश्ते में मतभेद चाहे छोटे-छोटे रोज के झंझटों को लेकर हों या गहरी उम्मीदों और अलग सोच से जुड़े हों, उन्हें सुलझाने के लिए तीन चीजें जरूरी हैं- लचीलापन, जिज्ञासा, और विनम्रता।

डॉ. चेम्बर्स कहते हैं, अगर आप बातचीत में इस इरादे से जाते हैं कि आप ही सही हैं और आपका पार्टनर गलत, तो समाधान मुश्किल होगा, लेकिन अगर आप यह मानते हैं कि हम अपने मतभेदों को कई तरीकों से सुलझा सकते हैं, तो रिश्ता मजबूत बनता है। मतभेद तो हर किसी के होते हैं, लेकिन जो जोड़े उन्हें समझदारी से संभालते हैं, वहीं रिश्ते में सच्ची संतुष्टि पाते हैं।

**टूटने के बाद जुड़ना भी एक कला है**

हर झगड़े के बाद जो सबसे जरूरी चीज होती है, वो है वापसी यानी फिर से एक-दूसरे से जुड़ना। मिनेसोटा की सेक्स थेरेपिस्ट डॉ. लॉरेन फोगेल मर्सी के मुताबिक, रिश्ते की असली ताकत इस बात में होती है कि आप किसी मतभेद के बाद दोबारा कैसे जुड़ते हैं। मरम्मत कोई जादू नहीं, बल्कि एक सीखने लायक स्किल है। माफी कैसे मांगनी है, किस पल बात करनी है, कब चुप रहना है, यह सब समझदारी और अभ्यास से आता है।

हर इंसान की जुड़ने की भाषा अलग होती है। कोई गले लगने से शांत होता है, तो किसी को थोड़ा वक्त चाहिए होता है। कोई खुलकर बात करना पसंद करता है, तो कोई बस एक सॉरी सुनना चाहता है। रिश्ते में यही समझ जरूरी है कि हम सिर्फ बहस से नहीं, बल्कि बहस के बाद भी एक-दूसरे को समझने की कोशिश करें।

**सही-गलत से ज्यादा जरूरी है, क्या महसूस हो रहा है**

कई बार जब बहस होती है, तो हमें लगता है कि हमें अपनी बात साबित करनी है, लेकिन यही सोच हमें ऐसे मोड पर ला देती है जहां बातचीत की जगह बहस होने लगती है और बहस से दूरी। मनोवैज्ञानिक और लेखिका डॉ. एलेक्जेंड्रा सोलोमन कहती हैं, जब हम सिर्फ तथ्यों पर अटक जाते हैं, तो वो बातचीत नहीं रह जाती, वो मुकाबला बन जाती है, मैं बनाम तुम, लेकिन अगर हम रुककर यह सोचें कि सामने वाला क्या महसूस कर रहा है? क्यों वो उस हालात को हमसे अलग देख रहा है? तो वहीं से रिश्ते में गहराई आती है। जब आप भावना को समझते हैं, तो आप सुलह की ओर बढते हैं। रिश्ते में सही होने से कहीं ज्यादा जरूरी होता है साथ रहना।

**रिश्ते में बारी-बारी की अहमियत मत भूलिए**

बचपन में हमें सिखाया गया था, बारी-बारी से बोलो, खेलो, समझो, लेकिन बड़े होकर हम अक्सर यही भूल जाते हैं। थेरपिस्ट जूली मेनानो कहती हैं कि कई कपल्स बातचीत के दौरान एक-दूसरे को सुनने के बजाय एक-दूसरे पर बोलने लगते हैं। कोई नहीं सुन रहा, सब माइक थामे हुए हैं। रिश्ते में सच्चा संवाद तब होता है जब आप शांत होकर सुनें, समझें और जवाब दें, न कि सिर्फ अपनी बात कहें।

**बह जाना और तय करना, एक जैसा नहीं होता**

रिश्ते में बहुत कुछ बस होता चला जाता है। लेकिन क्या वो आपके फैसले थे? थेरपिस्ट गैलेना रोड्स कहती हैं कि जिंदगी में बहने की बजाय सोच-समझकर फैसले लेना रिश्ते को मजबूत बनाता है फिर चाहे वो सेक्स से जुडा हो या साथ रहने के तरीके से। जो जोडे इस फर्क को समझते हैं, वही अपने रिश्ते की दिशा खुद तय करते हैं।

**साथ खेलना सिर्फ बच्चों का काम नहीं है**

हंसी-मजाक, मस्ती, और खेल, यह रिश्ता निभाने के बॉन्डिंग टूल्स हैं। डॉ. स्टीफन मिशेल कहते हैं, खुश जोडे वो हैं जो मस्ती करना कभी नहीं छोड़ते। एक मजेदार मैसेज, कोई पुराना जोक, या अचानक की गई डेट प्लानिंग ,ए छोटी-छोटी चीजें रिश्तों में जान डाल देती हैं।



**ज्यादातर जवाब आपके अंदर ही होते हैं**

थेरपिस्ट जेफ गुएंथर कहते हैं, आप पहले से जानते हैं कि क्या ठीक है और क्या नहीं। आप किन बातों से बच रहे हैं, कहां समझौता कर रहे हैं, आप जानते हैं। सवाल बस इतना है कि क्या आप वो कदम उठाने को तैयार हैं? कभी खुद से पूछिए, अगर मेरा सबसे अच्छा दोस्त मेरी जगह होता, तो मैं क्या सलाह देता? जवाब शायद वहीं मिल जाए।

**आपका तनाव, आपके रिश्ते को भी तोड सकता है**

जब आप खुद तनाव में होते हैं, तो प्यार करना भी मुश्किल हो जाता है। थेरपिस्ट एल्ट्जबेथ अर्नशॉ कहती हैं कि अनजाना तनाव रिश्तों में चुपचाप घुसकर दूरी बढ़ा सकता है। अगर आप अपने तनाव को पहचानें, समझें और बेहतर तरीके से हैंडल करें, तो आप अपने पार्टनर के लिए एक बेहतर साथ बन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



**नई दिल्ली। 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत आयोजित विरोध रैली में भाग लेते कांग्रेस नेता जयराम रमेश, अजय माकन, पवन खेड़ा व अन्य।**

## अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर एफ-35ए लड़ाकू विमान तैनात किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के साथ बढ़े हाल के तनाव के बीच अपनी पांचवीं पीढ़ी के एफ-35ए लड़ाकू विमानों को यूरोप में तैनात करना शुरू कर दिया है। हालांकि, इन विमानों का अंतिम गंतव्य फिलहाल स्पष्ट नहीं है। द वॉर ज़ोन पोर्टल ने ओपन-सोर्स डेटा के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ये एफ-35ए लड़ाकू विमान पहले वेनेजुएला से जुड़े एक अमेरिकी ऑपरेशन के तहत प्यूर्टो रिको में तैनात थे और अब पुर्तगाल के लाजेस एयर बेस पर उतरे हैं। सोशल मीडिया पर उपलब्ध एक वीडियो में इन विमानों की लैंडिंग देखी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे पहले अमेरिकी एफ/ए-18जी लड़ाकू विमान भी स्पेन की ओर उड़ान भर चुके हैं।

## उम्मीद हैं अमेरिका कनाडा संप्रभुता का सम्मान करेगा: कार्नी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि वह उम्मीद करते हैं कि अमेरिका 'कनाडा की संप्रभुता का सम्मान' करेगा। यह बयान उन मीडिया रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग करने की वकालत करने वाले एक समूह से मुलाकात की है। कार्नी ने राज्य के प्रमुखों (प्रीमियर) के साथ बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उनसे अमेरिकी अधिकारियों और 'अल्बर्टा प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट' (एपीपी) के बीच हुई बैठकों के बारे में सवाल पूछा गया था। एपीपी वह समूह है, जो प्रांत की स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह के लिए दबाव बना रहा है। कार्नी ने कहा कि मैं अमेरिकी प्रशासन से कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने की उम्मीद करता हूं।

# ट्रम्प की धमकी की डेनमार्क पीएम को मिला फायदा

### अमेरिकी राष्ट्रपति को चैलेंज किया था, अब सर्वे में फेडरिकसन की पार्टी को 9 सीटों का फायदा

**वाशिंगटन।** ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर अमेरिका और डेनमार्क के बीच विवाद का फायदा डेनिश पीएम मेट फेडरिक्सन को मिला है। अमेरिकी वेबसाइट द पोलिटिको ने लिखा है कि फेडरिक्सन को राष्ट्रपति ट्रम्प को शुक्रिया कहना चाहिए, क्योंकि उन्होंने उन्हें गहराते राजनीतिक संकट से बाहर निकाल लिया है।

■ सबसे बड़ा झटका कोपेनहेगन में लगा, जहां पार्टी ने 100 साल में पहली बार सत्ता गंवा दी



फेडरिकसन की पार्टी के पापुलैरिटी में काफी उछाल आया है। सर्वे में सोशल डेमोक्रेट्स को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिख रही थीं। यानी एक ही महीने में पार्टी की स्थिति में करीब 9 सीटों का उछाल आया है। पिछले साल नवम्बर 2025 में सोशल डेमोक्रेट पार्टी लोकल चुनाव हार गई थी। सबसे बड़ा झटका कोपेनहगन में लगा, जहां पार्टी ने 100 साल में पहली बार सत्ता गंवा दी। स्थिति तब बदलनी शुरू हुई, जब ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को डेनमार्क से छीनकर अपने में मिलाने की धमकी दी। इसके जवाब में डेनमार्क की प्रधानमंत्री फेडरिक्सन ने खुलकर देश की संप्रभुता का बचाव किया। मेटे फेडरिक्सन जून 2019 से डेनमार्क की प्रधानमंत्री हैं। वे डेनमार्क की सबसे युवा प्रधानमंत्री भी हैं। डेनमार्क में संसद में कुल 179 सीटें हैं, इनमें से प्रधानमंत्री फेडरिक्सन की सोशल डेमोक्रेट्स के पास 50 सीटें हैं। सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट पार्टी इस समय देश में गठबंधन सरकार चला रही है। इस गठबंधन में दो सेंटर-राइट पार्टियां मार्डरेटर्स और वेनस्टर भी शामिल हैं। मेगाफान नाम की एक डेनिश कंसल्टेंसी के सर्वे में सोशल डेमोक्रेट पार्टी को 22.7 प्रतिशत वोट और संसद की 41 सीटें मिलीं। यह सर्वे 20 से 22 जनवरी के बीच किया गया। दिसम्बर में हुए सर्वे में फेडरिकसन की पार्टी को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिखाई गई थीं। ताजा सर्वे दिखाते हैं कि 41 सीटों के साथ भी वे संसद की सबसे बड़ी पार्टी बनी रहेंगी। इससे वे फिर से गठबंधन सरकार बनाने की बातचीत में सबसे मजबूत स्थिति में आ जाएंगी, हालांकि सत्ता में बने रहने के लिए उन्हें सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा। समर्थन में आई यह बढ़त इसलिए और भी खास मानी जा रही है, क्योंकि नवम्बर में हुए नगर निगम चुनावों में सोशल डेमोक्रेट्स को करारी हार मिली थी। इस चुनाव में पार्टी ने कोपेनहेगन गंवा दिया था, जो बेहद अहम सीट थी और जिसे पार्टी ने पिछले 100 सालों में कभी नहीं खोया था। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमसेन के नेतृत्व वाली माडरेट्स पार्टी ने इस सर्वे में अपना वोट शेयर लगभग तीन गुना कर लिया। पार्टी का वोट 2.2 प्रतिशत से बढ़कर 6.4 प्रतिशत हो गया। यह करीब 12 सीटों के बराबर है। वहीं एक और एजेंसी वाक्समीटर के सोमवार को जारी सर्वे में फेडरिकसन की कैबिनेट को 40.9 प्रतिशत समर्थन मिला, जो दो साल में सबसे ऊंचा स्तर है।

## संक्षिप्त समाचार

### ढाका-कराची सीधी हवाई सेवा शुरू

**ढाका।** बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस ने गुरुवार को ढाका-कराची-ढाका मार्ग पर सीधी उड़ान सेवा शुरू की। उद्घाटन उड़ान बीजी-341 गुरुवार रात 8 बजे ढाका से रवाना हुई। अगस्त 2024 में प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद से बंगलादेश और पाकिस्तान के बीच संबंधों में नजदीकी देखी जा रही है। दोनों देशों के बीच सैन्य प्रतिनिधिमंडलों सहित विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधिमंडलों का लगातार आदान-प्रदान हो रहा है। बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस द्वारा कराची के लिए सीधी उड़ान की शुरुआत को दोनों देशों को और करीब लाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नजर

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार एशिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नज़र रख रही है। बटलर ने नाइन नेटवर्क टेलीविजन को बताया कि ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस का अब तक कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन अधिकारी दिसम्बर में भारत में शुरू हुए इस प्रकोप से उत्पन्न खतरे को गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने इस प्रकोप को नियंत्रित कर लिया है, लेकिन फिर भी हम इस पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहे हैं, क्योंकि यह एक बहुत ही गंभीर वायरस है।

### काबुल में अफगान का पहला कैंसर केंद्र खुला

**अफगानिस्तान।** अफगान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि काबुल में अफगानिस्तान का पहला विशेष कैंसर केंद्र खुल गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय कैंसर निंदान एवं उपचार अस्पताल के रूप में आधिकारिक तौर पर नामित इस नए चिकित्सा केंद्र ने परिचालन शुरू कर दिया है और यह देश भर के कैंसर रोगियों को निंदान और विशेष देखभाल प्रदान करेगा।

# ट्रम्प की धमकी पर ईरान का अल्टीमेटम

### बोला: हमारे 1000 ड्रोन तैयार, जमीन और समुद्र से हमला करने में सक्षम, ईरान की तरफ बढ़ रहे अमेरिकी युद्धपोत

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका की सैन्य धमकी के बीच ईरान ने अपनी ताकत को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी सेना का कहना है कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर और कड़े हमलों की चेतावनी दे चुके हैं। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिकी युद्धपोत ईरान की तरफ बढ़ रहे हैं।

ईरानी सेना का दावा है कि अगर अमेरिका हमला करता है, तो ड्रोन और मिसाइलों का यह नेटवर्क देश की रक्षा में अहम भूमिका निभा सकता है। पिछले साल जून में अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले किए थे। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा कि पिछले साल जून में हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद ईरान ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है। इसके तहत बड़ी संख्या में ड्रोन तैयार किए गए हैं। हातामी के मुताबिक, ये ड्रोन जमीन और समुद्र दोनों जगहों से आपरेट किए जा सकते हैं।

इसके अलावा ईरान के पास पहले से ही बड़ी संख्या में बैलिस्टिक मिसाइलें मौजूद हैं। ईरान ने संकेत दिए हैं कि वह जून, 2025 की तरह कतर के अमेरिकी ठिकानों और इजरायल पर मिसाइलें और ड्रोन दाग सकता है। पिछले साल जून में ईरान ने कतर स्थित अमेरिकी सेना के बेस पर मिसाइल हमले किए थे। हालांकि अमेरिकी सेना ने इन हमलों को नाकाम करने की बात कही थी। यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। यह फैसला विरोध प्रदर्शनों पर ईरानी सरकार की हिंसक कार्रवाई के चलते लिया गया है। रिवोल्यूशनरी गार्ड के शीर्ष कमांडरों समेत 15 अधिकारियों और 6 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। इनमें आनलाइन कंटेंट की निगरानी करने वाली संस्थाएं भी हैं। यूरोप में इनकी संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उनकी यात्रा पर रोक लगेगी। ईयू की राजनयिक काजा कलास ने कहा कि दमन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आईआरजीसी को अब अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठनों के बराबर माना जाएगा। आस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका पहले ही आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित कर चुके हैं। हालांकि ब्रिटेन ने अब तक इसे अपनी आतंकी सूची में शामिल नहीं किया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईयू के इस फैसले को 'दिखावटी कदम' और 'बड़ी रणनीतिक गलती' बताया है। उनका कहना है कि यूरोप हालात संभालने के बजाय तनाव बढ़ा रहा है। आईआरजीसी ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य ताकत मानी जाती है। इसकी स्थापना 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद हुई थी। इसके पास करीब 1.90 लाख सक्रिय सैनिक हैं। आईआरजीसी की कमान सीधे सुप्रीम लीडर खामेनेई के हाथ में होती है। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी और मजबूत करते हुए अरब सागर और लाल सागर में विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन, यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट और कई मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत तैनात किए हैं। साथ ही कतर, बहरीन, सऊदी अरब, इराक और जार्डन के सैन्य अड्डों से वायुसेना की सक्रियता बढ़ी है। अमेरिका अब ईरान के परमाणु ठिकानों, सैन्य अड्डों व कमांड सेंटरों पर समुद्र और आसमान दोनों से हमले की स्थिति में आ गया है। ट्रम्प ने 28 जनवरी को ईरान से परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने को कहा था और चेतावनी दी थी कि अगला हमला पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक होगा। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कहा है कि सेना राष्ट्रपति के किसी भी सैन्य आदेश के लिए तैयार है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शुक्रवार को इस्तांबुल पहुंचे। उन्होंने यहां तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान से मुलाकात की है। इस यात्रा का मकसद अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर बातचीत करना है तुर्की तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता की पेशकश कर रहा है।



■ पिछले साल जून में हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद ईरान ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है: जनरल अमीर हातामी

## आईआरजीसी को आतंकवादी संस्था घोषित करने का फैसला अनुचित: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में ईयू के विदेश मंत्रियों के इस फैसले को अवैध, अनुचित और पाखंडपूर्ण बताते हुए इसे ईरान के खिलाफ कार्रवाई करार दिया। बयान में कहा गया है कि आईआरजीसी ईरान के आधिकारिक सशस्त्र बलों का अभिन्न हिस्सा है। देश के संविधान के तहत ईरान की संप्रभुता और सुरक्षा बनाए रखने, क्षेत्रीय स्थिरता की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में इसकी भूमिका बेजोड़ और सम्मानजनक रही है। इसने उस आईएसआईएस आतंकवाद का भी मुकाबला किया है, जो कुछ यूरोपीय देशों और अमेरिका की साजिशों का नतीजा था। मंत्रालय ने कहा कि किसी औपचारिक सरकारी संस्था पर 'आतंकवादी' होने का ठप्पा लगाना एक खतरनाक परंपरा है।

## अमेरिका ने क्यूबा को तेल निर्यात करने वाले देशों पर कसा शिकंजा

■ ट्रम्प ने अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा पर अतिरिक्त दबाव डालने के उद्देश्य से इस द्वीपीय देश को तेल निर्यात करने वाले देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिआवश्यक कदम बताते हुए गुरुवार को यह कदम उठाया है, जिसके तहत उन सभी देशों से अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो क्यूबा को तेल की आपूर्ति करते हैं।

इस आदेश के पीछे तर्क दिया गया है कि क्यूबा अमेरिका के प्रति शत्रुता का रुख रखने वाले रूस, चीन और ईरान जैसे देशों से संबंध रखता है। इसके साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि क्यूबा अमेरिका द्वारा देश के लिए 'घातक' चिन्हित किए गए हिज़्बुल्लाह और हमास जैसे समूहों को भी पनाह देता है। इसके अतिरिक्त तर्क दिया गया है कि क्यूबा सरकार आधारभूत मानवाधिकारों की अवहेलना करती है। इन सभी आरोपों के आधार पर अमेरिका ने क्यूबा के खिलाफ 'राष्ट्रीय आपात' की घोषणा कर दी है और इसके सहयोगी देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। ट्रम्प से गुरुवार को जब एक पत्रकार ने पूछा कि क्या वह क्यूबा का 'दम घोंटने' की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि दम घोंटना एक बहुत ही कड़ा शब्द है। मैं ऐसी कोशिश नहीं कर रहा हूं, लेकिन ऐसा लगता है कि यह देश अब टिक नहीं पाएगा।

दूसरी ओर, क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज ने ट्रम्प के इस कार्यकारी आदेश की निंदा करते हुए इसे 'क्यूबा और उसके लोगों के खिलाफ एक क्रूर कृत्य' बताया। उन्होंने कहा कि वहां के लोगों पर अब अत्यंत कठिन परिस्थितियों में रहने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह दूसरे देशों को क्यूबा के खिलाफ अपनी नाकाबंदी नीति में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहा है। क्यूबा के उप विदेश मंत्री कार्लोस एफ. डी कोसियो ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि अमेरिका दशकों के आर्थिक युद्ध की विफलता के बाद क्यूबा की नाकाबंदी को और सख्त कर रहा है और संप्रभु राष्ट्रों को इस प्रतिबंध में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहा है।

## बांग्लादेश ने भारत से स्पेशल इकोनॉमिक जोन छीना

■ चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए जमीन दी, बांग्लादेश को 20 चीनी फाइटर जेट मिलेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश ने चटगांव में भारत को दी गई सेज (स्पेशल इकोनामिक जोन) का जमीन आवंटन रद्द कर दिया गया है। यूनुस सरकार ने यह जमीन चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए दे दी है।

लगभग 850 एकड़ में फैली इस जमीन में इस साल के अंत तक प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। चीन ड्रोन टेक्नोलाजी ट्रांसफर करने को भी राजी हो गया है। यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल लिफ्ट वाले ड्रोन बनेंगे। चटगांव प्लांट भारतीय सीमा से 100 किमी दूर है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत-पाकिस्तान के बाद ड्रोन बनाने वाला तीसरा देश बन जाएगा। दूसरी ओर चीन ने बीते साल बांग्लादेश को 20 जे-10सीई फाइटर जेट देने की डील भी की थी। ये सप्लाई भी इस साल के अंत से शुरू हो जाएगी। चीन ने बांग्लादेश को पेमेंट में भी बड़ी मोहलत दी है। भारत और बांग्लादेश के बीच 2015 में एक समझौता हुआ था। पीएम मोदी की ढाका यात्रा के दौरान शेख हसीना के साथ संयुक्त घोषणा में भारत के निवेशकों के लिए एक इंडियन इकोनामिक जोन (आईईजेड) स्थापित करने का फैसला लिया गया। यह गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट (जी-2जी) फ्रेमवर्क पर था, जिसमें भारतीय निवेशकों को प्राथमिकता मिलती और भारत की लाइन आफ क्रेडिट (एलओसी) से फंडिंग होती।

## न्यूजीलैंड ने शांति बोर्ड में शामिल होने के ट्रम्प के प्रस्ताव को ठुकराया

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। आरएनजेड रेडियो स्टेशन ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने बोर्ड के 'वर्तमान स्वरूप' में शामिल न होने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विस्टन पीटर्स ने एक अलग बयान में कहा कि चूंकि कई देश पहले ही इस पहल में शामिल हो चुके हैं, इसलिए 'न्यूजीलैंड इसमें कोई खास योगदान नहीं देगा।' 16 जनवरी को ट्रम्प ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की थी।

# चीन जा रहे पश्चिमी देशों के नेता

### दो महीने में 5 लीडर्स बीजिंग पहुंचे, ट्रम्प की नीतियों से बदल रहा ग्लोबल बैलेंस

**बीजिंग।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर बुधवार को 3 दिन के चीन दौरे पर पहुंचे। पिछले 2 महीने में 5 पश्चिमी देशों के नेता चीन जा चुके हैं। स्टार्मर से पहले फ्रांस, कनाडा, फिनलैंड और आयरलैंड के लीडर्स बीजिंग का दौरा कर चुके हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ की धमकियों ने पश्चिमी देशों को चीन के साथ रिश्ते सुधारने पर मजबूर कर दिया है।

यूनिवर्सिटी आफ सिडनी के अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और अमेरिकी इतिहास के एक्सपर्ट डा स्टुअर्ट रोलोका ने कहा कि ट्रम्प की आक्रमक नीतियों की वजह से ग्लोबल बैलेंस शिफ्ट हो रहा है। द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प के नाटो पर सवाल उठाने, ग्रीनलैंड पर कब्जे की मांग और गठबंधन की अनदेखी रवैये ने यूरोपीय सहयोगियों में विश्वास की कमी पैदा की है। इसमें सबसे बड़ा रोल ट्रम्प की टैरिफ धमकियों का है। यूरोप के टैक्स फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों पर औसतन 10 से 25 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है। इससे व्यापार में अनिश्चितता का खतरा बढ़ गया है। यूरोपीय देशों पर लगे 15 प्रतिशत टैरिफ का सीधे तौर पर फ्रांस और जर्मनी पर पड़ा है। टैरिफ ने इन देशों में वित्तीय संकट और आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ा दी है। ट्रम्प ने इस महीने यूरोप के 8 देशों को 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे का विरोध कर रहे थे। हालांकि ट्रम्प ने बाद में अपना फैसला वापस ले लिया। ट्रम्प ने 23 जनवरी को स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन के मंच से अपने पश्चिमी सहयोगियों के खिलाफ कई विवादित बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब उस ग्लोबल सिस्टम की लीडरशिप नहीं करेगा, जिसे उसने दूसरे विश्व युद्ध के बाद अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर बनाया था। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका अब यूरोपीय देशों को अपने बाजार और सैन्य सुरक्षा की सुविधा मुफ्त में नहीं देगा। उनका भाषण कभी आक्रामक, कभी नाराज और कभी खुद की तारीफ से भरा हुआ था। उन्होंने यूरोपीय सहयोगियों को ऐसे देश बताया जो अमेरिका का फायदा उठाते रहे हैं। ट्रम्प ने ये भी कहा कि वे अपने 'ट्रेड वार' को आगे बढ़ाएंगे और टैरिफ को अमेरिकी बाजार में आने की कीमत बताया। अपने भाषण में ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया को संभाले हुए है।



■ इसमें सबसे बड़ा रोल ट्रम्प की टैरिफ धमकियों का है

# अमेरिका में सस्ती दवाओं के लिए वेबसाइट लॉन्च करेंगे ट्रम्प

### 800 प्रतिशत तक खर्च कम होगा, 16 कंपनियों से समझौता, बदले में 3 साल का टैरिफ छूट दी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन इस महीने 'ट्रम्प-आर' नाम की एक नई सरकारी वेबसाइट लॉन्च करने जा रहा है। इस प्लेटफार्म के जरिए मरीज दवा कंपनियों से सीधे कम दामों पर दवाएं खरीद सकेंगे। प्रशासन का दावा है कि इस पहल से अमेरिकी लोगों के दवा खर्च को 800 प्रतिशत तक कम किया जाएगा।

ट्रम्प प्रशासन ने पिछले साल सितंबर से अब तक 16 बड़ी दवा कंपनियों के साथ समझौते किए हैं। इन समझौतों को 'मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन)' डील्स कहा गया। बदले में दवा कंपनियों को 3 साल तक इम्पोर्टेड दवाओं पर टैरिफ से छूट मिलेगी। यह योजना चुनावी वादों और 'अमेरिका फर्स्ट' हेल्थ पालिसी से जुड़ी मानी जा रही है। ट्रम्प का कहना है कि दूसरे अमीर देश अमेरिका में बनी दवाइयां कम कीमत पर खरीदते हैं, जबकि अमेरिकियों को इसके लिए तीन गुना ज्यादा कीमत चुकाना पड़ता है। यह प्रोग्राम सुनिश्चित करेगा कि दवा कंपनियां उसी दाम पर दवा बेचे जो बाकी देशों में मिल रही है। अमेरिकी कंपनियां दवाओं के रिसर्च, टेस्टिंग, फैक्ट्री करोड़ों-खरबों रुपये खर्च करती है। दुनिया भर में यह दवा बेची जाती है। अमेरिका में यह दवा बहुत महंगी है, जबकि यूरोप, कनाडा, जापान जैसे अमीर देशों में वही दवा बहुत सस्ती मिलती है। दरअसल, उन देशों की सरकार कम कीमत पर दवा खरीदने की मांग करती है और ऐसा न करने पर डील रोकने का खतरा रहता है। बाजार खोने के डर से कंपनियां कम कीमत में दवाइयां मुहैया करवाती है। ट्रम्प का मानना है कि अमेरिकी लोगों के पैसे से ही नई दवाइयां बनती हैं। दूसरे देश कम पैसा देकर इसका फायदा उठाते हैं। ट्रम्प के मुताबिक वह अमेरिका की मेहनत पर श्फ्री राइडश करते हैं। इसलिए इस एमएफएन प्रोग्राम में फैसला किया गया है कि अब अमेरिका में भी दवा की कीमत सबसे कम होगी जो किसी अमीर देश में मिलती है। कंपनियों से कहा गया कि अमेरिका को भी वही सस्ती डील दो।



■ यह योजना चुनावी वादों और 'अमेरिका फर्स्ट' हेल्थ पालिसी से जुड़ी मानी जा रही है

## नियामी हवाई अड्डे पर हमला, जवाबी कार्रवाई में 20 हमलावर ढेर

**नियामी।** दक्षिण अफ्रीकी देश नाइजर के रक्षा-सुरक्षा बल (एफडीएस) ने राजधानी नियामी के डियोरी हमानी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को हुए हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में कम से कम 20 हमलावरों को मार गिराया और 11 अन्य को गिरफ्तार कर लिया। नाइजर के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सुरक्षा बलों ने हमलावरों के पास से भारी मात्रा में युद्ध सामग्री और उनके द्वारा इस्तेमाल की गई कई मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। मंत्रालय के अनुसार यह हमला बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात को हुआ, जब 'भाड़े के सैनिकों' (मर्सनरी) के एक समूह ने हवाई अड्डे के पास स्थित एयर बेस 101 को निशाना बनाया।



